@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
वीरवार, 22 अगस्त 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 286 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सरकार को बदनाम करने की साजिश, बाहरी थे प्रदर्शनकारी: सीएम शिंदे

मुंबई, 21 अगस्त। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को दावा किया कि ठाणे जिले के बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण को लेकर हुआ विरोध प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित था और इसका उद्देश्य राज्य सरकार को बदनाम करना था। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश प्रदर्शनकारी बाहरी थे। मीडिया से बात करते हुए सीएम शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि इस घटना पर राजनीति करने वालों को शर्म आनी चाहिए। बदलापुर शहर में मंगलवार को विशाल पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। दरअसल पिछले सप्ताह एक स्कूल में पुरुष परिचारक द्वारा दो बच्चों का यौन शोषण किया गया था। जैसे ही इसकी जानकारी लगी तो गुस्साए अभिभावकों, स्थानीय निवासियों और अन्य लोगों ने मंगलवार को रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ भी की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना रहा और इसके चलते बदलापुर में अफरा-तफरी के हालात रहे। अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि बदलापुर में विरोध प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित था, क्योंकि प्रदर्शनकारी स्थानीय निवासी नहीं थे। विरोध प्रदर्शन में शामिल स्थानीय निवासियों की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्री गिरीश महाजन ने प्रदर्शनकारियों की सभी मांगों पर सहमति जताई, लेकिन वे अभी भी नरम पड़ने को तैयार नहीं हैं। इसका मतलब है कि वे सरकार को बदनाम करना चाहते थे। सीएम ने कहा कि, कुछ प्रदर्शनकारियों ने लड़की बहन योजना का उल्लेख करते हुए तख्तियां ले रखी थीं, जो महिलाओं के लिए उनकी सरकार की प्रमुख वित्तीय सहायता योजना है। तख्तियों पर लिखा था कि उन्हें 1,500 रुपये की मासिक राशि नहीं चाहिए, बल्कि अपनी लड़कियों के लिए सुरक्षा चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने रेल मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिसके कारण बदलापुर से अंबरनाथ के बीच रेल सेवाएं 10 घंटे से अधिक समय तक स्थगित रहीं। शिंदे ने कहा, क्या कोई इस तरह विरोध करता है? इस योजना के कारण विपक्ष को जो पेट दर्द हो रहा है, वह कल के विरोध प्रदर्शन से स्पष्ट है।

# दलित, आदिवासी संगठनों का भारत बंद

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 21 अगस्त। दलित और आदिवासी संगठनों ने बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया है। यह बंद हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर बुलाया गया है। 'नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गेनाइजेशन्स' (एनएसीडीएओआर) ने मांगों की एक सूची भी जारी की है। इसमें सबसे अहम अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए न्याय और समानता की मांग हैं। संगठन हाल में सुप्रीम कोर्ट की सात न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए फैसले से सहमत नहीं है। संगठन ने मामले में विपरीत दृष्टिकोण अपनाया है। उनकी मानें तो यह ऐतिहासिक इंदिरा साहनी मामले में नौ न्यायाधीशों की पीठ केफैसले को कमजोर करता है, जिसने भारत में आरक्षण की रूपरेखा स्थापित की थी। एनएसीडीएओआर ने सरकार से अनुरोध किया है कि इस फैसले को खारिज किया जाए, क्योंकि यह अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा है। संगठन एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर संसद द्वारा एक नए कानून को पारित करने की भी मांग कर रहा है, जिसे संविधान की नौवीं सूची में समावेश के साथ संरक्षित किया जाए। अनुसूचित जाति और जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देशभर के विभिन्न संगठनों ने आज भारत बंद का आह्वान किया है। बिहार के सभी 38 जिलों में कहां बंद का कैसा असर है, यहां देखते रहें अपडेट... गया शहर में भी विभिन्न संगठनों ने जमकर प्रदर्शन किया. इस दौरान अपनी मांगों के समर्थन में लोगों ने जोरदार नारेबाजी की। हालांकि विधि व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करने वालों को देखते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ पुलिस बल भी साथ-साथ चल रहे थे। वहीं प्रदर्शन में शामिल राजद विधायक सतीश कुमार दास ने कहा कि कोर्ट के द्वारा आरक्षण का वर्गीकरण किया जा रहा है। यह कहीं से सही नहीं है। भारत बंद को लेकर विभिन्न संगठन के कार्यकर्ताओं ने रक्सौल-दरभंगा रेलखंड पर जमा



हो गए। इसके बाद घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर पंहुच गए। यहां बंद समर्थकों ने 05218 रक्सौल-दरभंगा सवारी गाड़ी को करीब 20 मिनट तक रोक कर प्रदर्शन किया। इस दौरान ट्रेन में सफर कर रहे यात्री काफी परेशान रहे। बाद में रेल प्रशासन व पुलिस के समझाने के बाद बंद समर्थक वहां से हटे और ट्रेन खुल सकी। पूर्वी चम्पारण के घोड़ासाहन में बंद समर्थकों ने बाइक शोरूम में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की। जबरन दुकान तो बंद करवाया ही साथ ही कर्मचारियों को भी घायल कर रिया। बताया जा रहा है कि बंद समर्थक दुकानों को जबरन बंद समर्थक बाइक शो रूम को बंद कराने का प्रयास करने लगे। इस दौरान शो रूम के कर्मचारी से बकझक होने लगी। बाद में बंद समर्थक उग्र हो गए और उक्त शो रूम में घुस कर उसके स्टाफ के साथ मार पीट करने लगे। बाद में इसी में अन्य लोगों के द्वारा स्थिति को नियंत्रित किया गया। सीवान में भारत बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। बंद को सफल बनाने के लिए भीम आर्मी, सीपीआईएमएल के सदस्य सड़क पर उतर गए और सभी चौक चौराहों को जाम कर दिया गया। यहां तक की बाइक, ऑटो, बस, सभी को पूरी तरह से जो जहां थे, वहीं खड़ा कर दिया गया। विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि संविधान का संशोधन करना चाहिए। संविधान में छेड़छाड़ और आरक्षण में छेड़छाड़ करना संविधान का उल्लंघन है।

## मेधावी आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार अनारक्षित सीटों पर दावा कर सकते हैं

नई दिल्ली, 21 अगस्त। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक अहम फैसला देते हुए कहा कि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार मेरिट के आधार पर अनारक्षित वर्ग की सीटों पर क्षैतिज आरक्षण के आधार पर दावा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को अनारक्षित वर्ग की सीटों पर मेरिट के आधार पर एडमिशन देने से इनकार कर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सौरभ यादव और अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य समेत अन्य मामलों के आधार पर कहा कि एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग (आरक्षित वर्ग) के उम्मीदवार अपनी योग्यता के आधार पर अनारक्षित या सामान्य वर्ग की सीटों पर भी क्षैतिज आरक्षण व्यवस्था के तहत दावा करने के हकदार हैं। उन्हें अनारक्षित वर्ग में प्रवेश दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राम नरेश रिंकू और अन्य की तरफ से दायर अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला दिया। यह मामला मध्य प्रदेश के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला से संबंधित है, जिसमें आरक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों को सामान्य कोटे में दाखिला देने से इनकार कर दिया गया था। मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश शिक्षा प्रवेश नियम 2018 के नियम 2(जी) के तहत 5 फीसदी सीटें सरकारी स्कूल से पढ़ने वाले छात्रों के लिए आरक्षित हैं। इनमें जो सीटें बचती हैं और जो अनारक्षित हैं, उन्हें ओपन कैटेगरी में स्थानांतरित कर दिया जाता है। इसके खिलाफ याचिका दायर की गई। याचिका में मांग की गई कि सीटें ओपन कैटेगरी में स्थानांतरित करने से पहले आरक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों को, जो सरकारी स्कूल में पढ़ें हैं, उन्हें आवंटित की जानी चाहिए।

# संजय राउत ने शिंदे सरकार को घेरा, 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का एलान

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 21 अगस्त। महाराष्ट्र में बदलापुर के एक स्कूल में बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में अब जबरदस्त बवाल शुरू हो गया है। यह मामला अब राजनीतिक रुख ले चुका है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सुरक्षा के मामले में महाराष्ट्र सरकार को घेरा। संजय राउत ने इस घटना को एक घिनौना अपराध बताया। इसके साथ ही बदलापुर नहीं जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी घेरा। उन्होंने 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का एलान भी किया। राकांपा-एसपी नेती सुप्रिया सुले ने इस घटना के विरोध में महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खासकर महिलाओं के साथ अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है। संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र में और क्या हो सकता है? बलात्कार के खिलाफ सार्वजनिक रोष है। पीड़िता को सुरक्षा देने के लिए, न्याय मांगने के लिए जो लोग सड़क पर उतरे हैं और आप(महाराष्ट्र सरकार) उनके खिलाफ मामले दर्ज करते हो? यह क्यों हुआ? जिस संस्था में हुआ वो किसकी है? लोग सड़क पर इसलिए बैठे हैं क्योंकि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही थी। पुलिस पर किसका दबाव था? मुख्यमंत्री से मेरा सवाल है कि



वे बदलापुर क्यों नहीं गए? कोलकाता में जो हुआ आप(एकनाथ शिंदे) उस पर बोलते हो लेकिन महाराष्ट्र में उससे भी घिनौना अपराध दो बच्चियों के साथ हुआ है, लोग सड़क पर बैठे हैं। संजय राउत ने आगे कहा, हम सीट बंटवारे पर बात करने के लिए आए थे। फिर हमने सोचा कि हम सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं करेंगे हम अब राज्य की कानून व्यवस्था पर चर्चा करेंगे। महाराष्ट्र की जनता में आक्रोश है और इसका विरोध करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमने तय किया कि 24 अगस्त को महाविकास अघाड़ी (एमवीए) महाराष्ट्र बंद का आह्वान करेगा। राकांपा-एसपी नेता सुप्रीया सुले ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी और राज्य की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। सुप्रिया सुले ने कहा, महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया है। यह मैं नहीं कह रही हूं। यह सरकार का डाटा बटा रहा है। चाहे वह पोर्श मामला हो या पिर ड्रग्स मामला। महाराष्ट्र में महिलाओं के के खिलाफ अपराध ज्यादा बढ़ गया है। बदलापुर की घटना संवेदनशील है। जिस तरह से इसे नजरअंदाज किया जा रहा है, वह दर्दनीय है। जब लोग सड़कों पर आए, तब सरकार जागी। लोकसभा चुनाव के बाद बहनें सरकार के लिए लाड़की बन गईं और मुख्यमंत्री लाड़की भीन योजना के लिए 1500 रुपये देना शुरू कर दिया।

## राज्यपाल ने पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

**कौमी संवाददाता**

कोलकाता, 21 अगस्त। कोलकाता के आरजी कल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स और छात्र आज विरोध मार्च निकाला। यह मार्च सीबीआई कार्यालय तक निकाला गया। हालांकि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर्स से हड़ताल वापस लेने का आग्रह किया था। वहीं मृतक महिला डॉक्टर के परिजनों से मुलाकात के बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि- मैं दिल्ली से सीधे यहां मृतक के माता-पिता से मिलने और उनकी भावनाओं को समझने आया हूं। उन्होंने मुझे कुछ बातें बताई हैं। मैं उन्हें अभी गोपनीय रखूंगा। मेरे पास जो जानकारी है, उसके आधार पर मैं आज एक पत्र लिखूंगा और उसे सीलबंद लिफाफे में मुख्यमंत्री को भेजूंगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी की शिकार हुई मृतक महिला डॉक्टर के परिवार के सदस्यों से मिलने उत्तर 24 परगना पहुंचे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल



कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, डॉक्टर के साथ जो भयावह घटना हुई, उसके बाद हर कोई बहुत दुखी है, दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मैं डॉक्टरों से अनुरोध करूंगा कि वे काम पर लौट आएं। पश्चिम बंगाल- आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी के मामले की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के कार की गहन तलाशी ली। गृह मंत्रालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सीआईएसएफ की तैनाती को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है। पश्चिम बंगाल- कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी की घटना पर फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने कहा, डायरेक्ट एक्शन डे के समय से ही बलात्कार को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। बंगाल में सांप्रदायिक, राजनीतिक, चुनावी हिंसा खत्म होनी चाहिए। और हमें बंगाल को फिर से महान बनाना है। और यह तभी संभव है जब मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पूरी तरह से बदल जाए, यह सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी पर सीपीआई (एम) महासचिव डी. राजा ने कहा, पश्चिम बंगाल के साथ कोलकाता में आंदोलन जारी है। हमारी पार्टी भी मैदान में है।

# वारसॉ पहुंचे पीएम मोदी, खत्म हुआ पोलैंड के भारतीय प्रवासियों का इंतजार

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

वारसॉ, 21 अगस्त। पोलैंड पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, पौलैंड में उतर गया। यहां विभिन्न कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा हूं। इस यात्रा से भारत-पोलौंड की मित्रता को गति मिलेगी, जिससे लोगों को लाभ होगा। पीएम मोदी के आगमन पर पोलैंड में रहने वाले सौरभ गिलितवाला ने कहा, मैं मुंबई से सात साल पहले यहां आया था, पर किसी भी भारतीय पीएम का यहां दौरा नहीं हुआ। मोदी के दौरे को लेकर प्रवासी काफी उत्साहित हैं। निश्चित रूप से उनका दौरा दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करेगा। पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान यूक्रेन भी जाएंगे। पीएम मोदी पहले 21 और 22 अगस्त को पोलैंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। इसके बाद 23 अगस्त को पीएम मोदी युद्ध में झुलस रहे यूक्रेन का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री पोलैंड से कीव तक ट्रेन से यात्रा करेंगे, जिसमें करीब 10 घंटे लगेंगे। वापसी की यात्रा भी लगभग इतनी ही अवधि की होगी। उनकी कीव यात्रा मॉस्को की उनकी हाई-प्रोफाइल यात्रा के कुछ सप्ताह बाद हो रही है, जिसकी अमेरिका



और उसके कुछ पश्चिमी सहयोगियों ने आलोचना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में पोलैंड पहुंचे। इस दौरान वे यूक्रेन की राजधानी कीव भी जाएंगे और यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ विचार साझा करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा पिछले 45 वर्षों में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पोलैंड में अपने प्रवास के दौरान मोदी राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा से मिलेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है।' इससे पहले दिन में रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र और बहुलवाद के प्रति हमारी आपसी प्रतिबद्धता दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करती है। मैं, हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपने मित्र प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिलने के लिये उत्सुक हूं।'

## गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को लिखा पत्र

कोलकाता, 21 अगस्त। कोलकाता के आरजी कल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स और छात्र आज विरोध मार्च निकाला। यह मार्च सीबीआई कार्यालय तक निकाला गया। हालांकि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर्स से हड़ताल वापस लेने का आग्रह किया था। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, डॉक्टर के साथ जो भयावह घटना हुई, उसके बाद हर कोई बहुत दुखी है, दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मैं डॉक्टरों से अनुरोध करूंगा कि वे काम पर लौट आएं। पश्चिम बंगाल- आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी के मामले की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के कार की गहन तलाशी ली। गृह मंत्रालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सीआईएसएफ की तैनाती को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है। पश्चिम बंगाल- कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी की घटना पर फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने कहा, डायरेक्ट एक्शन डे के समय से ही बलात्कार को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। बंगाल में सांप्रदायिक, राजनीतिक, चुनावी हिंसा खत्म होनी चाहिए। और हमें बंगाल को फिर से महान बनाना है। और यह तभी संभव है जब मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पूरी तरह से बदल जाए, यह सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है।

# अब रायबरेली के साथ अमेठी की परियोजनाओं की भी करेंगे समीक्षा: राहुल गांधी

**नरेश मल्होत्रा**

रायबरेली, 21 अगस्त। सांसदों की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए भारत सरकार ने जिला विकास एवं समन्वय अनुश्रवण समिति (दिशा) के सभापतियों की घोषणा कर दी है। नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी को रायबरेली के साथ अमेठी में भी केंद्रीय योजनाओं में खामियां खंगालने का मौका दिया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने उन्हें अमेठी संसदीय क्षेत्र में दिशा के लिए विशेष आमंत्री नामित किया है। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद आगामी अक्तूबर में दिशा की पहली बैठक हो सकती है। जिले स्तर पर सांसदों की अध्यक्षता में हर तीन माह में दिशा की बैठक की व्यवस्था की गई है। दिशा में जिले का सांसद सभापति होता है। इसके अलावा विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख सदस्य होते हैं। सभापति आठ अन्य सदस्यों को स्वयं नामित करता है। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद भारत सरकार ने दिशा के सभापतियों की घोषणा कर दी है। नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी को रायबरेली दिशा का सभापति नामित किया गया है। अमेठी में सांसद केएल शर्मा सभापति बनाए गए हैं, लेकिन राहुल गांधी को दिशा के लिए विशेष आमंत्री नामित किया गया है। यह व्यवस्था पहली बार की गई है। रायबरेली सांसद अमेठी की दिशा की बैठक में विशेष आमंत्री सदस्य के रूप में शामिल हो सकेंगे। परियोजना निदेशक डीआरडीए राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार से जिला विकास एवं समन्वय अनुश्रवण समिति के लिए सभापति नामित हो गए हैं। सांसद राहुल गांधी को रायबरेली दिशा में सभापति व अमेठी में विशेष आमंत्री सदस्य नामित किया गया है। अक्तूबर माह में दिशा की बैठक हो सकती है। जिले में जब तक सोनिया गांधी की अध्यक्षता में दिशा की बैठक हुई, किशोरी



लाल शर्मा सांसद प्रतिनिधि के रूप में बैठक में शामिल हुए। इस बार अमेठी में होने वाली दिशा की बैठक में वे खुद सांसद होने के नाते सभापति की कुर्सी संभालेंगे। विशेष आमंत्री होने के कारण राहुल गांधी बगल की कुर्सी पर बैठक सकते हैं। वैसे तो जिले का सांसद ही दिशा का सभापति होता है, लेकिन 2019 के चुनाव के बाद केंद्रीय मंत्री व अमेठी से सांसद रहीं स्मृति ईरानी को रायबरेली दिशा का भी सभापति बनाया गया था। जिले की सांसद रहीं सोनिया गांधी को उप सभापति नामित किया गया था, जिसके कारण सोनिया कभी भी दिशा की बैठक में शामिल होने के लिए नहीं आईं। पूर्व में 16 साल तक सोनिया ने सभापति के रूप में दिशा की बैठक में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की थी। प्रत्येक तीन माह में होने वाली दिशा की बैठक पिछले दो साल से नहीं हुई है। स्मृति ईरानी की अध्यक्षता में पिछली बैठक 28 अगस्त 2022 को हुई। इसके बाद कई बार सभापति को बैठक के लिए पत्र भेजा गया, लेकिन अब तक बैठक नहीं हो सकी। अब सभापति नामित होने के बाद अक्तूबर माह में बैठक होने की उम्मीद है।

## बदलापुर में प्रदर्शनों के बाद हालात सामान्य

ठाणे, 21 अगस्त। महाराष्ट्र के बदलापुर में बच्चियों के यौन शोषण के विरोध में हुए बवाल के बाद बुधवार सुबह हालात सामान्य रहे। रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल तैनात किया गया। इस दौरान ट्रेनों का सुरक्षित संचालन कराया गया। पुलिस ने अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए कुछ दिन के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। वहीं विरोध प्रदर्शन और बवाल करने पर पुलिस ने 300 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जबकि 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। बदलापुर में दो स्कूली छात्राओं के यौन शोषण के विरोध में रेल रोको प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान मध्य रेलवे की कुछ रेल सेवाएं बंद कर दी गईं थीं। दोपहर में प्रदर्शनकारी स्कूल पहुंचे और तोड़फोड़ की। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने रेलवे ट्रैक खाली कराया। दोपहर एक बजे प्रदर्शनकारी वापस रेलवे ट्रैक पर आ गए। प्रदर्शनकारियों ने बदलापुर स्टेशन पर बवाल किया। इस दौरान पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी किया। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को हटाने के 10 घंटे बाद रेल सेवाएं बहाल की गईं। मध्य रेलवे के डीसीपी जीआरपी मनोज पाटिल ने बताया कि अब स्थिति सामान्य है। ट्रेनों की आवाजाही भी हो रही है। कोई धारा नहीं लगाई गई है। अफवाहें न फैलें इसलिए कुछ दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं हैं। पुलिस ने बताया कि विरोध प्रदर्शन और बवाल करने पर पुलिस ने 300 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जबकि 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बदलापुर पूर्व के एक नामी स्कूल में दो बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना ने पूरे इलाके में रोष व्याप्त कर दिया है। बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप स्कूल टॉयलेट साफ करने वाले व्यक्ति अक्षय शिंदे पर लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों में से एक चार साल की है और दूसरी छह साल की है। यह घटना 12 और 13 अगस्त को घटी थी। आरोपी अक्षय शिंदे को 1 अगस्त, 2024 को टॉयलेट साफ करने के लिए अनुबंध के आधार पर स्कूल में भर्ती किया गया था। स्कूल ने लड़कियों के शौचालयों की सफाई के लिए कोई महिला कर्मचारी नियुक्त नहीं की थी। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने 12 और 13 अगस्त की कक्षाओं के दौरान बच्चों के साथ बदसलूकी की। स्कूली बच्चियों के यौन शोषण मामले को लेकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया।

## ईरान में पाकिस्तान के शिया तीर्थयात्रियों की बस पलटी, 35 की मौत



एजेंसी
**तेहरान।** ईरान के यज्द प्रांत में रात पाकिस्तान के शिया तीर्थयात्रियों की बस पलट जाने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 18 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने स्थानीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली मालेकजादेह के हवाले से यह जानकारी दी। मालेकजादेह के मुताबिक,घायलों में से कइयों की हालत गंभीर है। दुर्घटना के समय बस में लगभग 51 लोग सवार थे। यह बस तीर्थयात्रियों को लेकर इराक जा रही थी। पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक ब्रेक फेल होने की वजह से बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। सभी तीर्थयात्री अरबईन की याद में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए इराक जा रहे थे। यह समारोह हर साल सातवीं शताब्दी में एक शिया संत की मृत्यु के 40वें दिन मनाया जाता है।

## बीएनपी नेता के घर पर हमले के मामले में बांग्लादेश की पूर्व विदेश मंत्री दीपू मोनि गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व विदेश एवं समाज कल्याण मंत्री दीपू मोनी को एक वरिष्ठ बीएनपी नेता के घर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि की दीपू मोनी अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अगुवाई वाली अवामी लीग पार्टी की नेता और पूर्व विदेशमंत्री थे। जानकारी के अनुसार ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के संयुक्त आयुक्त (उत्तर) मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने ढाका से मोनि (58) की गिरफ्तारी की पुष्टि की। जासूसी शाखा के एक और अधिकारी के हवाले से मीडिया ने कहा, ''अब हम उन्हें मिंटो रोड स्र डीबी दफ्तर ले जा रहे हैं। उनके खिलाफ चांदपुर में एक मामला है। उन्हें मामले में गिरफ्तार दर्शाया जा सकता है। गत 15 अगस्त को पूर्व मंत्री और उनके भाई जेआर वदूद टीपू के खिलाफ चांदपुर में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के जिला अध्यक्ष शेख फरीद अहमद मानिक के आवास पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया था।

## सरकार में भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं: मस्क

**वाशिंगटन।** अमेरिक के प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिकी सरकार में भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिलता है, तो वह इसके लिए तैयार हैं। श्री मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैं सेवा करने के लिए तैयार हूं। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर वह नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह कैबिनेट पद या संभावित सलाहकार के रूप में श्री मस्क के नाम पर विचार करने के लिए तैयार हैं। श्री मस्क ने पिछले हफ्ते एक्स पर श्री ट्रम्प का साक्षात्कार लिया था। इससे पहले जुलाई में उन्होंने राष्ट्रपति पद की दौड़ में श्री ट्रम्प का समर्थन करते हुए एक्स पर एक बयान पोस्ट किया था। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव पांच नवंबर को होने हैं। मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने जुलाई में राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटते हुए कहा था कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी और राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में 2024 के चुनाव से हट रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।




## हमास ने गाजा पट्टी में युद्धविराम को छलावा बताया

**गाजा।** फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के राजनीतिक नेता याह्या सिनवार ने गाजा पट्टी में युद्धविराम को छलावा (धोखा) करार दिया और कहा कि ऐसा कर इजरायल एक नये युद्ध की तैयारी के लिए कुछ समय की तलाश में है। स्ट्रीट जर्नल ने अरब मध्यस्थों का हवाला से यह रिपोर्ट दी। इसके अलावा रिपोर्ट में यह दावा किया जा रहा है कि हमास पोलित ब्यूरो के प्रमुख को सशस्त्र संघर्ष का विस्तार करके इजरायल पर दबाव बढ़ाने की उम्मीद है, जिसमें वेस्ट बैंक से हमले करना भी शामिल है। पिछले सप्ताह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि वह गाजा समझौते को आगे बढ़ाने के लिए काम जारी रख रहे है, जिससे अधिकतम बंधकों की रिहाई हो सके और इस बात पर जोर दिया जाएगा।

## इस्लामाबाद में ईश निंदा पर फैसले से नाराज सैकड़ों कट्टरपंथियों का सुप्रीम कोर्ट पर धावा

एजेंसी
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईश निंदा के फैसले से नाराज सैकड़ों कट्टरपंथियों की भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर धावा बोल दिया। इन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा की आलोचना की। उन्होंने एक अहमदिया व्यक्ति को राइट टु रिलीजन के तहत ईशनिंदा के आरोपों से बरी कर दिया था।

यह घटना मीडिया पर इसका वीडियो अब सामने आया है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व आलमी मजलिस तहफ्फुज-ए-नबूवत कर रही थी। इसमें उनका साथ जमात-ए-इस्लामी और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेता भी दे रहे थे। वे पाकिस्तान के चीफ जस्टिस का इस्तीफा मांग रहे थे। उनकी यह भी मांग थी कि अदालत अपने फैसले को पलट दे। अखबार ने कहा है कि हजारों प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर सुरक्षा घेरे को तोड़ दिया। वे इमारत के नजदीक पहुंच गए। उन्हें कोर्ट में घुसने से रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। अब



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन आलमी मजलिस ने सुप्रीम को अपने फैसले की समीक्षा के लिए सात सितंबर तक का वक्त दिया है। पाकिस्तान के जियो टीवी के मुताबिक इस विवाद की शुरुआत इसी साल 6 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले से हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अहमदिया समुदाय के मुबारक अहमद सानी को रिहा करने का आदेश दिया था। सानी को लाक जनवरी 2023 में गिरफ्तार किया गया था। सानी पर आरोप था कि उसने 2019 में एक कॉलेज में एफसीर-ए-सगीर बांटा था। एफसीर-ए-सगीर, अहमदिया समुदाय से जुड़ी एक धार्मिक किताब है। इसमें अहमदिया संप्रदाय के संस्थापक के बेटे मिर्जा बशीर अहमद ने कुरान की व्याख्या अपने हिसाब से की है। सानी को कुरान (प्रिंटिंग एंड रिकॉर्डिंग) (संशोधन) एक्ट, 2021 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## पश्चिमी रूस की सेयम नदी पर बने सभी तीन पुलों को यूक्रेन ने किया नष्ट, 92 बस्तियों पर कीव का कब्जा

एजेंसी
**कीव।** पश्चिमी रूस में सेयम नदी पर बने तीनों पुलों को यूक्रेन की सेना ने नष्ट कर दिया है। रूसी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी रूस में यूक्रेन का आक्रमण तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया। वहीं यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क में रूस की 1,250 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 92 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है।रूस के कुर्स्क क्षेत्र में कीव के आक्रमण से युद्ध की दिशा बदल रही है और यूक्रेन की युद्ध से थकी हुई जनता का मनोबल बढ़ रहा है। हालांकि इस आक्रमण के अंतिम परिणाम की भविष्यवाणी करना अभी संभव नहीं है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस पर किया गया यह पहला हमला है।

एक ओर जहां यूक्रेन रूसी क्षेत्र में अपनी सफलता का जश्न मना रहा है, वहीं दूसरी ओर पूर्वी यूक्रेन में रूस एक अन्य प्रमुख केंद्र, पोक्रोवस्क पर भी कब्जा करने की ओर अग्रसर है। कुर्स्क में सेयम नदी पर बने तीन पुलों पर यूक्रेन के हमले से रूसी सेनाएं नदी, यूक्रेनी अग्रिम मोर्चे और यूक्रेनी सीमा के बीच फंस सकती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि 6 अगस्त को यूक्रेन द्वारा शुरू किए गए कुर्स्क आक्रमण पर रूस की जवाबी प्रतिक्रिया धीमी पड़ रही है।

सप्ताहांत में, यूक्रेन के वायुसेना कमांडर ने सेयम नदी पर बने पुलों पर हमले के दो वीडियो पोस्ट किए। प्लैनेट लैब्स पीबीसी द्वारा ली गई उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किया गया जिसमें पुष्टि हुई कि ग्लुश्कोवो शहर में एक पुल नष्ट हो गया है। एक रूसी सैन्य जांचकर्ता ने पुष्टि की कि यूक्रेन ने एक पुल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और क्षेत्र में दो अन्य को नुकसान पहुंचाया है। नुकसान किस हद तक हुआ है यह अभी अस्पष्ट है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा



है कि कुर्स्क क्षेत्र में घुसपैठ शुरू होने के बाद से यूक्रेनी सेना ने 1,250 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 92 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। हाल के दिनों में जेलेंस्की ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य एक 'बफर जोन' बनाना है, जो भविष्य में सीमा पार से उनके देश पर होने वाले हमलों को रोक सके, तथा यूक्रेन बड़ी संख्या में रूसी युद्धबंदियों को पकड़ रहा है, जिन्हें छोड़ने के ऐवज में वह पकड़े गए यूक्रेनी नागरिकों को छोड़े जाने की उम्मीद कर रहा है। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी ने रूसी चिकित्सा सेवा के एक अनाम स्रोत का हवाला देते हुए बताया कि यूक्रेन की घुसपैठ में 17 लोग मारे गए हैं और 140 घायल हुए हैं। अस्पताल में भर्ती 75 लोगों में से चार बच्चे हैं।

## बराक ओबामा ने कमला हैरिस का समर्थन किया, ट्रंप की विभाजनकारी राजनीति को खारिज करने का आह्वान

एजेंसी
**शिकागो।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गहमागहमी के बीच यहां डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की दूसरी रात पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कमला हैरिस का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने हैरिस को देश का अगला राष्ट्रपति बताया।

ओबामा ने कहा कि हमारे पास ऐसे शख्स को चुनने का मौका है, जिसने अपनी पूरी जिंदगी लोगों को वो मौके देने की कोशिश में लगा दिए, जो मौके अमेरिका ने उनको दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने का सम्मान हासिल किए हुए मुझे 16 साल हो गए हैं। इतने सालों बाद मैं बिना किसी हिचक कह सकता हूं कि आपका दोस्त होना मेरा सबसे बेहतरीन फैसला था। उन्होंने कहा कि हैरिस पांच नवंबर को इतिहास रचेंगी। वह अश्वेत और




दक्षिण एशियाई मूल की पहली अमेरिकी राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। हमने मशाल हैरिस को सौंप दी है। कि कमला हैरिस और टिम वॉल्ज ऐसे नेता हैं, जो लोगों की भलाई से जुड़े काम को लेकर पूरी तरह से लेकिन अभी डेमोक्रेट्स का काम खत्म नहीं हुआ है। ओबामा ने कहा प्रतिबद्ध हैं। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन को बराक के अलावा मिशेल ओबामा ने भी संबोधित किया। दोनों ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखे हमले किए। मिशेल ने राष्ट्र से ट्रंप की विभाजनकारी राजनीति को अस्वीकार करने का आह्वान किया। इससे पहले कन्वेंशन के पहले दिन राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप पर जमकर निशाना साधा था।

उन्होंने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप जब अमेरिका के बारे में बात करते हैं कि अमेरिका बिखरता हुआ देश है, तो उस संदेश के बारे में सोचें, जो दुनिया को जाता है। ट्रंप लूजर है। डोनाल्ड के पिछले कार्यकाल की तुलना में अमेरिका अब अधिक समृद्ध और सुरक्षित है। ट्रंप, पुतिन के सामने झुक गए। मैं और कमला हैरिस कभी ऐसा नहीं करते।

## चीनी प्रधानमंत्री कियांग तीन दिन की रूस यात्रा पर



एजेंसी
**मॉस्को।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन के निमंत्रण पर रूस की राजधानी मॉस्को की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे। इस दौरान, श्री कियांग रूसी प्रधानमंत्री के साथ चीनी-रूसी व्यापार सहयोग के संबंधों पर और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। द्विपक्षीय वार्ता चीन और रूस के प्रधानमंत्रियों की 29वीं नियमित बैठक के तत्वावधान में चलेगी। चीनी प्रधानमंत्री यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी बैठक करेंगे। इसके अलावा, चीनी प्रधानमंत्री का तक बेलारूस का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नेपाल आने का निमंत्रण

एजेंसी
**टोक्यो।** भारत दौरे के दौरान नेपाल की विदेशमंत्री डॉ. आरजू राणा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के तरफ से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नेपाल की राजकीय यात्रा का निमंत्रण पत्र सौंपा।

नई दिल्ली में सोमवार शाम हैदराबाद हाउस में हुई इस मुलाकात के दौरान नेपाल-भारत संबंधों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात के बारे में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा है कि उन्हें नेपाल के विदेश मंत्री राणा का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंध एक प्रगतिशील और बहुआयामी साझेदारी है और भारत दोनों देशों के बीच विकास साझेदारी में निरंतर प्रगति की आशा कर रहा है। दिल्ली में नेपाली दूतावास ने जारी बयान में कहा गया है कि इस मुलाकात के दौरान नेपाल



को नए हवाई मार्ग उपलब्ध कराने और पंचेश्वर परियोजना, सीमा सुरक्षा, ऊर्जा और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच विदेश मंत्री स्तरीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संयंत्र बनाने पर सहमत होने की जानकारी भी प्रधानमंत्री मोदी को दी गई। नेपाली दूतावास के मुताबिक, बैठक में व्यापार और परिवहन, निवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नेपाल के तरफ से अब लगभग 1000 मेगावाट बिजली के निर्यात पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए और इससे नेपाल के आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध होने का विश्वास व्यक्त किया।

भारत सरकार ने नेपाल की 12 जलविद्युत परियोजनाओं से 251 मेगावाट बिजली के निर्यात को मंजूरी दे दी थी। इस मुलाकात के दौरान नेपाल की विदेशमंत्री डॉ. राणा ने नेपाली क्रिकेट के विकास के लिए भारत के निरंतर सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नेपाल की राष्ट्रीय टीम को प्रशिक्षण के लिए बैंगलौर में सुविधा सम्पन्न ट्रेनिंग कैम्प के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। द्विपक्षीय पहलों और विकास परियोजनाओं में हुई प्रगति की समीक्षा के अलावा, बैठक में पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के मौजूदा और नए क्षेत्रों में आगे सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा हुई।

## रूस के हमले से यूक्रेन के तेल भंडारण डिपो में लगी आग

एजेंसी
**कीव।** यूक्रेन के पश्चिमी टेरनोपिल क्षेत्र में मंगलवार तड़के रूसी लक्षित हवाई हमलों से ईंधन और लुब्रिकेंट (स्नेहक) तेल भंडारण डिपो में आग लग गयी। क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। टेरनोपिल क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के मुताबिक रूसी सेना ने स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजे टेरनोपिल शहर के तेल भंडारण डिपो पर प्रक्षेप्य दागे गये।

उन्होंने बताया गया कि आग पर काबू पाने के लिए 90 से अधिक बचाव दल और दो अग्निशमन गाड़ियां सहित 20 से अधिक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। स्थानीय अधिकारियों ने हालांकि लोगों से अपने घरों के अंदर रहने और खिड़कियां बंद करने का आग्रह किया। कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने कहा कि रूस ने राजधानी में भी रात भर ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमले किये। हालांकि हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शहर के बाहरी इलाके में सभी हवाई लक्ष्यों को आसमान में ही ध्वस्त कर दिया गया। यूक्रेन के वायु सेना ने कहा कि रूस ने 26 शहीद लड़ाकू ड्रोन, दो बैलिस्टिक मिसाइलें इस्कंदर एम/केएन-23, एक क्रूज मिसाइल इस्कंदर-के और कई गाइडेड मिसाइलें केएच-59 दागे। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी के अनुसार, यूक्रेनी वायु सेना ने नौ क्षेत्रों में 25 ड्रोन, एक क्रूज मिसाइल और दो गाइडेड मिसाइलों को मार गिराया।

## पूर्वी यूक्रेन के एक और शहर पर रूस का कब्जा, 53 हजार लोगों को इलाका खाली करने का आदेश

एजेंसी
**मॉस्को।** रूस पर यूक्रेन के ताजा हमलों के बीच रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के एक और शहर पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क क्षेत्र में जालिजने टाउन पर कब्जा कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सुरक्षाबलों ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क क्षेत्र में जालिजने टाउन पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही रूस डोनेस्क क्षेत्र के ही टोरेस्क और पोकरोवस्क की ओर आगे बढ़ रहा है।

वहीं यूक्रेन ने कुर्स्क में सोमवार को सियाम नदी पर बने तीसरे पुल को नष्ट कर दिया है। दूसरी ओर, रूस के कु?स्क क्षेत्र के बड़े हिस्से पर नियंत्रण कर चुकी यूक्रेनी सेना भी स्थिति मजबूत करने में लगी है। उसने सोमवार को यहां एक और पुल को नष्ट कर दिया है। रूस जालिजने को सोवियत काल के पर्टियोमोवो नाम से पुकारता है। इसे माइनिंग टाउन के रूप में जाना जाता है। यह डोनबास



क्षेत्र में लंबे समय से यूक्रेनी बलों के अभियान का आधार बना हुआ था। जंग से पहले जालिजने की आबादी पांच हजार थी, जबकि टोरेस्क में 30 हजार लोग निवास करते हैं। वहीं, यूक्रेन के स्थानीय प्राधिकारियों ने सोमवार को पोकरोवस्क शहर के नागरिकों को क्षेत्र को खाली करने का आदेश जारी किया है। यहां 53 हजार लोग रहते हैं। आशंका जाहिर की है कि रूसी सेना यहां बहुत जल्द पहुंच सकती है। दूसरी ओर, जर्मनी द्वारा यूक्रेन को अपनी बजट मजबूरियों को हवाला देकर सहायता रोकने से सोमवार को यूरोपीय स्टॉक गिर गया।

मीडिया के हवाले से कहा गया था कि जर्मनी के वित्त मंत्रालय ने यूक्रेन को सैन्य सहायता को मंजूरी नहीं दी है। रूस ने जांचकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि यूक्रेन ने कुर्स्क में सोमवार को सियाम नदी पर बने तीसरे पुल को नष्ट कर दिया है। इस क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने दो सप्ताह पहले घुसपैठ की थी। एक दिन पहले भी एक पुल को नष्ट किया था। वहीं, रूस ने कहा है कि कुर्स्क में यूक्रेन के हमले का मतलब है कि वह केवल शांति प्रस्तावों को रख रहा है, उसका इरादा शांति वार्ता का नहीं है।

## भारत से प्रत्यर्पण मांग के बीच शेख हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ बांग्लादेश में नौ और मामले दर्ज

एजेंसी
**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ कम से कम नौ और शिकायतें दर्ज की गईं जिससे उनके खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या 31 हो गई। वहीं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर देश में क्रांति (सरकार के खिलाफ प्रदर्शन) को बाधित करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए भारत से कहा कि हसीना को प्रत्यर्पित किया जाए ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके। फखरुल ने एक समाचार पत्र में दिए बयान में कहा, भारत से हमारी मांग है कि शेख हसीना को कानूनी तरीके से बांग्लादेश की सरकार के हवाले कर देना चाहिए। इस देश की जनता ने उन पर मुकदमे का फैसला किया है। उन पर मुकदमा चलने दें।'' जानकारी के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के वकील गाजी एमएच तमीम ने हिफाजत-ए-इस्लाम के संयुक्त महासचिव (शिक्षा और कानून) मुफ्ती हारून इजहार चौधरी की ओर से बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में हसीना और 23



अन्य पर पांच मई 2013 को मोतीझील के शापला छत्तर में हिफाजत-ए-इस्लाम रैली के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार करने का आरोप लगाया गया है। अखबार ने जांच एजेंसी के उप निदेशक (प्रशासन) अताउर रहमान के हवाले से कहा, ''हमने शिकायत दर्ज कर ली है और आज से जांच शुरू कर दी गई है।'' यह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में दर्ज की गई चौथी शिकायत है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया गया है। शेख हसीना ने सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर उनकी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़कर भारत आ गई थीं। चार में से तीन मामले हाल ही में आरक्षण आंदोलन पर केंद्रित हिंसा से जुड़े हैं।


**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma


## चीन के दबाव में नेपाल, टिकटॉक से प्रतिबंध हटाने की तैयारी

एजेंसी
**काठमांडू।** चीन की ओर से पड़ रहे दबाव के कारण नेपाल सरकार ने सोशल नेटवर्किंग साइट टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध को हटाने की तैयारी कर ली है। चीनी पक्ष द्वारा बार-बार टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध पर सवाल उठाने के बाद सरकार ने प्रतिबंध हटाने के लिए काम शुरू कर दिया है। तत्कालीन पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार ने सोशल मीडिया विनियमन दिशा निर्देशन जारी करते हुए 13 नवंबर 2023 को मंत्रिपरिषद की बैठक से टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था। सरकार की तरफ से यह दलील देते हुए इसे बन्द करने का फैसला किया गया था कि टिकटॉक नेपाल के नियम कानूनों और दिशा निर्देश का पालन नहीं कर रहा है और समाज में विकृति फैलाते हुए सामाजिक सद्भाव तथा पारिवारिक एवं सांस्कृतिक परम्परा को ध्वस्त करने का काम कर रहा है।

यह फैसला लेने से पहले प्रधानमंत्री प्रचंड ने तत्कालीन सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस और प्रतिपक्ष में रहे यूएमएल समेत अन्य पार्टियों से सलाह-मशविरा किया था। उस समय सभी प्रमुख दलों ने सरकार के प्रतिबंध के फैसले का समर्थन किया था। प्रतिबंध लगने के बाद से ही टिकटॉक की तरफ से नेपाल के सभी कानूनों और शर्तों का पालन करने की लिखित प्रतिबद्धता देते हुए प्रतिबंध हटवाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। नेपाल सरकार द्वारा प्रतिबंध नहीं हटाए जाने के बाद से नेपाल में चीनी राजदूत छन सोंग हर राजनीतिक बैठक में टिकटॉक पर प्रतिबंध को लेकर अपना विरोध जताते रहे हैं।प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल के मुताबिक प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अधिकारियों को टिकटॉक से प्रतिबंध हटाने के संबंध में आवश्यक गृहकार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने संचार मंत्रालय और उनकी टीम से टिकटॉक की प्रतिबद्धता पर चर्चा करने और कैबिनेट में जरूरी प्रस्ताव लाने को कहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि चूंकि टिकटॉक पर प्रतिबंध से भू-राजनीति भी जुड़ी हुई है, इसलिए निर्णय लेना आसान नहीं होगा। प्रधानमंत्री की राय है कि टिकटॉक पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए, क्योंकि वह सरकार द्वारा बनाए गए मानकों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। उन्होंने टिकटॉक पर प्रतिबंध हटाने के लिए सत्तारूढ़ साझेदार नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व स्तर से भी सहमति मांगी। सूत्रों का दावा है कि टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सत्तारूढ़ घटक दल नेपाली कांग्रेस सकारात्मक दिख रही है।

टिकटॉक की तरफ से नेपाल सरकार से प्रतिबंध हटाने के लिए बार-बार पत्राचार भी किया गया है। एक सप्ताह पहले ही टिकटॉक के दक्षिण एशिया की सार्वजनिक नीति और सरकारी संबंध इकाई ने संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वीसुब्बा गुरुंग को एक पत्र लिखा था, जिसमें दोहराया गया था कि वे नेपाल के सभी कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टिकटॉक द्वारा पत्र भेजकर कहा गया कि नेपाल का हर कानूनी प्रावधान उन्हें स्वीकार्य है, जिसके बाद संचार मंत्री ने प्रधानमंत्री से चर्चा की थी।

# करनाल की जनता ने मुझे जनमत दिया लेकिन बीजेपी ने ईवीएम में गड़बड़ी करके चुनाव हैक किया: दिव्यांशु बुद्धिराजा

(संजय अरोड़ा)

चंडीगढ़। हरियाणा लोकसभा चुनाव में कई लोकसभा सीटों पर ईवीएम में गड़बड़ी की बातें अब सच साबित होती दिखाई दे रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें आ रही हैं। इसी में हरियाणा की करनाल लोकसभ सीट पर भी ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें लगातार आ रही हैं। सोमवार को पानीपत ज़िले के कुछ बूथों की ईवीएम में गड़बड़ी के बाद अब करनाल के बूथ नंबर 137 और 181 की ईवीएम में गड़बड़ी होने के आरोप लगे हैं। यह आरोप करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराज ने लगाये हैं। उन्होंने बताया कि करनाल के दो बूथों की ईवीएम को लेकर मैंने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद सोमवार को ईवीएम की जांच के लिये मुझे बुलाया गया था। लेकिन अधिकारियों ने नियमानुसार जांच नहीं की। इसके बाद आज बुधवार को करनाल ईवीएम में बूथ नंबर 137 और 181 की ईवीएम की जांच के लिये बुलाया गया। यहां DC समेत तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे लेकिन उन्होंने यहां भी नियमों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा है कि बीजेपी ने मतदान में धांधली करके चुनाव जीता है। बीजेपी के इस काम में प्रशासन ने भी पूरा सहयोग किया है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने बताया कि जाँच करने के लिए आये अधिकारियों से मैंने कंट्रोल यूनिट को मतदान के दिन 25 मई



सेट करने को कहा तो अधिकारियों ने इनकार कर दिया, जबकि कोई भी मशीन का समय व तारीख बदला जा सकता है। लेकिन सवाल उठता है कि प्रशासन ने ऐसा करने से मना क्यों किया? इसके साथ ही अधिकारी EVM में चुनाव लड़ी पार्टियों के चुनाव चिन्ह लोड करने की बजाय डमी चिन्ह अपलोड कर रहे थे। इस पर जब मैंने उनसे सिम्बल लोडिंग मशीन से पार्टियों के ही चिन्ह अपलोड करने को कहा तो इस पर भी वह तमाम बहाने बनाने लगे और मना पार्टी के चुनाव चिन्ह अपलोड करने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब चुनाव पार्टी के सिम्बल पर लड़ा है तो जाँच भी सिम्बल लोड कर के होनी चाहिए। इसके साथ ही जब मैंने उनसे मतदान के दिन कंट्रोल यूनिट ए रिज़ल्ट स्लीप टाइमिंग के मुताबिक़ दिखाने के लिए कहा, तब भी अधिकारियों ने इससे भी इनकार कर दिया। इन सभी घटनाक्रमों पर दिव्यांशु ने कहा कि इन तमाम बातों से अंदेशा हो रहा है कि शुरुआत में बड़ी गड़बड़ी की गई है। BJP उम्मीदवार मनोहरलाल खट्टर जी ने प्रशासनिक शक्तियों का दुरुपयोग किया है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने बताया कि उन्होंने करनाल के निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले में संज्ञान लेने को कहा है व उन्होंने बताया कि वे अब न्याय के लिए माननीय कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाएँगे।

## राष्ट्रपति मुर्मू फरीदाबाद के दौरे पर



एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरियाणा के फरीदाबाद का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू फरीदाबाद (हरियाणा) का दौरा करेंगी, जहां वह जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

## बागवानी बोर्ड के प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) का कार्यकाल बढ़ा

**दिल्ली।** सरकार ने भारतीय वन सेवा के अधिकारी एवं कृषि एवं किसान मंत्रालय में संयुक्त सचिव प्रिय रंजन को राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) के प्रबंध निदेशक पद पर अतिरिक्त प्रभार की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति ने वन सेवा के 1998 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी श्री रंजन को एनएचबी के प्रबंध निदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार की अवधि के प्रभावी तिथि से बढ़ाए जाने के मंत्रालय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। श्री रंजन को 23 सितंबर 2023 से 22 सितंबर 2024 तक के लिए एनएचबी के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि उनका यह अतिरिक्त प्रभार इस पद पर नयी नियुक्ति या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

## महाराष्ट्र में छात्राओं के यौन शोषण मामले में एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक स्कूल कर्मचारी के चार साल की दो नाबालिग छात्राओं से कथित यौन शोषण मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। जारी एक बयान में आयोग ने कहा है कि कर्मचारी कथित तौर पर स्कूल में लड़कियों के शौचालय की सफाई के लिए नियुक्त किया गया था, जहां उसने कथित तौर पर 12-13 अगस्त को उन्हें शिकार बनाया। मामले में पुलिस से शिकायत करने के बाद एफआईआर दर्ज करने में लगभग 12 घंटे की देरी हुई। माता-पिता का सवाल कि लड़कियों के शौचालय की सफाई के लिए एक महिला स्टाफ सदस्य को क्यों नियुक्त नहीं किया गया, इसे भी आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र को नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज करने में देरी के कारण, इसकी स्थिति और पीड़ित लड़कियों के स्वास्थ्य की स्थिति मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने राज्य के अधिकारियों से यह भी जानना चाहा है कि घटना के बाद प्रशासन व स्कूल प्रबंधन द्वारा पीड़ितों को कोई परामर्श दिया गया था कि नहीं।

## गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में सर्दियों के दौरान प्रदूषण की समस्याओं को देखते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है। इसमें सर्दियों के मौसम से कुछ महीने पहले राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर पड़ोसी राज्यों से प्रदूषण के स्रोतों के मुद्दे पर चर्चा करने और पड़ोसी राज्यों के सहयोग से एक एकीकृत रणनीति विकसित करने के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। राय ने केंद्र सरकार से प्रदूषण के सीमा पार स्रोतों को संबोधित करने के लिए दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्यों के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करके मजबूत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि दिल्ली सरकार के प्रयासों और वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार के बावजूद राज्य के नियंत्रण से परे कारकों के कारण हवा खतरनाक बनी रहती है, जिसमें फसल अवशेष जलाना, थर्मल प्लांट, ईंट भट्टे, डीजल जनरेटर, गैर-इलेक्ट्रिक वाहन और औद्योगिक उत्सर्जन शामिल हैं। पड़ोसी राज्यों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए और समय रहते उपाय करने की जरूरत है।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान 23 वर्षीय जयजुल के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, गोविंदपुरी थाना इलाके के नवजीवन कैंप में रात तकरीबन 11:30 के करीब पांच बदमाश पहुंचे और युवक से पैसे छीनना चाहा। लूटपाट के दौरान पीड़ित ने विरोध किया तो बदमाशों ने ताबड़तोड़ उस पर चाकू से हमला कर दिया. इसमें उसकी मौत हो गई।वहीं जयजुल के दोस्त शिवा का कहना है कि हम लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि घर में बदमाश क्यों घुसे और लूटपाट क्यों की गई।

# रक्षा, विदेश नीति पर सहयोग मजबूत करेंगे भारत जापान

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत एवं जापान के बीच रक्षा एवं विदेश मंत्रियों की टू प्लस टू बैठक को वैश्विक चुनौतियों की समीक्षा करने का अवसर बताया और माना कि दोनों देशों के बीच सामरिक सहयोग से इस चुनौती का सामना किया जा सकता है।

डॉ. जयशंकर ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा जापान की विदेश मंत्री कामिकावा योको और रक्षा मंत्री किहारा मिनोरू के साथ बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत-जापान 2+2 विदेश और रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक के तीसरे दौर में हमने अभी-अभी रक्षा और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का व्यापक और सार्थक आदान-प्रदान संपन्न किया है। इससे पहले, उन्होंने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए विदेश मंत्री कामिकावा से भी अलग से मुलाकात की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि दो साल पहले टोक्यो में हमारी आखिरी मुलाकात के बाद से हमारे आसपास का क्षेत्रीय और वैश्विक वातावरण काफी विकसित हुआ है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पूरी दुनिया में और अधिक जटिलता और अस्थिरता है। हमारा आर्थिक परिदृश्य भी अधिक जटिल है, जिससे पारदर्शिता, पूर्वानुमेयता और लचीलापन हमारी सुरक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। प्रौद्योगिकी की दुनिया भले ही नए अवसर प्रस्तुत करती हो, लेकिन इसने नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। आज की हमारी 2+2 वार्ता इस संबंध में आकलन साझा करने और सहयोग पर सहमति व्यक्त करने का एक अवसर था।

उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र हमारे दोनों देशों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमने अपनी संबंधित सुरक्षा और विकास सहायता के समन्वय की संभावना का पता लगाया जहां हमारे हित मिलते हैं। हमने हमारे बीच प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और औद्योगिक सहयोग के लिए नए रास्ते खुलने पर भी चर्चा की। प्रौद्योगिकी के विकास के लिए मानव संसाधन सहयोग की भी



आवश्यकता है और सेमीकंडक्टर इसका एक बहुत अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र सहित उभरती प्रौद्योगिकियों में इस तरह का विश्वास-आधारित सहयोग तब सबसे अच्छी प्रगति करेगा जब प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए हमारे दृष्टिकोण विकसित होंगे। इस उद्देश्य से, उन्होंने अपने जापानी सहयोगियों से वर्तमान में मौजूद नियामक बाधाओं पर ध्यान देने का अनुरोध किया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और जापान सीमा पार आतंकवाद सहित हर तरह के आतंकवाद के विरोध में दृढ़ हैं। हमने अपने क्षमता-निर्माण सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की, जिसमें साइबर स्पेस में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने पर भी चर्चा हुई। हमने सूचना-साझाकरण को गहरा करने और महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए सहयोग में अपनी रुचि को रेखांकित किया है।

डॉ जयशंकर ने कहा, मैं शांति और सुरक्षा के लिए महिलाओं की भूमिका को उजागर करने के लिए मंत्री कामिकावा के दृढ़ प्रयास की सराहना करता हूं। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1325 को क्रियान्वित करने वाला पहला देश है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम 2025 की पहली छमाही में वैश्विक दक्षिण सम्मेलन के महिला अधिकारियों के लिए पहली संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोजित करेंगे। विदेश मंत्री कामिकावा को देखते हुए इस मामले पर नेतृत्व करते हुए, मैंने जापान को इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण दिया।

उन्होंने कहा कि जी4 के सदस्यों के रूप में, भारत और जापान सुधारित बहुपक्षवाद की वकालत में सबसे आगे रहे हैं। आज विदेश मंत्री कामिकावा के साथ बैठक में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के मौजूदा प्रयासों का जायजा लिया और हमारे एकजुट प्रयास की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस वर्ष भारत-जापान रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है। तब से हमारे संबंध परिपक्व हुए हैं। हम आज अपने अधिकारियों को सुरक्षा सहयोग के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने का काम सौंपने पर सहमत हुए। विदेश मंत्री ने कहा, मैं भारत-जापान एक्ट ईस्ट फोरम के माध्यम से भारत के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास में जापान की भागीदारी के लिए सराहना व्यक्त करता हूं। मैंने विदेश मंत्री कामिकावा से निरंतर समर्थन का अनुरोध किया। हमने हाई स्पीड रेलवे सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीतिक साझेदारी को लोगों से लोगों के बीच अधिक मजबूत जुड़ाव पर आधारित होने की जरूरत है। हमने छात्रों और पर्यटकों के साथ-साथ कौशल और प्रतिभा के प्रवाह को बढ़ाने पर भी चर्चा की। इसे सक्षम करने के लिए नीति में बदलाव एक प्राथमिकता है।

# भारत-जापान साझेदारी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए बेहद महत्वपूर्ण : राजनाथ

एजेंसी
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र से भारत और जापान दोनों के हित गहरायी से जुड़े हैं और इनकी साझेदारी क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। श्री सिंह ने विदेश मंत्री डा एस जयशंकर के साथ जापान के रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा तथा विदेश मंत्री योको कामिकावा के साथ यहां हुई तीसरी टू प्लस टू वार्ता के बाद कहा कि दोनों देशों का हिन्द प्रशांत को लेकर साझा विजन है और इनकी साझेदारी इस क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आज हमारी चर्चा के दौरान, हमने परस्पर हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों के बारे में चर्चा की। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते, भारत और जापान कई हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर तालमेल और साझा नजरिया मजबूत हुआ है। भारत, आसियान और जापान सहित अन्य देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए 'एडीएमएम प्लस' का एक सक्रिय सदस्य है। उन्होंने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा सार्थक परिणामों पर पहुंचने के लिए एक-दूसरे के प्रयासों का समर्थन करने की अपनी वचनबद्धता को व्यक्त किया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भी कहा, अपने जापानी समकक्ष किहारा बनाने पर सहमति व्यक्त की। हमने परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह वर्ष भारत और जापान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम अपनी विशेष वैशिवक सामरिक साझेदारी की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर पिछले एक दशक में हुई प्रगति पर भी प्रसन्नत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बैठकों के परिणाम अपेक्षाओं से भी अधिक रहे हैं। यह दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच बेहतरीन तालमेल के कारण ही संभव हो पाया है। श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 रक्षा संबंधों में एक मील के पत्थर के रूप में साबित हुआ। उन्होंने कहा, हमारे रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी सहयोग के क्षेत्र में भी

# सरकार ने दबाव में वापस लिया लेटरल एंट्री का निर्णय : कांग्रेस

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने विपक्ष के दबाव में संघ लोक सेवा आयोग- यूपीएससी से लेटरल एंट्री का विज्ञापन वापस लिया है और अब संविधान की रक्षा के लिए उस पर इसी तरह से दबाव बनाया जाएगा। श्री खडगे ने संविधान जयते कहते हुए कहा हमारे दलित, आदिवासी,पिछड़े और कमज़ोर वर्गों के सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी की लड़ाई ने भाजपा के आरक्षण छीनने के मंसूबों पर पानी फेरा है। लेटरल एंट्री पर मोदी सरकार की चिट्ठी ये दर्शाती है कि तानाशाही सत्ता के अहंकार को संविधान की ताक़त ही हरा सकती है।

उन्होंने कहा कांग्रेस और इंडिया समूह के दलों की मुहिम से सरकार तक भाजपा आरएसएस सत्ता में है, वो आरक्षण छीनने के नए-नए हथकंडे अपनाती रहेगी। हम सबको सावधान रहना होगा। बजट में मध्यम वर्ग पर किया गया लांग टर्म कैपिटल गेन इंडेक्सेशन वाला प्रहार हो, या वक़्फ़ बिल को जेपीसी के हवाले भाजपा-आरएसएस शासन को कठोर सबक के रूप में लेना चाहिए कि वे संविधान के साथ कभी छेड़छाड़ नहीं करेंगे।


### Name Change
I, hitherto known as AJAY KUMAR alias AJAY KUMAR PORWAL S/o RAMESH CHANDRA GUPTA, residing at C-3/502, Lots Pond, 24,Vaibhav Khand, Indirapuram, Shipra Sun City, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201014, have changed my name and shall hereafter be known as AJAY KUMAR PORWAL

### Name Change
I, No-15784740W Rank-HAV Name-RAJESH B father of R LESA R/O 4/2, KRIYAN ST, VILL-KESAVAPURAM, PO-PENNATHUR, TEHSIL & DISTT-VELLORE, TAMILNADU-632058 have changed my minor daughter's name from R LESA to R LISA for all future purposes vide affidavit dated 21/08/2024 Before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, BAIDABAI Mother of No. 14850706H L/NK DHAVALE DNYANDEV DILIP residing at FLAT NO-03, SAI KUNJ RESIDENCY, SAI NAGAR, VILL-JADHAVWADI, PO-PHALTAN, TAL-PHALTAN, DISTT-SATARA, MAHARASHTRA-415523 have changed my name from BAIDABAI to BAIDABAI DILIP DHAVALE for all future purposes vide Affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that, I RRICHA SRIVASTAVA daughter of ANJANI KUMAR SRIVASTAVA residingat 1146, BLOCK-47, DDA FLATS, KALKAJI, NEW DELHI-110019, do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced Islam and renounced Hinduism with effect from 12/06/2020.

### Name Change
I PRIYANKA GUPTA GOENKA D/O PARDEEP KUMAR GUPTA R/O C-2 THIRD FLOOR ANAND NIKETAN, MOTI BAGH DELHI-110021 HAVE CHANGE MY NAME TO PRIYANKA GUPTA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

### Name Change
I hitherto known as Tajpreet Kaur Pasricha w/o Late S. Harpreet Singh Pasricha r/o C-26, F F, Naraina Vihar, South West Delhi, Delhi-110028 have changed the name of my minor daughter from Angel Pasricha to Angel Kaur Pasricha and shall hereafter be known as Angel Kaur Pasricha.

### Name Change
I, Dinesh S/o-Suresh Kumar R/o VPO Chhainsa, Fajja Mohlla, Tehsil Ballabgarh,Distt.Faridabad Haryana -121004 have changed my name from Dinesh to Dinesh Kumar for all future purposes.

### Name Change
I, DIPALI W/O OF No 2805502A HAV AMBRE RAKESH RAGHUNATH AT - CHIRANI POST- CHIRANI TEHKHED DIST- RATNAGIRI PIN-415605 have changed my name from DIPALI to DIPALI RAKESH AMBRE For all future purposes vide affidavit dated 21/08/2024 Before notary public Delhi.

### Name Change
I, No. 15726593N Rank-L/NK Name-HIMANE SAGAR PRABHAKARRAO S/o PRABHAKAR Presently residing at VPO+TEH+PS-TIOSA, DIST-AMRAVATI, MAHARASHTRA-444903 have changed my wife's name from ARATI GAJANAN KALE to ARATI SAGARRAO HIMANE for all future purposes vide Affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, hitherto known as NEERAJ KUMAR alias NEERAJ KUMAR PAHAL S/o MAHENDER SINGH PAHAL Residing at House No. - 153, Police Colony, Ashok Vihar, Phase - I, North West Delhi, Delhi-110052 have changed my name and shall hereafter be known as NEERAJ PAHAL.

### Name Change
I, SUBHASH CHAND SINGAL S/o BHAGAT RAM R/O A-1/174 A , KESHAV PURAM ONKAR NAGAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110035 HAVE CHANGED MY NAME TO SUBHASH CHAND FOR ALL FUTURE PURPOSES.

### Name Change
I, JC-314406X Rank-NB SUB Name-BHALEKAR SANTOSH DHONDI BHAU residing at VPO-KANHUR PATHAR, TEH-PARNER, DIST-AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-414303 have changed my father's name from DHONDIBHAU to DHONDIBHAU TUKARAM BHALEKAR for all future purposes, in my service record my father's date of birth wrongly mentioned as 02/02/1964 instead of his correct date of birth as 01/06/1951 vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public Delhi.

### Name Change
I, Ram Abatar Mandal, S/o Shri Asharfi Mandal, R/o , H.No.-11-A, Phase-6, Gali no -5 aya nagar South Delhi 110047, have changed my name to Ram Udgar Mandal for all future purposes

### Name Change
I, T. COL. J. KUMARI W/o OM PRAKASH R/o F-93, HARSUKH APARTMENT PLOT NO-4, DWARKA, SECTOR-7, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110075, have changed my name from T. COL. J. KUMARI to JAIHIND KUMARI for all future purposes.

### Name Change
This is to inform that JULI BEE, residing at MADHUPUR, P.O HOERA, DISTT HOOGHLY, WEST BENGAL 712147, has legally changed their name to JULIBEE CHATTERJEE effective from 09/08/2024. All documents and records will be updated accordingly.

### Name Change
I Srijana Tandon, W/o Pranav Diesh, R/o 174 near yamuna sports complex vigyan vihar East Delhi. Delhi 110092, have changed my name to Srijana Diesh for all future purposes

### Name Change
I, NO-15432339F Rank-L/NK Name-SASHI KUMAR R/O VILL-BABHANGAMA, PO-KALGIGANJ, TEH-KAHALGAON, DIST-BHAGALPUR, BIHAR-813203 have changed my wife's name from JAYSHREE DEVI to JAYSHREE KUMARI for all future purposes vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I hitherto known as Kanhaiya Lal S/O Shiv Ji Singh, R/O B-1/174, NEW KONDALI, Vasundhra Enclave, East Delhi, Delhi - 110096 have changed my name and shall hereafter be known as BRAHMA SINGH.

### Name Change
I, MOHD TAUFIQ S/O KHALIL AHMAD residing at H NO-1590, 2nd FLOOR, GALI MADARSA MEER JUMLA, LAL QUAN, DELHI-110006 have changed my name to MOHAMMAD TOFEEQ for all future purpose.

### Name Change
I, hitherto known as M R BHARTI alias MUNNA RAM BHARTI alias MANU BHARTI S/o Late BABU RAM BHARTI, R/o E-65, Railway Quater, College Lane, New Delhi NDMC, Central Delhi, Delhi - 110001, have changed my name and shall hereafter be known as MANU BHARTI.

### Name Change
I, JC-314406X Rank-NB SUB Name-BHALEKAR SANTOSH DHONDI BHAU residing at VPO-KANHUR PATHAR, TEH-PARNER, DIST-AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-414303 have changed my mother's name from LAXMI to ANUSAYA DHONDIBHAU BHALEKAR for all future purposes, in my service record my mother's date of birth wrongly mentioned as 02/02/1966 instead of her correct date of birth as 01/01/1952 vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public Delhi.

### PUBLIC NOTICE
Public at large is informed that my client Sh. Gautam Pingolia S/O Har Govind Pingolia, R/O: B-346, JJ Colony, Madipur, New Delhi- 110063 is buying the property numbered as H.No. 107-B, Cat-A, First Floor, LIG Flats, Madipur, New Delhi-110063 from Sh. Virender Kumar Bijlani S/O Late Sh. Amrit Lal Bijlani R/O: N-3, Second Floor, Rajouri Garden, New Delhi-110027, who claims to be the owner of the above mentioned property and is also having the original title chain of the property. That my client Sh. Gautam Pingolia is buying this property legally and if any person is having any claim of ownership or of any kind/form of objection over this property through any means or has any objection to the sale of this property than he can come forward and register his objection to this sale within 07 days of this notice with my client. The complete address of my client is Gautam Pingolia S/O Har Govind Pingolia, R/O: B-346, JJ Colony, Madipur, New Delhi-110063, Mobile-9811234607, Email: gautampingolia@gmail.com. That after the passage of 07 days no objection regarding this property or sale of this property will be entertained or will be considered as legal in any form.
**SUNIL GULIA Advocate**
Office: D-17, LGF, Greater Kailash Enclave-II, New Delhi-110048

### Name Change
It is for general information that I, RAM BABU THAKUR S/o MOHAN THAKUR , residing at A 1-7, J J Colony, Madanpur Khadar, Sarita Vihar, S.O -Aali , South Delhi, Delhi -110076, declare that name of my minor Daughter has been wrongly written as KHUSHI in my minor Daughter namely KHUSHI THAKUR aged 14 Years in her school record. The actual name of my minor Daughter is KHUSHI THAKUR, which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE
**To Whom so ever it may concern**
Mrs. Veena Goyal W/o Mr. Bhim Sain Goyal is absolute owner of Plot bearing No. 131, having land area measuring 31 ½ Sq. Yds. Out of Khasra No. 388, situated in the area of Village Bindapur, Delhi State abadi known as Bhagwati Vihar, Block-C, on Najafgarh Road, New Delhi and whereas Mrs. Veena Goyal Selling above Mentioned property to 1) Mr. Vishal & 2) Mr. Rajender if anybody have any Objection kindly contact on-9540419009 within 7 days.
**(Advocate Deepak Malik)**
Off: Shop no. 2, 1st First floor Kataria complex, Near Axis Bank, New Railway Road Gurugram-122001

### Name Change
I, JC-314406X Rank-NB SUB Name-BHALEKAR SANTOSH DHONDI BHAU residing at VPO-KANHUR PATHAR, TEH-PARNER, DIST-AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-414303 have changed my Minor son's name from AYUSH to AYUSH SANTOSH BHALEKAR for all future purposes vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, No. 14850706H Rank-L/NK Name-DHAVALE DNYANDEV DILIP father of SARTHAK Residing at FLAT NO-03, SAI KUNJ RESIDENCY, SAI NAGAR, VILL-JADHAVWADI, PO-PHALTAN, TAL-PHALTAN, DISTT-SATARA, MAHARASHTRA-415523 have changed my minor son's name from SARTHAK to SARTHAK DNYANDEV DHAVALE for all future purposes vide Affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, DEVENDER KUMAR MUNDOTIA S/O INDERJEET MUNDOTIA R/O H-16/623, Gali 14 Hardhyan Singh Road, Bapa Nagar, Karol bagh, Central Delhi, Delhi -110005 declare that name of mine has been wrongly written as DEVENDER KUMAR in my minor son NAMAN MUNDOTIA aged 17 years in his cast certificate No:SC 02/32/18521/8/12/2011/9211034958. the actual name of mine are DEVENDER KUMAR MUNDOTIA which may be amended accordingly.

### NOTICE
Public at large is hereby informed that my client Smt. Meena Devi w/o Late Sh. Ashok Chaudhary who is the owner of Residential area measuring 66 sq.yds. out of Khata No. 77, Khasra No. 236K, Situated at Village Yusufpur Chaksahberi, Pargana and Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P vide Sale Deed dated 21/09/2021 executed by Mohd. Yusuf in favour of in favour of my client vide Doc No. 31018, Book No. 1, Vol No. 18898, Pages 205-244, SR-Dadri That Original Sale Deed dated 13/04/2006 executed by Sh. Rajkumar in favour of Mohd. Anwar Ansari (Doc No. 4087, Book No. 1, Vol 1678, Pages 256-258) (area measuring 66 sq.yds.) was lost on 21/06/2024 duly reported to police as per police complaint dated 24/06/2024 in the police station, Uttar Pradesh Police bearing LR No: 20240000535774. If anyone found the same may return to undersigned and if the same is misused shall be at his/her own risk. That my client intends to mortgage the said immovable property for her bonafide requirements to Cholamandalam Investment and Finance Company Ltd. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 21/8/2024
**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

### Name Change
I, CHATRALI DNYANDEV DHAVALE wife of No. 14850706H L/NK DHAVALE DNYANDEV DILIP residing at FLAT NO-03, SAI KUNJ RESIDENCY, SAI NAGAR, VILL-JADHAVWADI, PO-PHALTAN, TAL-PHALTAN, DISTT-SATARA, MAHARASHTRA-415523 have changed my name from CHATRALI DNYANDEV DHAVALE to CHAITALI DNYANDEV DHAVALE for all future purposes vide Affidavit dated 21/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### PUBLIC NOTICE
This is for the information to the general public at large that my client Sh. Rajender Kumar S/o Late Hindu Singh R/o. D-93, Kabir Basti Malka Ganj Road Delhi-110007 has disowned from his all moveable and immoveable properties and severe his relationship with his son namely Akash S/o Sh Rajender Kumar, if anybody dealing with his it is at his/her own risk and responsibility. My client shall not be responsible for any act done by him.
**PARVEZ A. SIDDIQUI Advocate**
Chamber No. 815, Lawyers Block, Saket Court Complex, New Delhi-110017

### COURT NOTICE
**PROCLAIMATION REQUIRED ATTENDENCE OF DEFENDANTS (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure) IN THE COURT OF MS. CHARU GUPTA JUDGE/MACT-01 S/E SAKET NEW DELHI**
SUIT NO. 381/20
**CHATARPALI................ Petitioner/s**
**Vs.**
**PAWAN.......................Respondent/s**
To
1) **PAWAN**
Address-VILLAGE DHANOTI TEHSIL BARI DISTT CHARU RAJASTHAN
2) **M/S MUKAM CARGO**
BOOTH NO. 1. INDUSTRIAL AREA PANCHKULA HARYANA
Whereas (Petitioner) CHATARPALI has presented the petition under the Motor Vehicles Act for grant of compensation on account of injuries/loss suffered in a motor vehicle accident, and whereas you are respondent No. 01 & 02 in the said case proceedings and whereas despite reasonable efforts and attempts for service, your presence could not be secured, as you are intentionally evading service of summons, it is hereby notified that the next date of hearing in the said proceedings is 13.02.2025. You are required to appear in the said proceedings in person, or through your representative, and in case of failure/default in appearance in the said proceedings on 13.02.2025, the matter be proceeded ex-parte against you.
**(CHARU GUPTA)**
PO-MACT-01, SOUTH-EAST SAKET, NEW DELHI

## चुनावी नियमों का पालन आवश्यकः जिला निर्वाचन अधिकारी

एजेंसी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टी को इन नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। डॉ. कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में सामान्य वर्ग के लिए 10 हजार रुपये और अनुसूचित वर्ग के लिए पांच हजार रुपये जमा करने होंगे। यह राशि नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी, जबकि चेक या डिमांड ड्राफ्ट से जमा करना मान्य नहीं होगा। नामांकन प्रक्रिया 5 सितंबर से शुरू होगी और 12 सितंबर तक जारी रहेगी। 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, और 16 सितंबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह् आवंटित किए जाएंगे। उम्मीदवारों को नामांकन के दौरान आरओ और एआरओ के कार्यालय में अधिकतम चार लोगों को साथ लाने की अनुमति होगी। साथ ही, कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। चुनाव खर्च की सीमा 40 लाख रुपये तय की गई है, और इसके लिए उम्मीदवारों को अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। डॉ. कुमार ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर भी दिशा-निर्देश दिए, जिसमें सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही अनुमति दी जाएगी, ताकि शांति भंग न हो।

## हरियाणा सीएमओ के मीडिया सचिव व चीफ मीडिया कॉओर्डिनेटर का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही मुख्यमंत्री कार्यालय में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के दो अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है। जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे तथा चीफ मीडिया कॉओर्डिनेटर सुदेश कटारिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा दो दिन पहले दिया गया था। जिसे स्वीकार कर लिया गया।

## 25 अगस्त को भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान, 20 हजार बूथों पर कार्यालय खोलेगी भाजपा

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव की दृष्टि से सबसे बड़ा अभियान 25 अगस्त को चलाने का निर्णय लिया है। भाजपा एक साथ प्रदेश के लगभग 20 हजार बूथों पर चुनाव कार्यालय खोलेगी और कार्यालय के उद्घाटन के साथ एक महाजनसंपर्क अभियान की शुरुआत करेगी। रोहतक में भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक कुलदीप बिश्नोई की अध्यक्षता और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया की मौजूदगी में हुई समिति की पहली बैठक में आगामी व्यवस्थाओं और योजनाओं को लेकर चर्चा हुई। यहां कुलदीप बिश्नोई और डा. पूनिया ने प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों से चुनाव में अच्छे मार्जिन से जीतने पर खुलकर बातचीत की और सुझाव मांगे। इसके बाद हुई एक अन्य बैठक में प्रदेश संयोजक कुलदीप बिश्नोई, भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया के अलावा सह संयोजक राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार व सह संयोजक एडवोकेट वेदपाल, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता और पूर्व मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। बैठक में चुनाव की दृष्टि से 25 अगस्त को प्रदेश के हर बूथ पर कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक बूथों पर रहेंगे और लोगों से संपर्क करेंगे। पार्टी का लक्ष्य हर बूथ पर कमल खिलाना है, इसलिए यह संपर्क अभियान विस्तृत अभियान होगा, इस दिन पार्टी के कार्यकर्ता और नेता हर घर पहुंचकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील भी करेंगे।

## सुलखनी गांव में चोरों ने स्कूटी समेत हजारों का सामान चुराया

**हिसार।** बरवाला क्षेत्र के गांव सुलखनी में मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे चोर स्कूटी समेत हजारों का सामान चुरा लिया और फरार हो गए। चोर स्कूटी के अलावा एलईडी, इन्वर्टर, बैटरी सहित हजारों का सामान चुरा ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसे देखने से पता चलता है कि चोर तालाब के पिछली साइड से मकान में लगे शीशे के दरवाजे को तोड़कर अंदर दाखिल हुए।

पीड़ित विकास ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका चाचा गुवाहाटी में प्राइवेट नौकरी करता है। जो अपने परिवार के साथ लगभग दो महीने से वही पर रहता है। उसके चाचा राजू ने अपने घर की सारी देखरेख कि जिम्मेदारी विकास को दी है। रविवार को उसने चाचा के घर का ताला खोलकर देखा तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था।विकास ने इसकी पूरी जानकारी चाचा राजू को फोन करके दी। इसके बाद उसके चाचा ने घर पर रखे सामान कि डिटेल उसे बताई। फिर विकास ने घर में रखे सामाना को चैक किया तो एक स्कूटी एक इन्वर्टर, दो बैटरी, एक एलईडी गायब मिले। घर पहुंचे मकान मालिक ने जब सामान की जांच की तो एक कमरे का ताला काटने की कोशिश की गई जिसमें लाइसेंस की बंदूक अन्य कीमती सामान रखा था। इसके अलावा चोरों ने दीवार पर लगी एससी को भी उतारने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अंदेशा जताया जा रहा है चोर गांव के ही है और ये एक युवक का काम नहीं बल्कि इसमें कई युवकों की भूमिका संदेहास्पद हैं।

# हुड्डा लोगों को बरगलाकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं : नायब सैनी

एजेंसी

**नारायणगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने घर नारायणगढ़ में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली' से भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ललकारा। सैनी ने कहा कि हुड्डा में दम है तो बुजुर्गों के बीच जाकर हिसाब दें और बताएं कि बुजुर्गों को 500 रुपये पेंशन के लिए किस तरह धक्के खाने पड़ते थे। सिर्फ 500 रुपये पेंशन के लिए सरकारी कार्यालयों में घंटों लाइन में लगना पड़ता था। अब हुड्डा बोल रहे हैं कि पेंशन 6 हजार रुपये कर देंगे, वे 10 साल मुख्यमंत्री रहे, जब उन्होंने पेंशन क्यों नहीं बढ़ाई। दरअसल हुड्डा की नीयत खराब है और नीति भी ठीक नहीं। कांग्रेस का नेतृत्व भी गलत लोगों के हाथों में है, ये कोंग्रेसी तो मंच पर ही जूतमपैजार हो जाते हैं। जिस पोर्टल से घर बैठे 3 लाख 23 हजार बुजुर्गों की पेंशन बनी हैं, ये उसी पोर्टल को खत्म करने की बात करते हैं। जब ये पोर्टल खत्म करने की बात करते हैं तो इनके मुंह से भ्रष्टाचार की बदबू आती है। ऐसे लोग हमसे हिसाब मांग रहे हैं, जिनके बही-खाते खराब पड़े हैं। हुड्डा लोगों को बरगलाकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। आज हम देश में सबसे ज्यादा 3 हजार रुपये पेंशन बुजुर्गों को दे रहे हैं।

जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह भी कहा कि भाजपा को किसानों की चिंता है। नारायणगढ़ में किसानों के लिए कॉपरेटिव शुगर मिल बनाया जाएगा, इसके लिए पंचायत ने जमीन भी दे दी है और 4 अक्टूबर के बाद भाजपा की सरकार बनते ही काम शुरू हो जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि मैं नारायणगढ़ में पैदा हुआ और यहां की सरदारी को नतमस्तक करता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि नारायण गढ़ में ही नहीं बल्कि अंबाला की




सभी चारों विधानसभाओं में आपके आशीर्वाद से कमल खिलेगा। सैनी ने कहा कि जनता के प्यार से तय हो गया है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन रही है।

इस मौके पर परिवहनमंत्री असीम गोयल, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, महिला नेत्री सुमन सैनी, सुरेंद्र राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, राजेश बतौरा, विवेक गुप्ता, सतीश धीमान, जसविंद्र सिंह, नरेंद्र राणा, राजू मक्कड़, अमित वालिया, जगदीप कौर, राजेश लाडी, रणदीप सैनी, मंगू राम शर्मा, रिंकी वालिया, आहना गुप्ता, संजू महात्मा, पवन गुर्जर, राजबीर बराड़ा, प्रीतपाल कौर और मदन चानना आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा के 10 साल का हिसाब किताब मैं हर रोज जनता के बीच रख रहा हूं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी तो 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं, वे भी तो जनता को हिसाब दें। 10 साल में हुड्डा ने क्या किया ये भी जनता को बताएं। सैनी ने कहा कि हिसाब देना तो दूर, मैंने पांच सवाल किए थे उनका जवाब आज तक हुड्डा ने नहीं दिया। मैं हुड्डा को समय देता हूं कि वे राहुल गांधी से पूछकर मेरे सवालों का जवाब दें। हुड्डा जनता को गुमराह न करें और झूठ फैलने का काम न करें। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने अपनी जनकल्याणकारी नीतियों के बलबूते प्रदेश में अंगद की तरह पैर जमा लिया है और हुड्डा इस पैर को हिला भी नहीं सकते। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जन आशीर्वाद रैली में कहा कि कांग्रेस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 100-100 गज के प्लाट के नाम पर गरीब लोगों को लॉलीपॉप दिया। न तो लोगों को कागज दिए गए और न ही कब्जा, हमने लोगों को प्लॉट, कागज और कब्जा सब कुछ दिया। हमारा लक्ष्य है कि हर परिवार के सिर पर छत हो और इसके लिए केंद्र सरकार भी काम कर रही है। हमने 100 दिनों में हर रोज बड़े फैसले लिए और हुड्डा दुष्प्रचार कर रहे हैं कि भाजपा सिर्फ घोषणाएं कर रही है। हुड्डा को बताना चाहूंगा कि ये घोषणाएं नहीं थी, बल्कि कैबिनेट में पास करवाकर एक्ट बनाकर सभी काम पूरे किए गए हैं।

## कांग्रेस की संदेश यात्रा भाजपा के लिए आखिरी कील, हरियाणा में परिवर्तन की बयार - रणदीप सुरजेवाला

एजेंसी

**करनाल।** कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया कि हरियाणा में 1 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के कुशासन का अंत हो जाएगा। सुरजेवाला ने कहा कि 1 अक्टूबर को वोट की चोट से राज्य की सरकार बदलने वाली है। उन्होंने कहा, इस बार विधानसभा सीट में भाजपा की सिंगल डिजिट में सीट आएगी। हरियाणा के आम जनता, किसान, मजदूर, महिला, युवा परेशान हैं। जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है। कांग्रेस की संदेश यात्रा भाजपा की विदाई में आखिरी कील का काम करेगी।

करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के रोते हुए पोस्टर लगाने के बारे में पूछे जाने पर सुरजेवाला ने कहा कि किसी नेता के बारे में नकारात्मक या गलत कहना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, जिन्होंने पोस्टर लगाए हैं वे कांग्रेस के लोग नहीं हैं। भाजपा खुद के ऊपर षड्यंत्र करती है। खुद अपने ऊपर कालिख फेंककर रोते हैं। हम दोनों के चरित्र और चेहरे में यही अंतर है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस चाहती



है सकारात्मक एजेंडे पर कांग्रेस की सरकार बने, न कि किसी झूठ पर। कांग्रेस की कार्यसमिति और चुनाव समिति टिकट वितरण को लेकर फैसला करेगी। उनके विधानसभा चुनाव लड़ने पर सुरजेवाला ने कहा कि यह पार्टी तय करेगी। हरियाणा में नई सरकार के गठन के लिए सभी 90 सीटों पर 1 अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान होगा। चुनाव परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। चुनावों के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर और जांच की अंतिम तिथि 13 सितंबर है। वहीं, नाम वापसी की अंतिम तिथि 16 सितंबर तक होगी।

हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं, जिनमें 17 अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस बार के चुनाव में 10,321 शतायु मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा होंगे।

## हथियार डालने की बजाय राज्यसभा का चुनाव लड़े कांग्रेस : पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि एक सितंबर से पहले जननायक जनता पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक होगी और इस बैठक में उम्मीदवारों की लिस्ट पर चर्चा करके प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जेजेपी सबसे ज्यादा युवा उम्मीदवारों को प्राथमिकता देगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि युवाओं को लेकर जेजेपी ने सिरसा में हुए इनसो के कार्यक्रम में अग्निवीरों को मुफ्त शिक्षा देने जैसी कई बड़ी घोषणाएं की है। उन्होंने कहा कि जेजेपी जल्द ही महिला, किसान, कमेरे वर्ग के हित में भी घोषणाएं करेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री दिल्ली में पत्रकारों से रूबरू थे।

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने सरकार में हिस्सेदारी के दौरान 2019 के अपने चुनाव घोषणा पत्र के प्रत्येक बिंदु पर काम किया था। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने कुरुक्षेत्र में रविदास मंदिर निर्माण, 75 प्रतिशत रोजगार कानून, पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, बीसीए को आठ प्रतिशत आरक्षण देने जैसी अनेक बड़ी घोषणाओं पर काम करके



दिखाया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी जेजेपी जो-जो घोषणाएं करेगी, उन्हें जनता के विश्वास के साथ पूरा करेगी। राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अगर अब जेजेपी के पास 10 विधायक होते तो वो राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन भरवा देते, लेकिन पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास 30 से ज्यादा विधायकों का समर्थन होने के बावजूद वे डर रहे है। उन्होंने कहा कि मैदान में हथियार डालने से अच्छा है कि लड़ा जाएं, क्योंकि लड़ने वाले की ही जीत होती है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अभी भी भूपेंद्र हुड्डा के पास समय है, अगर हुड्डा हिम्मत दिखाते है तो वे खुद पूर्व सीएम के साथ जाकर उम्मीदवार का नामांकन भरवाने के लिए तैयार है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा इतनी हिम्मत नहीं दिखा पाएंगे क्योंकि उन्हें डर है और उन्हें यह डर पिछले 10 सालों से है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस में टिकट बंटवारे के समय में भी हुड्डा का यह डर साफ देखने को मिलेगा। जेजेपी छोड़ने वाले विधायकों के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने विधायकों को मान-सम्मान देने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी और जेजेपी से ज्यादा मान-सम्मान उन्हें कहीं नहीं मिलेगा इसलिए पार्टी छोड़ने की क्या वजह रही, वही बता पाएंगे।

## किरण चौधरी का हरियाणा विधानसभा से इस्तीफा, भाजपा से होंगी राज्यसभा की उम्मीदवार

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा में चार बार की कांग्रेस विधायक किरण चौधरी ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। वो हरियाणा की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी की ओर से उम्मीदवार होंगी। उन्होंने जून में बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा का दामन थामा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने राज्यसभा सीट खाली कर दी थी। माना जा रहा है कि भाजपा राज्यसभा सीट के लिए किरण चौधरी के नाम की घोषणा कर सकती है। 2019 में भिवानी के तोशाम से कांग्रेस की विधायक चुनी गई किरण चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहू हैं। किरण ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए कहा कि पार्टी को व्यक्तिगत जागीर की तरह चलाया जा रहा है। उनका इशारा



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की ओर था। राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। 90 सदस्यीय सदन में कांग्रेस को बहुमत नहीं है। राज्यसभा सीट जीतने के लिए उम्मीदवार को 44 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

किरण के पार्टी छोड़ने के बाद कांग्रेस के पास 28 विधायक रह गए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस को अपना समर्थन दिया है, जिससे कांग्रेस के विधायकों की संख्या 31 हो गई है। भाजपा के पास 41 विधायक हैं। हरियाणा लोकहित पार्टी के विधायक गोपाल कांडा और निर्दलीय नयन पाल रावत के समर्थन से उनके विधायकों की संख्या 43 हो गई।

जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के विधायक राम निवास सुरजाखेड़ा और जोगी राम सिहाग ने लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन किया था। अगर वे भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार को भी समर्थन देते हैं, तो पार्टी की संख्या 45 हो जाएगी। कांग्रेस ने किरण को अयोग्य ठहराने के लिए स्पीकर गुप्ता को याचिका दी है। जबकि जेजेपी ने भी सुरजाखेड़ा और सिहाग को अयोग्य ठहराने की मांग की है। दोनों मामले अभी भी लंबित हैं।

## हरियाणा में पैरा मिलेट्री की 70 कंपनियों ने संभाला मोर्चा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ चुनाव आयोग तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। राज्य के संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। राज्य में पैरा मिल्ट्री की 70 कंपनियों ने संभाला मोर्चा संभाल लिया है।

दरअसल, हरियाणा निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार से 225 सुरक्षा कंपनियों की डिमांड की है, जिसमें 70 कंपनियां अलाट कर दी गई हैं, बाकी मतदान से पहले पहुंचने की संभावना है। चुनाव के दौरान शराब व नशीले पदार्थों की तस्करी पर तमाम एजेंसियां और पर्यवेक्षक निगरानी रखेंगे। चुनाव में धांधली या किसी अन्य तरह की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग 100 मिनट में कार्रवाई करेगा। इस चुनाव में उम्मीदवार चुनाव प्रचार पर 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे।

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी कराने को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह तैयार है। आयोग की ओर से 225 सुरक्षा कंपनियों की डिमांड भेजी गई है, जिसमें से 70 कंपनियों ने मोर्चा संभाल लिया है, जोकि विधानसभाओं में मार्च पास्ट निकाल रही हैं। इसके साथ ही उन गांवों का भी दौरा कर रही हैं, जो ज्यादा संवेदनशील हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। हालांकि 2 सितंबर तक कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है।

## मेले हमारी समृद्ध विरासत और परंपरा के प्रतीकः चौ. रणजीत सिंह

एजेंसी

**सिरसा।** श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट संतनगर में मेला तीयां दा का भव्य आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाओं ने शिरकत की। इस अवसर पर हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौ. रणजीत सिंह व उनकी धर्मपत्नी इंद्रा चौटाला बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए और महिलाओं को तीज महोत्सव की शुभकामनाएं दी। दिल्ली हाईकोर्ट से दंडाधिकारी अभिषेक शर्मा व एडवोकेट परमिंद्र सिंह संधु विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। पंजाब की मशहूर गायिका सतविंद्र बिट्?टी ने अपनी लोकगायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान खीर, पूड़े व चावल का लंगर भी वितरित किया गया।

कैबिनेट मंत्री चौ. रणजीत सिंह व उनकी पत्नी इंद्रा चौटाला ने सभी महिलाओं को तीज उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीज का त्योहार हरियाणा पंजाब राजस्थान की त्रिवेणी का प्रमुख त्योहार है और यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। हम लगातार बरसों से इस त्योहार को मनाते आ रहे हैं। उन्होंने मेला प्रबंधकों को अपनी ओर से साधुवाद देते हुए कहा कि इस इलाके में श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट लगातार अपने प्रयासों से लोगों को पंजाब की समृद्ध



विरासत से जोड़ने के लिए काम कर रहा है। मेला प्रबंधकों ने बताया कि मेले के दौरान महिलाओं के लिए झूले, खाने-पीने की स्टालें, पंजाबी विरासत से जुड़े प्रतीक, गायन-नृत्य का विशेष प्रबंध किया गया था। प्रसिद्ध पंजाबी गायिका सतविंद्र बिट्टी के गीतों ने तीज और पंजाबी विरासत को संजीदा कर दिया। सैंकड़ों की संख्या में यहां आई महिलाओं ने गिद्दा और भंगड़ा प्रस्तुत करके समां बांध दिया। मेला प्रबंधकों ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। हमारा निरंतर प्रयास रहता है कि श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से इस तरह के कार्यक्रम करवाए जाते रहें ताकि हमारे युवा अपनी संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करके उनके अंग संग रहें। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह ढ़िल्लों, जतिंद्र ढ़िल्लों, जगरूप पोरवाल, हरदीप झाबर, अमर कूका, बली सिंह सेठ, छिंद्रपाल नकोड़ा, ज्ञान मान, कश्मीर विर्क व श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्र निर्माण में सिख समाज की भूमिका अहम : ज्ञानचंद गुप्ता

एजेंसी

**चंडीगढ़।** सरदार स्वर्ण सिंह को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी (एचएसजीपीसी) के सदस्य के तौर पर नामित करने से पंचकूला जिले में खुशी की लहर है।

स्वर्ण सिंह ने बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों के साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के आवास पर पहुंचकर उनका आभार प्रकट किया। स्वर्ण सिंह ने कहा कि वे कमेटी के सदस्य के तौर पर सिख समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए आवाज उठाएंगे तथा गुरुद्वारों की प्रबंध व्यवस्था के लिए भरसक प्रयास करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि सिख देश की मार्शल कौम है और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका बहुत मायने रखती है। सिख समुदाय मूल रूप से राष्ट्रवादी समाज है और आजादी के आंदोलन में इनका विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारों का समुचित प्रबंध करने के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की एडहाक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में 41 नए सदस्यों की नियुक्तियां की हैं। यह एडहाक कमेटी गुरुद्वारों के रखरखाव और प्रबंधन से जुड़े कार्य देखेगी। इस अवसर पर



**स्वर्ण सिंह ने कहा कि वे कमेटी के सदस्य के तौर पर सिख समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए आवाज उठाएंगे तथा गुरुद्वारों की प्रबंध व्यवस्था के लिए भरसक प्रयास करेंगे।**

बूंगा की सरपंच कविता चौधरी, पूर्व सरपंच भाग सिंह, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य सरदार स्वर्ण सिंह, जसविंद्र सिंह चौधरी, नैब सिंह चौधरी, सतबीर चौधरी, सरदार मलकीत सिंह, जोरावर सिंह, परमजीत कौर ढिल्लों, प्रधान सुंदर, जसवंत सिंह, नवनीत सिंह, निर्भय सिंह, लविश चौधरी, पवन कुमार मौजूद रहे।

## अप्रैल से अब तक 39619 घरों में से 367 में मिला डेंगू का लार्वा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** नगर निगम की ओर से डेंगू पर नियंत्रण के लिए पहली अप्रैल से अब तक कुल 39619 घरों का लार्विसाइड के लिए दौरा किया गया। इनमें से 367 घरों में लार्वा पॉजिटिव पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम गुरुग्राम के चीफ मेडिकल ऑफिसर डा. आशीष सिंगला के मुताबिक निगम टीमें हॉटस्पॉट क्षेत्रों का नियमित दौरा कर रही हैं। मच्छरों के प्रजनन को नियंत्रित करने के लिए दैनिक आधार पर लार्विसाइड गतिविधियां की जा रही हैं। इसके लिए टेमीफोस का उपयोग किया जा रहा है।

मच्छरों पर नियंत्रण के लिए दैनिक आधार पर फॉगिंग की जा रही है। इसके लिए सभी 35 वार्डों में 42 हैंड माउंटेड फॉगिंग मशीनें और 10 वाहन माउंटेड फॉगिंग मशीनें चल रही हैं। सभी वार्ड, आरडब्ल्यूए, सरकारी कार्यालय, स्कूल, पुलिस स्टेशन, स्लम क्षेत्र और सभी हॉटस्पॉट (कुल 852 क्षेत्रों) को पहले से ही फॉगिंग टीमों द्वारा कवर किया गया था। अब टीमें अपने संबंधित वार्ड क्षेत्रों में नियमित रूप से फॉगिंग कर रही है। जीएमडीए पोर्टल, सोशल मीडिया, टेलीफोन, वाट्सएप सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार गुरुग्राम में डेंगू और मलेरिया के मामलों की संख्या को कम करने के लिए काम किया जा रहा है। नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सभी नागरिक स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें, उनकी बात सुनें और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अपने दैनिक जीवन में लागू करें, ताकि गुरुग्राम को डेंगू मुक्त बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि हम सभी को डेंगू व मलेरिया के बारे में जागरूक होना होगा। अपने घर और आसपास साफ-सफाई रखें तथा पानी का एकत्रित ना होने दें। नियमित रूप से पानी की टंकी और फ्रिज के पानी की ट्रे की जांच करें। डेंगू का लार्वा साफ और रुके हुए पानी में पनपता है। अगर हम ऐसा करेंगे तो डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियों से बच सकते हैं।

## बलिदानी कुलदीप मलिक का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

एजेंसी

**जींद।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में गत आतंकी हमले में बलिदान होने वाले जींद जिले के निडानी गांव के सीआरपीएफ इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक का बुधवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुलदीप के बेटे नवीन ने मुखाग्नि दी। सेना के अधिकारियों ने उनके बेटे को तिरंगा सौंपा। सेना की टुकड़ी ने बलिदानी को अंतिम सलामी दी और मातमी धुन बजाई। ग्रामीणों के अलावा आसपास के गांवों से भी लोग तथा हजारों युवा शहीद की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा के अलावा प्रशासन की तरफ से डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी सुमित कुमार ने बलिदानी को श्रद्धांजलि दी।

**44 दिन में दूसरा हरियाणा का लाल कुर्बान**

जींद जिले के गांव निडानी निवासी सीआरपीएफ इंस्पेक्टर कुलदीप मालिक का जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ के दौरान दिन बलिदान हो गए थे। 54 वर्षीय कुलदीप मलिक जल्द ही डीएसपी के पद पर पदोन्नत होने वाले थे। 44 दिन के भीतर देश के हरियाणा और जींद की माटी के दूसरे लाल ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इससे पहले 7 जुलाई को जाजनवाला के लांस नायक पैरा कमांडो प्रदीप नैन शहीद हुए थे। कुश्ती में नेशनल स्तर के खिलाड़ी रहे कुलदीप लगभग 34 साल पहले खेल कोटे से सीआरपीएफ में बतौर कांस्टेबल नियुक्त हुए थे। उनके दो भाई दिलबाग व सतपाल गांव में ही खेती करते हैं। कुलदीप का बड़ा बेटा नवीन सेना में चालक के पद पर दिल्ली में तैनात है और दूसरा संजय रेलवे पुलिस में अमृतसर में तैनात है। दोनों बेटे शादीशुदा हैं। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले कुलदीप की पत्नी लक्ष्मी का रो-रो कर बुरा हाल था। पति के अंतिम दर्शन के समय लक्ष्मी ने वंदे मातरम का नारा तो जरूर लगाया लेकिन वह अपने आंसू नहीं रोक पाई। कुलदीप के बेटे नवीन और संजय अपने आंसू रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ये थम नहीं पा रहे थे।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 77.06 डॉलर प्रति बैरल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लंबे समय कीमत स्थिर है। अंतरराष्?ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये, डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्?ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन बुधवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.14 डॉलर यानी 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 77.06 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.33 डॉलर यानी 0.44 फीसदी लुढ़कर 74.04 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।



## बुर्किना फासो के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री से मिलीं निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में बुर्किना फासो के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री अबूबकर नाकानाबो से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने समकक्ष मंत्री बुर्किना फासो के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री अबूबकर नाकानाबो से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने आपसी हितों के विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि बुर्किना फासो के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री अबूबकर नाकानाबो भारत के दौरे पर हैं।



## देश में मोबाइल धारकों की संख्या हुयी 117 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** देश में जून 2024 में मोबाइल फोन धारकों की संख्या बढ़कर 15.7 लाख बढ़कर 117.05 करोड़ हो गयी । ट्राई द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार जून 2024 में मोबाइल और बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या 120.56 करोड़ हो गयी। इस दौरान बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या 3.51 करोड़ रही है। जून 2024 में बेसिक टेलीफोन धारकों की संख्या में 3.7 लाख की बढोतरी हुयी है। ट्राई के अनुसार जून 2024 में शहरी क्षेत्रों में मोबाइल धारकों की संख्या 63.50 करोड़ रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल धारकों की संख्या 53.55 करोड़ रही है। शहरी क्षेत्रों में बेसिक टेलीफोन धारकों की संख्या 3.21 करोड़ रही है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके ग्राहकों की संख्या 29.80 लाख रही है।

## एक साल में 7.3 करोड़ इंटरनेट ग्राहक और 7.7 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहक जुड़े

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि देखी है क्योंकि इस एक वर्ष में 7.3 करोड़ इंटरनेट ग्राहक और 7.7 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहक बने हैं और कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 119.9 करोड़ तक पहुँच गयी है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट में विभिन्न सेवाओं में महत्वपूर्ण वृद्धि के रुझान और प्रमुख मापदंडों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट सेवा प्रदाताओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में कुल टेली-घनत्व मार्च 2023 के अंत में 84.51 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 85.69 प्रतिशत हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार इंटरनेट ग्राहकों की कुल संख्या मार्च 2023 के अंत में 88.1 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 95.4 करोड़ हो गई, जिसमें वार्षिक वृद्धि दर 8.30 प्रतिशत रही, जिसके कारण पिछले एक वर्ष में 7.3 करोड़ इंटरनेट ग्राहक जुड़े। इसी तरह से ब्रॉडबैंड सेवाओं की गति बनी रही। ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या मार्च 2023 में 84.6 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 में 92.4 करोड़ हो गई। 7.8 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों की वृद्धि के साथ 9.15 प्रतिशत की यह वृद्धि दर हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के महत्व को रेखांकित करती है।

# सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी कीमत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी में आज तेजी आई है। ये चमकीली धातु आज 1,200 रुपये की मजबूती के साथ कारोबार कर रही है। सोने के भाव में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये से लेकर 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,740 रुपये से लेकर 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 87,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट



सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,810 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# 500 करोड़ की मालकिन, खुद के 2-2 घर, फिर भी किराये एक मकान में रहतीं, इस लड़की ने गजब दिमाग लगाया

**नई दिल्ली.** अक्सर लोगों के बीच खुद का घर खरीदने या किराये पर रहने के मुद्दे को लेकर बहस होती है. ज्यादातर लोग मानते हैं कि घर खरीदना जरूरी भी है और समझदारी भरा फैसला है. लेकिन, कुछ लोग ऐसे हैं जो करोड़ों कमाने के बाद भी घर खरीदना सही नहीं समझते हैं. बेंगलुरु की युवा उद्यमी सुहासिनी संपत का भी लगभग यही सोचना है. पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट रही सुहासिनी संपत ने एक खास पॉडकास्ट शो में यह बताया कि 500 करोड़ रुपये की मालकिन होने के बावजूद वे किराये के घर में रहना क्यों पसंद करती हैं. सुहासिनी संपत ने लोगों को यह कहकर चौंका दिया कि उनके पास दो प्रॉपर्टी हैं, लेकिन, इसके बावजूद वह बेंगलुरु में किराए के मकान में रहती हैं. इस युवा उद्यमी ने इसकी एक खास वजह बताई.



**बताया कैपिटल गेन टैक्स बचाने का तरीका**

दरअसल जब सुहासिनी संपत से पूछा गया कि वे रियल एस्टेट अपने इन्वेस्टमेंट को कैसे मैनेज कर रही हैं तो संपत ने जवाब दिया- ÷मैं एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हूँ इसलिए टैक्स के मामले में समझ के साथ काम लेती हूं. अगर आपके पास दो घर हैं तो आप कैपिटल गैन टेक्स में छूट का फायदा ले सकते हैं.

हालांकि, जब सुहासिनी से पूछा गया कि क्या उन्होंने टैक्स बचाने के लिए दो घर खरीदे हैं. इस सवाल को टालते हुए सुहासिनी संपत ने कहा कि उनके पास दो प्रॉपर्टी हैं, लेकिन वे उनमें से किसी में नहीं रहती हैं बल्कि रेंट पर रह रही हैं.

**कई दिग्गज भी रहते किराये के मकान में**

हालांकि, सुहासिनी संपत ही नहीं बल्कि कई और ऐसे युवा उद्योगपति हैं जो घर खरीदने के बजाय किराये पर रहना पसंद करते हैं. इनमें जेरोधा के को-फाउंडर नितिन कामथ भी शामिल हैं.

उन्होंने के पॉडकास्ट में कहा था, ÷मैं आज के वैल्युएशन पर प्रॉपर्टी खरीदने के लिए खुद को तैयार नहीं हूं. क्योंकि, व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि घरों और ऑफिसेज की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई मतलब नहीं है.

# ईपीएफओ ने जून महीने के दौरान नेट 19.29 लाख सदस्य जोड़े

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में सेवानिवृति कोष का प्रबंधन करने वाला निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जून महीने में शुद्ध रूप से (नेट) 19.29 लाख सदस्यों को जोड़ा है। आंकड़ों के विश्लेषण के मुताबिक शुद्ध रूप से जोड़े गए सदस्यों में जून, 2023 के मुकाबले 7.86 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है।

श्रम मंत्रालय एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि संगठित क्षेत्र में नौकरियों में इजाफा हुआ है। ईपीएफओ के जारी आंकड़ों से पता चलता है कि जून, 2024 के दौरान करीब 10.25 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। ये मई, 2024 में जुड़े नए सदस्यों के मुकाबले 4.08 फीसदी अधिक है, जबकि पिछले साल जून के मुकाबले 1.05 फीसदी अधिक है

आंकड़ों के मुताबिक जून में जुड़ने वाले सदस्यों में 18-25 आयु वाले युवाओं का दबदबा रहा, जो जून में जुड़े कुल नए सदस्यों का 59.14 फीसदी है। ये बताता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं, जिन्हें पहली बार नौकरी मिली है। मंत्रालय ने कहा कि ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या में वृद्धि की मुख?य वजह रोजगार के अवसरों में वृद्धि, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम शामिल हैं। ईपीएफओ के जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जून महीने के दौरान जोड़े गए स्त्री-पुरूष के आधार पर नए सदस्यों में से करीब 2.98 लाख महिलाएं हैं। ये आंकड़ा पिछले वर्ष जून की तुलना में 5.88 फीसदी अधिक है। इसके साथ ही शुद्ध रूप से जून में 4.28 लाख महिला सदस्यों को जोड़ा गया है, जो सालाना आधार पर 8.91 फीसदी अधिक है।

उल्लेखनीय है कि पेरोल आंकड़े के राज्य-वार विश्लेषण से पता चलता है कि शुद्ध रूप से जून में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा में सदस्यों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। इन सदस्यों की वृद्धि में इन राज्यों का योगदान लगभग 61.16 फीसदी है।

## सभी करदाताओं के लिए आयकर क्लियरेंस प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं : सीबीडीटी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज फिर से स्पष्ट किया कि सभी करदाताओं को आयकर क्लियरेंस प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है लेकिन कुछ मामलों की इसकी जरूरत होगी।

सीबीडीटी ने यहां जारी स्पष्टीकरण में कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 ('अधिनियम') की धारा 230 (1ए) भारत में रहने वाले व्यक्तियों द्वारा, कुछ परिस्थितियों में, कर निकासी प्रमाणपत्र प्राप्त करने से संबंधित है। जैसा कि यह कहा गया है, उक्त प्रावधान वित्त अधिनियम, 2003 के माध्यम से दिनांक 01 जनवरी 2003 से लागू हुआ। एक जून 2003. वित्त (नंबर 2) अधिनियम, 2024 ने अधिनियम की धारा 230(1ए) में केवल एक संशोधन किया है, जिसके तहत काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 का संदर्भ दिया गया है। उक्त धारा में काला धन अधिनियम') जोड़ा गया है। यह सम्मिलन काले धन अधिनियम के तहत देनदारियों को उसी तरह से कवर करने के लिए किया गया है जैसे आयकर अधिनियम, 1961 और आय की धारा 230 (1 ए) के प्रयोजन के लिए प्रत्यक्ष करों से संबंधित अन्य अधिनियमों के तहत देनदारियों को कवर करने के लिए किया गया है।

# लगातार दूसरे साल दुनिया के टॉप बैंकर चुने गए शक्तिकांत दास

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास के काम का लोहा अब दुनिया मानने लगी है। शक्तिकांत दास लगातार दूसरे साल दुनिया के टॉप सेंट्रल बैंकर चुने गए हैं। उन्हे ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2024 मेंA+ रेटिंग मिली है।

आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड में उन्हें A+ ग्रेड देकर दुनिया का टॉप बैंकर करार दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस ग्रेड कैटेगरी में सिर्फ 3 सेंट्रल बैंकर ही शामिल हैं। शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस



जॉर्डन को भीA+ रेटिंग मिली है। शक्तिकांत दास को महंगाई पर कंट्रोल, इकोनॉमिक ग्रोथ, करेंसी में स्टेबिलिटी और ब्याज दरों पर नियंत्रण के लिए यह सम्मान दिया गया है। वे पिछले साल भी टॉप सेंट्रल बैंकर चुने गए थे, उन्हेA+ रेटिंग मिली थी। आरबीआई गवर्नर दास को पिछले वर्ष जून में लंदन के सेंट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स 2023 में 'गवर्नर ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# इंडिगो की नई दिल्ली-विजयवाड़ा मार्ग पर 14 सितंबर से सीधी उड़ान

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बजट एयरलाइन इंडिगो ने राजधानी नई दिल्ली से विजयवाड़ा को जोड़ने वाले एक नए सीधे उड़ान मार्ग की शुरूआत 14 सितंबर से करने की घोषणा की है। प्रतिदिन संचालित होने वाली इस नई सेवा से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आंध्र प्रदेश के उभरते व्यापारिक केंद्र विजयवाड़ा के बीच व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इंडिगो के ग्लोबल सेल्स हेड विनय मल्होत्रा ने नए रूट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि हमें नई दिल्ली और विजयवाड़ा को जोड़ने वाली अपनी दैनिक नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करने की खुशी है। इन उड़ानों की




शुरुआत के साथ ही इंडिगो विजयवाड़ा से भारत के 9 शहरों के लिए 135 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगा।

# चार राज्यों की 60 राशन दुकानों को 'जन पोषण केंद्र' में बदलने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने चार राज्यों की 60 उचित मूल्य की दुकानों को जन पोषण केंद्र में बदलने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इस अवसर पर उन्होंने एफपीएस सहाय एप्लीकेशन, मेरा राशन ऐप 2.0, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, गुणवत्ता मैनुअल हैंडबुक, एफसीआई अनुबंध मैनुअल और 3 प्रयोगशालाओं की एनएबीएल मान्यता को भी लॉन्?च किया।

प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने इस परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि फिलहाल उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना की 60 उचित मूल्य की राशन दुकानों को 'जन पोषण केंद्र' में बदलने के लिए इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। इन दुकानों को फेयर प्राइस शॉप (एफपीएस) भी कहा जाता है। एफपीएस को आम बोलचाल में सरकारी राशन की दुकान कहते हैं। देश में लगभग 5.38 लाख राशन की दुकानें हैं। जोशी ने कहा कि जन पोषण केन्द्र उचित मूल्य की दुकानों के डीलरों को बेहतर आय और उपभोक्ताओं को पोषण युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएंगे।

जोशी ने कहा कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य एफपीएस की व्यवहार्यता को बढ़ावा देना और आम लोगों की पोषण के मामले में पहुंच में सुधार करना है। उन्होंने मौजूदा परिचालन अक्षमताओं का जिक्र




करते हुए कहा कि कुछ क्षेत्रों में एफपीएस सिर्फ 8-9 दिन के लिए खुलते हैं, जबकि दूसरे केंद्र हर तीन महीने में एक बार ही खुलते हैं। बाकी समय ये दुकानें बंद रहती हैं। जोशी ने इस बात पर जोर दिया कि एफपीएस डीलर के लिए मौजूदा कमीशन संरचना अपर्याप्त है। ऐसे में दुकान की जगह और जनशक्ति का अधिक प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए वैकल्पिक तरीकों की जरूरत है। खाद्य मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मकसद एफपीएस की व्यवहार्यता और पोषण युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को बढ़ाना है। उन्?होंने कहा कि पायलट परियोजना के तहत एफपीएस डीलर को सब्सिडी वाले अनाज के अलावा अपने उत्पादों में विविधता लाने की अनुमति होगी। ये दुकानें अपने नये रंगरूप में अब बाजरा, दालें, डेयरी उत्पाद और दैनिक जरूरत का सामान बेच सकती हैं। इससे डीलरों की कमाई के नए स्रोत खुल सकते हैं।

# प्रवर्तन कार्रवाई और व्यापार करने में आसानी के बीच संतुलन महत्वपूर्ण है : राजस्व सचिव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्य और केंद्रीय जीएसटी संरचनाओं के प्रवर्तन प्रमुखों के राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव श्री संजय मल्होत्रा ??ने की। यह राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र और राज्य दोनों संरचनाओं द्वारा फर्जी पंजीकरणों की पहचान करने और उन्हें समाप्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में राजस्व विभाग, सीबीआईसी, वाणिज्यिक कर आयुक्तों (सीसीटी) और राज्यों के जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों तथा जीएसटीएन के सीईओ और अधिकारियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू-आईएनडी) और केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो (सीईआईबी) जैसे अन्य प्रवर्तन और खुफिया प्राधिकरणों ने भी विचार-विमर्श में भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजस्व सचिव ने प्रवर्तन कार्रवाइयों और व्यापार करने में आसानी के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने केंद्रीय और राज्य जीएसटी संरचनाओं को इस विशेष अभियान के दौरान फर्जी पंजीकरणों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया और फर्जी आईटीसी के मास्टरमाइंड और लाभार्थियों को ट्रैक करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आवश्यक निवारक प्रभाव के लिए सख्त कार्रवाई की जा सके। श्री मल्होत्रा ने कहा कि जीएसटी रिटर्न जैसे जीएसटीआर-1ए में हाल ही में लागू किए गए बदलाव जीएसटी चोरी से व्यवस्थित तरीके से निपटने के प्रयासों में और मदद करेंगे। एक दिवसीय सम्मेलन का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल ने सम्मेलन के पहले संस्करण में हुई चर्चा को याद किया और प्रवर्तन एजेंसियों को कर चोरी करने वालों से आगे रहने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि जीएसटी प्रणाली की पवित्रता बनी रहे। उन्होंने प्रवर्तन इकाइयों को व्याख्यात्मक मुद्दों और सामान्य उद्योग अभ्यास के बजाय वास्तविक कर चोरी पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

# शेयर बाजार में 3 कंपनियों की धांसू एंट्री, लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में तीन नई कंपनियों ने अपने कारोबार की शानदार शुरुआत की। इनमें पॉजिट्रॉन एनर्जी के शेयर ने पहले दिन ही अपने निवेशकों को 99 प्रतिशत से अधिक का फायदा करा दिया। इसी तरह सनलाइट रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज के शेयर भी 90 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। इसके अलावा सरस्वती साड़ी डिपो के शेयर 21 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। तीनों कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के बाद अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए।

ऑयल एंड गैस सेक्टर की कंपनियों को टेक्निकल और मैनेजेरियल एडवाइस देने वाली कंपनी पॉजिट्रॉन एनर्जी के शेयरों की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफार्म पर 90 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत 250 रुपये के भाव पर जारी हुआ ये शेयर आज 475 रुपये की कीमत पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के बाद इस शेयर में और उछाल आया, जिसके कारण ये बढ़ कर 498.75 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गया। इस तरह इस आईपीओ के तहत शेयर लेने वाले निवेशकों को पहले दिन ही 99.5 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। पॉजिट्रॉन एनर्जी का 51.21 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 से 14 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिसकी वजह से ये ओवरऑल 414.86 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसमें सबसे अधिक 805.84 गुना सब्सक्रिप्शन नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के जरिए आया,




जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के हिस्से में ये आईपीओ 351.90 गुना सब्सक्राइब हुआ।

इसी तरह कॉपर स्क्रैप की रीसाइक्लिंग करके तांबे का प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सनलाइट रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज के शेयर ने भी आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफार्म पर जोरदार दस्तक दी। आईपीओ के तहत 105 रुपये के भाव पर जारी हुआ ये शेयर आज 90 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ 199.50 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये शेयर 209.45 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। सनलाइट रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज का 30.24 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 अगस्त को खुलने के बाद 14 अगस्त को बंद हुआ था। ये आईपीओ ओवरऑल 282.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इसके अलावा महिलाओं के कपड़े तैयार करने वाली कंपनी सरस्वती साड़ी डिपो के शेयर ने आज स्टॉक मार्केट में 21 से 25 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ कारोबार की शुरुआत की।

आईपीओ के तहत 160 रुपये के भाव पर जारी हुआ शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 194 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ, जबकि बीएसई में इसकी लिस्टिंग 200 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद ये शेयर 209.95 के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ के जरिए निवेश करने वाले निवेशकों को अभी तक 31.21 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। सरस्वती साड़ी डिपो का 160.01 करोड़ रुपये का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए 12 से 14 अगस्त के बीच खुला था। ये आईपीओ ओवरऑल 107.39 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चे को कान्हा लुक देने के लिए अपनाएं ये टिप्स, नजरें हटाना होगा मुश्किल



**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन कई लोग अपने बच्चों को कान्हा और राधा रानी की तरह सजाते हैं। अगर आप भी इस जन्माष्टमी अपने बेटे को कान्हा का लुक देना चाहते हैं लेकिन थोड़ा कंफ्यूज हैं तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।**

देशभर में हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। जिसे कृष्ण भक्त जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन कई परिवारों में लोग अपने छोटे बच्चों को कान्हा और राधा रानी की तरह सजाते हैं। अगर आप भी इस जन्माष्टमी अपने बेटे को कान्हा का लुक देना चाहते हैं लेकिन थोड़ा कंफ्यूज हैं तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

बेटे को कान्हा लुक देने के लिए फॉलो करें ये टिप्स-

धोती-

बच्चे को कान्हा लुक देने के लिए सबसे पहले धोती का चुनाव सोच-समझकर करें। धोती एक ट्रेडिशनल ड्रेस है, जिसे माना जाता है कि कान्हा भी कैरी किया करते थे। बच्चे को कृष्णा लुक देने के लिए सबसे पहले आप उसके साइज की धोती खरीदकर रख लें। इसके लिए आप अपने पसंद की किसी भी रंग की धोती बाजार से खरीद सकती हैं। जन्माष्टमी के दिन आप अपने बच?चे को किसी भी रंग की सूती या सिल?क की धोती पहना सकते हैं।

मोर पंख-

भगवान कृ?ण का लुक बिना मोर पंख के अधूरा है। ऐसे में आप अपने बेटे को कृष्णा लुक देने के लिए उसके साइज का मोर पंख वाला मुकुट खरीद लें या फिर यह आपको किराए पर भी बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इस मुकुट को आप अपने बच्चे के बालों में क्लिप की मदद से लगा सकती हैं।

बांसुरी-

भगवान श्री कृष्णा का एक नाम मुरलीधर भी है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके एक हाथ में हमेशा उनकी बांसुरी रहती थी। अपने बच्चे को कान्हा का रूप देने के लिए उसकी धोती में बांसुरी जरूर लगाएं। आप इस बांसुरी को रंग बिरंगी लेस से भी सजा सकती हैं।

तिलक-

श्रीकृ?ण के माथे पर हमेशा तिलक लगा रहता है। आप भी बच?चे के माथे पर लाल और सफेद रंग का एक तिलक लगा सकते हैं।

गहने-

भगवान श्री कृष्ण की तस्वीरों में उन्हें गहने पहना देखा जा सकता है। ऐसे में बच्चे को कान्हा का लुक देने के लिए उसके गहनों में कानों में कुंडल, कंगन, पायल, गले में हार और बाजुबंद जैसी चीजें जरूर शामिल करें।

# व्यवस्था से टूटता भरोसा लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट



विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका न्यायपालिका से अलग है। संविधान में निश्चित रूप से शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत है। न्यायपालिका विधायिका या कार्यपालिका की भूमिका अपने हाथों में नहीं ले सकती है, लेकिन हस्तक्षेप कर सकती है। अदालतें ऐसी जगह बन रही हैं जहां लोग समाज के लिए अभिव्यक्ति को बुलंद आवाज देने के लिए आते हैं। तात्पर्य यह हैं कि न्याय एवं न्याय प्रणाली से टूटता भरोसा लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट की ओर इशारा करता है।देश की एक और जघन्य और बर्बर अमानवीय घटना ने देशवासियों को एक बार फिर हिला कर रख दिया है। सरकारें, किसी भी दल की हों, व्यवस्थाएं उसी तरह चल रहीं हैं। व्यवस्थाओं में आमूल-चूल बदलाव एवं परिवर्तन की बातें भी अब लोगों को विश्वास दिलाने में असफल साबित होने लगी हैं। निर्भया कांण्ड से लेकर आज तक इस तरह की कुत्सित, निंदनीय घटनाएं रूकने की बात तो दूर, कम होने तक का नाम नहीं ले रहीं हैं। ठीक है कि समाज में मानसिक विकृतियां, मनोविकार की स्थिति लगातार बढ़ रही है, जिसके अनेकानेक कारण हैं, लेकिन इस तरह की घटनाओं के पीछे के मनोविज्ञान को भी समझने की दरकार है। आज सरकारों की वोटबैंक की राजनीति के कारण अपराधियों में डर, भय खत्म हो रहा है। लगातार चलने वाले बोझिल कानूनी कार्रवाइयों से अपराधियों का हौसला पस्त नहीं हो पा रहा है, लिहाजा इस तरह की अमानवीय घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं।

भारतीय उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने विगत दिनों भारतीय न्याय व्यस्था यानि भारतीय कानूनी प्रणाली के बारे में जो बातें कहीं हैं, वह वाकई बहुत गंभीर है। आजादी के 75 सालों में भारतीय न्याय व्यस्था से आम आदमी वाकई निराश हुआ है। सत्ता, कुर्सी, बड़े एवं जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग उचित-अनुचित तरीके से कानून एवं न्याय आदि की व्याख्याएं अपनी सहूलियत एवं अपने बचाव के हिसाब से करने लगे हैं। ऐसे में आम जनता के लिए न्याय की उम्मीद पालना या न्याय पर भरोसा करना ही निरर्थक सा ही तो लगता है?

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ का कथन है कि ृइतिहास में कानूनी प्रणाली का एक तरह से दुरूपयोग हुआ है। दरअसल कानूनी प्रणाली अन्याय-भेदभाव के लिए एक तरह से हथियार की तरह होती है लेकिन इसी कानूनी प्रणाली ने हाशिए पर रह-रहे बहुसंख्यक समुदायों को नुकसान पहुंचाने का काम किया है।% सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस का कहना है कि लीगल सिस्टम को अक्सर समाज के हाशिए पर रहे समुदायों को दबाने के हथियार के लिए इस्तेमाल किया गया है। समाज में होने वाले भेदभाव और अन्याय को धीरे-धीरे सामान्य माना जाने लगा, जिससे कुछ समुदाय समाज की मुख्य धारा से अलग होते चले गए, इसके चलते हिंसा और बहिष्कार की घटनाएं बढ़ती चली गई।ऐसे वक्त में कानूनी प्रणाली ने भी हाशिए पर रह-रहे समुदायों के खिलाफ इतिहास में हुई गलतियों को कायम रखने में अहम भूमिका निभाई। भारत में जाति प्रथा के चलते निचली जातियों के लाखों लोगों को शोषण का शिकार होना पड़ा। महिलाओं और दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों को दबाया गया। इतिहास अन्याय के ऐसे उदाहरणों से भरा हुआ है। आज अधिकार मिलने के बाद भी महिलाओं के साथ हिंसा हो रही हैं। भारत में आजादी के बाद शोषण सहने वाले समुदायों के लिए कई नीतियां बनाई गईं। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रतिनिधित्व के अवसर दिए गए।हालांकि संवैधानिक अधिकारों के बावजूद समाज में महिलाओं को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव पर बैन लगने के बाद भी पिछड़े समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं। सीजेआई ने कहा कि बुरा संविधान भी अच्छा बन सकता है, बशर्ते उसे चलाने वाले अच्छे लोग हों। अंबेडकर कहते थे कि %संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर वे लोग खराब निकलें, जिन्हें संविधान को अमल में लाने का काम सौंपा जाएगा तो संविधान का खराब साबित होना तय है। वहीं, संविधान चाहे कितना भी खराब क्यों न हो, अगर जिन लोगों को इसे अमल में लाने की जिम्मेदारी दी गई है, वे अच्छे हैं तो संविधान का अच्छा साबित होना तय है।% भले ही न्यायाधीशों को जनता नहीं चुनती, लेकिन समाज में उनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, न्यायपालिका का समाज के विकास में %स्थिर प्रभाव% है।समाज में अदालतों की भूमिका पर चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, समाज प्रौद्योगिकी के साथ तेजी से बदल रहा है। भारत के बहुलतावादी समाज में न्यायाधीशों का तटस्थ रहना बेहद जरूरी होता है। न्यायाधीशों को %समय के उतार-चढ़ाव% से परे रहना चाहिए। भारत जैसे बहुलवादी समाज के संदर्भ में कोर्ट को सभ्यताओं, संस्कृतियों की समग्र स्थिरता में भूमिका निभानी है। सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के हिस्से के रूप में अदालतें नागरिक समाज और सामाजिक परिवर्तन की खोज के बीच जुड़ाव का केंद्र बिंदु बन गई हैं। लोग केवल नतीजों के लिए ही नहीं, बल्कि संवैधानिक परिवर्तन की प्रक्रिया में आवाज उठाने के लिए भी अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। यद्यपि यह एक जटिल सवाल है कि लोग अदालतों में क्यों आते हैं? और इसके कई कारण हैं।विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका न्यायपालिका से अलग है। संविधान में निश्चित रूप से शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत है। न्यायपालिका विधायिका या कार्यपालिका की भूमिका अपने हाथों में नहीं ले सकती है, लेकिन हस्तक्षेप कर सकती है। अदालतें ऐसी जगह बन रही हैं जहां लोग समाज के लिए अभिव्यक्ति को बुलंद आवाज देने के लिए आते हैं। तात्पर्य यह हैं कि न्याय एवं न्याय प्रणाली से टूटता भरोसा लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट की ओर इशारा करता है। यदि समय रहते सरकार इस पर गंभीरता से विमर्श नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में समाज में अराजकता की स्थिति निर्मित होने को रोक पाना असंभव हो सकता है।

## संपादकीय

# झारखंड में खेला करती भाजपा

इस बार लोकसभा में अपने लक्ष्य से काफी कम सीटें पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी उन हरकतों से बाज नहीं आ रही, जिनके कारण उसकी लोकसभा में सदस्य संख्या 303 से घटकर 240 हुई है। आज हालात ऐसे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो-दो पार्टियों के सहारे सरकार चला रहे हैं। जून में शपथ ग्रहण करने के बाद मोदी और उनके तथाकथित %चाणक्य% ने परिस्थितियों की नज़ाकत को समझते हुए अपने %आपरेशन लोटस% कार्यक्रम को विराम दे रखा था। लेकिन अब लगता है कि झारखंड के माध्यम से इसे पुनर्जीवित किया जा रहा है। हालांकि इसका पूरा श्रेय भाजपा को नहीं दिया जा सकता लेकिन इस बात को मानना होगा कि यदि स्थितियां बनीं तो भाजपा इसका पूरा फायदा उठायेगी।31 जनवरी को जब एक जमीन घोटाले के आरोप में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया था तो उन्होंने जेल जाने के पहले अपने पद पर उनके खास एवं वरिष्ठ सहयोगी चंपई सोरेन को बिठा दिया था जिनका ज्यादा नाम तो नहीं था, लेकिन जिनकी मजबूत जमीनी पकड़ है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय उन्होंने स्पष्ट किया था कि वे केवल हेमंत की कुर्सी सम्हाल रहे हैं और उनके प्रतिनिधि मात्र हैं। उन्होंने उस वक्त भी उनकी झारखंड मुक्ति मोर्चे की सरकार को गिरने और पार्टी को विभाजन से बचाया था, जो भाजपा की मंशा थी। इतना ही नहीं, उस दौरान लगातार मजबूत होते इंडिया गठबन्धन में भी उन्होंने कल्पना सोरेन के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाई थी। दिल्ली में वहां के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आयोजित इंडिया के घटक दलों की विशाल रैली में हिस्सा लिया था। सभी को भरोसा हो चला था कि तमाम संकटों के बावजूद झारखंड की सरकार टिकी रहेगी (जिसमें कांग्रेस भी भागीदार है) और वहां भाजपा की दाल फिलहाल नहीं गलने वाली। जुलाई की शुरुआत में जमानत मिल जाने पर हेमंत सोरेन लौटे तथा फिर मुख्यमंत्री पद पर विराजमान हो गये। चंपई सोरेन भी बिना किसी ना-नुकूर के कुर्सी से उतर आये।

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने बयानों से उन्होंने साफ संकेत दे दिया है कि वे बगावत पर उतर आये हैं। उनके साथ 6 और विधायकों के होने की भी बात कही जाती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि वे एक वरिष्ठ नेता रहे हैं लेकिन सीएम पद पर रहने के दौरान उन्हें कई तरीकों से अपमानित किया गया। उनका आरोप है कि वे अपने कार्यक्रम तक खुद नहीं बना सकते थे और कई बैठकों में उन्हें बुलाया तक नहीं जाता था। उन्हें सूचित किये बगैर ही उनके कार्यक्रम भी रद्द किये जाने की उन्होंने शिकायत की। उनका दावा है कि उनके इस अपमान के कारण वे अब विकल्प तलाशने पर मजबूर हो गये हैं। बताया जाता है कि वे पिछले कुछ अरसे से भाजपा के सम्पर्क में भी रहे हैं। हालांकि झारखंड के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस बात से इंकार करते हुए कहा है कि उनसे चंपई की कोई बात हुई है। उन्होंने कहा कि चंपई अपना रास्ता खुद तय करेंगे। राज्य भाजपा के कई नेता चंपई को लेकर बहुत सम्मान व्यक्त करने वाले बयान दे रहे हैं और इस बात को उभारने की कोशिश कर रहे हैं कि चंपई को अपमानित होना पड़ रहा है। यह भाषा बतला रही है कि चंपई अगर भाजपा में जाते हैं तो उन्हें प्रवेश दिया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने तो अपने एक्स पर उनका एनडीए में स्वागत तक कर डाला। %कोल्हान टाइगर% के नाम से पहचाने जाने वाले चंपई के बारे में जीतनराम ने यह भी कहा कि %आप टाइगर थे, टाइगर हैं और टाइगर ही रहेंगे।% अनुमान है कि चंपई कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वैसे खुद चंपई ने इस बात की पुष्टि नहीं की है; और हेमंत का आरोप है कि भाजपा पैसों के बल पर पार्टियां और परिवार तोड़ रही है। यह भी माना जाता है कि वे अलग पार्टी बनायेंगे। आदिवासियों के बीच अच्छी पैठ रखने वाले चंपई के पार्टी छोड़ने का असर वहां जेएमएम और इंडिया पर पड़ेगा- इसमें दो राय नहीं है।सवाल यह है कि यदि चंपई और उनके साथ 6 अन्य लोग जेएमएम छोड़ते हैं तो क्या झारखंड सरकार गिर जायेगी, तो ऐसा खतरा फिलहाल नहीं दिखता पर वहां की कुल 81 में 28 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित हैं जिन पर हेमंत एवं चंपई के बीच मुकाबला बढ़ सकता है। इस राज्य में बहुत ही जल्दी विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

# सस्ती एवं नकारात्मक राजनीति है लेटरल एंट्री का विरोध

भारतीय नौकरशाही संरचना के प्रभावी एवं परिणामकारी प्रदर्शन को निश्चित रूप से लेटरल एंट्री प्रक्रिया के साथ पूरक किया जा सकता है। लेटरल एंट्री नई बाहरी प्रतिभाओं को लाकर, सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक कल्याण के लिए और अधिक काम एवं प्रभावी काम करने के लिए प्रेरित करके नियमित सरकारी अधिकारियों को पूरक कर सकते हैं, लेकिन लेटरल एंट्री की प्रणाली को अधिक समावेशी, पारदर्शी और असरदार बनाने के लिए एक निश्चित नीति के साथ आगे बढ़ने एवं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक रवैया अपनाना देश विकास के लिये जरूरी प्रतीत होता है। इसके लिये वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार ने जो कदम उठाया है, उस पर राजनीति करने करने की बजाय उसमें देशहित को सामने रखा जाना चाहिए। वैश्वीकरण ने शासन के काम को अत्यंत जटिल बना दिया है और यही वजह है कि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता और कौशल की मांग पहले से बहुत अधिक बढ़ गई है। अर्थव्यवस्था और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में थिंक-टैंकों की आवश्यकता के मद्देनजर तथा अन्य ऐसे विभागों में जहाँ विशिष्ट प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है, लेटरल एंट्री से संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की जानी प्रासंगिक एवं उपयोगी कदम है।

संघ लोक सेवा आयोग ने केंद्र सरकार के 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव की भूमिकाओं के लिए प्रतिभाशाली, कार्यक्षम और दक्ष भारतीय नागरिकों से 45 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करके सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री (सीधी भर्ती) का स्वागतयोग्य एवं सराहनीय प्रयोग कर रहा है। भले ही इस मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में विरोध के स्वर देखने को मिल रहे हैं। वैसे भी ऐसे राजनीतिक लोगों एवं दलों की आंखों में किरणें आंज दी जाये तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। विपक्षी दलों विशेषतः कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के आरक्षण की उपेक्षा के लिए सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री नीति की आलोचना की है। जबकि भारत में सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री का तात्पर्य सरकार के मध्य और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर पेशेवरों एवं प्रतिभाशाली कर्मियों की भर्ती से है। जिसमें प्रतिभाशाली एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य विशिष्ट कौशल और विशेषज्ञता लाना है जो पारंपरिक नौकरशाही ढांचे में उतनी प्रभावी प्रतीत नहीं हो रही है। कई संभावित और अच्छे प्रशासक हैं जो अपनी कम उम्र के दौरान सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भाग नहीं लेते हैं। लेटरल एंट्री उन्हें शासन तंत्र का हिस्सा



बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। नया भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत निर्मित करने में इन प्रतिभाओं का उपयोग होना राष्ट्र में एक नयी रोशनी का अवतरण हो सकता है।

देखा यह गया है कि जब भी ब्यूरोक्रेसी में सुधार की चर्चा होती है, तो इसका विरोध होने लगता है, जो विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ-साथ संकीर्ण राजनीति का द्योतक हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों की ओर से जिस तरह लेटरल एंट्री पर आपत्ति जताई जा रही है, वह यही बताती है कि नकारात्मक राजनीति की जा रही है। यह आश्चर्जनक है कि ऐसे देश-विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के निर्णयों एवं मुद्दों का विरोध करने की राजनीति की कमान राहुल गांधी अपने हाथ में लेते हुए दिख रहे हैं। कम से कम उन्हें तो इससे बचना चाहिए, क्योंकि राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वित्त सचिव के रूप में मनमोहन सिंह की नियुक्ति लेटरल एंट्री ही थी और वह भी बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया के। भारत में लेटरल एंट्री कोई नई बात नहीं है। पहले भी भारत में इसका फायदा उठाया जा चुका है। मुख्य आर्थिक सलाहकार की नियुक्ति लेटरल एंट्री से ही की जाती रही है। पूर्व आर्थिक सलाहकार मोंटेक सिंह अहलूवालिया, आधार की नींव रखने वाले नंदन नीलेकणि जैसी बड़ी हस्तियां इसी के जरिए प्रशासन में शामिल हुईं। यह व्यवस्था तदर्थ आधार पर की गई है, यह संस्थागत नहीं है। लेटरल एंट्री की व्यवस्था सिर्फ भारत में ही है। ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे पश्चिमी देशों में पहले से ही सभी क्षेत्रों के योग्य कर्मियों के लिए विशिष्ट सरकारी पदों को खोल दिया है। यह नौकरी के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करने का एक बेहतर तरीका पाया गया है।स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। इसके विपरीत वर्तमान सरकार एक तय प्रक्रिया के तहत लेटरल एंट्री कर रही है। इसी कारण इसकी जिम्मेदारी संघ लोक सेवा आयोग को दी गई है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को यह भी पता होना चाहिए कि लेटरल एंट्री के जरिये जो नियुक्तियां की जा रही हैं, वे अस्थायी हैं। ये नियुक्तियां केवल तीन वर्ष के लिए हैं और उनमें अधिकतम दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती है। प्रशासन में सुधार की हर पहल को आरक्षण से जोड़ना केवल यही नहीं बताता कि वोट बैंक की सस्ती राजनीति अनियंत्रित हो रही है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि आरक्षण को हर मर्ज की दवा मान लिया गया है। यह ठीक नहीं कि होनी को अनहोनी बनाने का प्रयत्न हो। वैसे लेटरल एंट्री राष्ट्रहित का मुद्दा है। जिस पर 2002 की संविधान समीक्षा आयोग ने भी सिफ़ारिश वकालत की। मनमोहन सिंह के समय 2005 की द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर लेटरल एंट्री के लिए एक संस्थागत और पारदर्शी प्रक्रिया की सिफारिश की। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। नीति आयोग ने अपने तीन-वर्षीय कार्य एजेंडा में लेटरल एंट्री के विचार का समर्थन किया। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि लेटरल एंट्री से विशेष ज्ञान और प्रशासनिक कौशल को शामिल करके शासन में सुधार की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। शासन में सचिवों का क्षेत्रीय समूह ने भी लेटरल एंट्री प्रणाली का समर्थन किया। यह तर्क दिया गया कि लेटरल एंट्री प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को पेश करके सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया सकता है और उसे उच्च परणामकारी बनाया जा सकता है।विरोध के लिये विरोध करने की सोच एवं उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक नीति के द्वारा किसी का भी हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होती। राहुल गांधी और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से यह जो माहौल बनाया जा रहा है कि लेटरल एंट्री के जरिये विभिन्न मंत्रालयों में विशेषज्ञों की नियुक्तियों से आरक्षित वर्गों के हितों को नुकसान होगा, उसका इसलिए कोई औचित्य नहीं, क्योंकि यह कहीं नहीं कहा गया है कि इन वर्गों के लोग आवेदन नहीं कर सकते। राहुल गांधी किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक झूठा विमर्श खड़ा रहे हैं, इसका पता इससे भी चलता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय स्वयं उन्होंने पूर्व सैन्य अधिकारियों को लेटरल एंट्री के जरिये सिविल सेवाओं में शामिल करने का वादा किया था। लेटरल एंट्री का उद्देश्य है कि जहां कहीं भी कुशल और जानकार लोग हों, उनकी प्रशासन के संचालन में सेवाएं ली जाएं, ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्यूरोक्रेसी में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा करने से पहले इसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने की भी आवश्यकता है।राजनीतिक रूप से मजबूत और स्थिर नरेंद्र मोदी की सरकार ने कंपनियों के दिवालिया होने से जुड़े विवादों के निपटारे, जीएसटी लागू करने, नोटबंदी और कृषि क्षेत्र जैसे कई अहम सुधार किए हैं। मोदी सरकार ने श्रम कानूनों को भी सरल बनाया है। लेकिन, इन सुधारों को लेकर उन्हें उस वक्त के मुकाबले कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है, जब पहले पहल इन सुधारों का प्रस्ताव रखा गया था। लेटरल एंट्री जैसे मुद्दे पर भारी विरोध के बादल मंडरा सकते हैं, .




# कैनेडा में आपका स्वागत है



**पिछले समय से कैनेडा की तरफ़ पंजाबियों का रुझान बढ़ा है। इसके चलते उन्हें बहुत सारी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ रहा है। वे कुछ सवालों के भी सम्मुख हो रहे हैं...**

**आप** अपने काम से वापस घर आते हैं। कार पार्क कर जैसे ही आपने दरवाजा खोला, तो घर के बाहर लैटर बॉ स में हाथ डालते ही ट्रैफिक विभाग का पत्र मिलता है, जिसमें ओवर स्पीड गाड़ी चलाने या रैड लाइटपार करने के कारण आपको जुर्माने का भुगतान करने का निर्देश दिया गया होता है। साथ में यह भी स्लोगन होता है कि यह जुर्म आपने किस दिन, किस समय, किस सड़क पर किया फिर आपके मन में उस दिन की पूरी कहानी आ जाती है।'

ये शब्द हैं पॉइंट बेसिस पर पिछले वर्ष कैनेडा गए मास्टर चरनजीत सिंह सरोआ के। कैनेडा के नियमों, वहां की ट्रैफिक सिकल्ड वर्कर्स को पॉइंट सस्टम पर परिवार समेत कैनेडा आने के क़ानून के अधीन पंजाब प्रांत से टीचिंग क्षेत्र से संबंधित हज़ारों परिवार कैनेडा प्रवास कर चुके हैं और हज़ारों अपने नंबर का इंतज़ार कर रहे हैं।

मास्टर चरनजीत सिंह सरोआ ने बताया कि इस श्रेणी में जाने के लिए आवेदन के बाद पांच से छह वर्ष तक का समय लग जाता था,लेकिन अब नियमों में कुछ ढील देते हुए यह समय कम करके तीन से चार वर्ष का कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बेशक आर्थिक मंदी के चलते कैनेडा में इस वर्ष प्रवासियों की सख्या में कमी करने की चर्चा दिन प्रति दिन जोर पकड़ रही है, लेकिन पॉइंट सिस्टम के अधीन कुछ एक श्रेणियों के लिए समय सीमा को कम करके 6 से12 महीने भी कर दिया गया है।

कैनेडा आकर आप के पास डॉलर तो होंगे, गाड़ी होगी,साधन होंगे, लेकिन किसी के पास आप से बात करने का समय नहीं होगा। यहां आकर आपको अलगाव का सामना करना होगा, तेज बर्फ़ीली हवाओं का और साथ ही संवेदना रहित ठंडे माहौल का भी। आप तीस मंजिल ऊंची तीन चार सौ घरों की बिल्डिंग में हजारों लोगों के साथ रह तो रहे होंगे, लेकिन उनमें से न कोई आपको जानता होगा और न आप किसी को। जैसे-जैसे आप कैनेडा के नज़दीक होते जाएंगे, आपको महसूस होगा कि आप ख़ुद से दूर होते जा रहे हैं।

पॉइंट सिस्टम पर वहां जाने के लिए कतार में लगे पंजाबियों को परिवार समेत वहां पहुंचकर किस माहौल में ख़ुद को ढालना होगा, किन मुश्किलों का सामना करना होगा या फिर जिन परीक्षाओं से गुज़रना है उनके बारे में विस्तार से बात करते हुए मास्टर चरनजीत सिंह सरोआ ने कुछ यूं बताया–

पॉइंट सिस्टम पर कैनेडा पहुंचते ही जो बात सबसे ज्यादा सुख देती है, वो है एयरपोर्ट पर उतरते ही आपको कैनेडा में नागरिक बनने के लिए ज़रूरी फार्म भरवाकर जमां कर लेना। फिर नए देश में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए नए प्रवासियों के लिए प्रावधान है। वहां पर आपको हर प्रकार का फार्म भरने की सलाह मु.क्त दी जाती है। साथ ही फैकस, टैलीफोन व इंटरनैट की सुविधा भी बिल्कुल मुक्त प्रदान की जाती है। अगर आप कैनेडा स्टाइल की इंग्लिश में ख़ुद को मास्टर बनाना चाहते हैं,तो यह सैंटर आपका टैस्ट लेकर आपको फ्री कलास में दाखिला दिलाएगा। घर से सैंटर तक आने-जाने के लिए रोज़ाना बस का किराया भी सरकार इस सैंटर के माध्यम से आप तक पहुंचाती है। कैनेडा प्रवेश से पहले आपको अंग्रेज़ी व कंप्यूटर पर पूर्ण महारत होनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा और कंप्यूटर ही दो ऐसे माध्यम हैं, जिससे वहां पर आप अच्छे वेतन वाला काम जल्द से जल्द ढूंढ़ सकते हैं। नहीं तो वहां जाकर इन दोनों कामों के एलासें लगानी ज़रूरी हैं। इस श्रेणी के अधीन कैनेडा प्रवास करने वाले पढ़े लिखे व कारीगर होते हैं। वे वहां पर अपने प्रोफैशन में ही कामयाब होने के लिए प्रयासरत होते हैं, परंतु इस बात को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि वहां आपको उस देश के स्टैंडर्ड के हिसाब से स्वयं अपडेट करना पड़ता है।

भारत से गए डॉक्टर को तो सारे टैस्ट दोबारा देने पड़ते हैं। जो टीचर वहां जाकर टीचिंग में भविष्य बनाना चाहते हैं, उन्हें न केवल आवश्यक टैस्ट पास करना पड़ता है,बल्कि भारत में प्राप्त की गई डिग्रियों के प्रमाण के लिए सभी विश्वविद्यालयों से पत्र भी बनवाने पड़ते हैं। अन्य कामों में हाथ आज़माने के लिए भी अलग-अलग टैस्टपास करने पड़ते हैं। ड्राइविंग लाइसेंस के बिना आप वहां कुछ भी नही हैं। वहां लाइसैंस प्राप्त करने के लिए लिखित टैस्ट केबाद ट्रेनिग लेनी भी जरूरी है, उसके बाद ही आप रोड टैस्ट देकर लाइसैंस के हकदार बन सकते हैं। वहां के सिस्टम के हिसाब से आपको हर चीज़ जरुरी से शुरू करनी पड़ती है। आम तौर पर नए प्रवासी वहां पर बेसमैंट किराए पर लेकर रहते हैं,जिसमें हर प्रकार की सहूलियत होती है।

वहां रहने के लिए घर जरूरी तो है, लेकिन अगर आप अपना घर ख़रीदने की सोच में हैं, तो आपको बैंक से कर्ज़ लेनापड़ेगा 20 से 30 साल तक इसकी क़िस्तें अदाकरनी पड़ेंगी। खाने-पीने की चीजें काफ़ी सस्ती हैं। तीन-चार दिन की सैलरी से ही आप महीने भर के लिए खाने की चीज़े ख़रीद सकते हैं। खाने-पीने की चीज़ों में मिलावट का कोई ख़तरा वहां पर नहीं है। दिसंबर महीने के आख़िरी दस दिन इलैट्रोनिक चीजों पर भारी छूट मिलती है। कई बार तो यह छूट 80 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। अगर आप में थोड़ा सब्र करने की क्षमता है, तो चार पांच स्टोर घूमकर कपड़ों की ख़रीद में 50 गुणा तक की बचत कर सकते हैं।

सैकिंड हैंड कारों की ख़रीद आप इंटरनैट के माध्यम से घर बैठे ही कर सकते हैं। यही माध्यम आपके लिए सही रहता है। चूंकि अगर आप डॉलर के माध्यम से कार ख़रीदते हैं, तो आपको उसके कमीशन के साथ-साथ लगभग 13 प्रतिशत टैस देना पड़ता है। कैनेडा शिप्ट होने से पहले यह बात ख़ुद भी समझ लेनी चाहिए व परिवार के साथ जा रहे सदस्यों को भी कि वहां नियमों को नियम समझा जाता है। ट्रैफिक मेंक भी भी इसलिए व्यवधान नहीं पड़ता, क्योंकि सब लोग नियमों का पालन करते हैं। अगर आपने गाड़ी चलाते वक़्त सीट बैल्ट नहीं पहनी, तो दो सौ डॉलर का जुर्माना देना ही पड़ेगा और अगर आप ग़लती से भी रैड लाइट पार कर गए, हों तो पांच सौ डॉलर का जुर्माना आपको तुरंत लगा दिया जाएगा। वहां पर रास्ते में कुछ फैंकने का भी जुर्माना है और बे बजह हार्न बजाने का भी। वहां पर लोग आपको शांति से जीने देते हैं और फिर आपके लिए भी ज़रूरी है कि आप भी ऐसा ही करें। ?





# पोर्टब्लेयर में एक सप्ताह



**चारों** ओर समुद्र से घिरे पोर्टब्लेयर में घूमना, बिलकुल किसी पहाड़ी स्थल हिलस्टेशन की याद दिला रहा था। वही घुमावदार ऊंची-नीची सड़के, छोटे-छोटे शिकरों व घाटियों का जमघट और पहाड़ी नगरों से साफ- सुथरे, छोटे-छोटे बाजार तथा पहाड़ी नगरों जैसे कुं टीर और इमारते। इनसे स्पष्ट हो जाता है कि अंग्रेजों द्वारा जिस तरह पहाड़ी नगरों की परिकल्पना साकार की गई, पोर्टब्लेर भी उन्हीं मानदंडो पर बनाया हुआ था।


अंडमान लक्ष्यद्वीप बन्दरगाह निर्माण कार्य, गेस्ट हाउस से पहले ही बंगाल की खाड़ी के विराट समुंद्र की झलकियां और ऊचे -नीचे सुन्दर- सुगम्यद्वीप की हरीतिमा एवं प्रदूषण रहित वातावरण की सुषमा, हमारे तन मन को झंकृत कर रही थी । एक ऊचें टीले पर स्थित गेस्ट हाउस की ऊचाई से एकदम समुद्र के निकटस्थ थे ही ओर दूर-सुदूर तक फैले- पसरे आकाश से मिलती समुद्र की दृश्यावली ने तो हमारे तन की एक-एक शिरा को पुलकित कर दिया था। गेस्ट हाउस भी बहुत सुन्दर बना था और सबसे बड़ी विशेषता थी- शीतल समीर ,प्रदूशण मुक्त, कालिमा लिए विशाल उत्तंगों के सम्पुट में खड़े कलकत्ता , चेन्नाई के बडें - बड़ें जलयान, आसपास के द्वीपों तक ले जाने वाले, लोटाने वाले बोट,डोगियां और समुद्र की अपरंपार बालू के ढेर को फेंकती ,शोर मचाती जेट मशीन। जॉली बॉय आइलैण्ड ग्रीन पर्ल या मुंगे कारेल की बहुतायत के कारण मूंगे के द्वीप के नाम से प्रख्यात है। हमारे अतिरिक्त रेडस्किव,ऑरासिक द्वीपाके के लिए यहां पर स्टीमर और मोटर - बोट्स उपलब्ध थीं। इस तट से अथाह सागर की छाती चीरते हुए लगभग 70-80 मिनट में स्टीमर, जॉली बॉय द्वीप पहुचा देते थे । हमारे सहित 30 पर्यटक और भी होंगे, जो देश-विदेश से पोर्टब्लेयर की यात्रा पर आए हुए थें। दो स्विट्जरलैण्ड की युवतियां और दो नव-युगलों के अतिरिक्त शेष पर्यटकों में कुछ परिवार थे। स्टीमर जब द्वीपों के दायरे से निकलकर समुद्र की सीधी मुख्यधारा में आया तो उस समय उत्ताल तरंगो के जबरदस्त थपेड़ों में वह जिस प्रकार डूबता-उतरता था,उससे एक अजीब - सा रोमांच पैदा होता था। लगभग आठ-दस द्वीपों को छोड़कर घण्टे भर की यात्रा के बाद, जॉली बॉय के तट से कुछ दूर स्टीमर ने लंगर डाल दिया था। अब स्टिमर से 10-12 पर्यटकों को लेकर मेग्नीफाइड कांच की तली वाली मोटर -बोट्स सुमुद्र के नीचे 25 फुट तक की गहराई के दृश्य का अवलोकन कराती हुई, जॉली बॉय पर छोड़ने का सिलसिला शरू कर चुकी थी। हम लोगों को मोटर -बोट्स संचालकों ने हमारी इच्छा के मुताबिक काफी देर तक उस समुद्र के नीचे, रहस्यलोक की लुभावनी मनोरम आकर्षक झाकियों का अवलोकन कराया। निश्चय ही उस समुद्री सुषमा और सौंदर्य को देखकर , हम अभिभूत रह गए थे। जॉली बॉय के तट पर काफी लम्बे दायरे तक ऐसा स्वच्छ निर्मल समुद्र था, जो पर्यटकों के अनूसार कन्या कुमारी, चेन्नई का मेरीना बीच एवं गोवा के बीच आदि सभी समुद्रीय तटों को को फीका कर देता था हालांकि मेरा समुद्र में स्नान करने का कतई विचार नहीं था, लेकिन उस निर्मल,मणिकांत व दुग्ध फेनिल जल राशियों को देखकर ,मैने तुरन्त कपड़े उतारकर समुद्र के पानी में उतरने का निर्णय लिया। अन्यान्य स्टीमरों में सें आए सैकड़ों पर्यटक जलक्रीड़ा का आनंद ले रहे थे और सागर की गहराई में कोरल को और करीब से देखने के लिए डाइविंग सैट, मैग्नी फाइड चश्में और बड़े-बड़े ट्यूब्स का आधार लेकर कई तैराकी युवक-युवती सागर में दूर तक तैरते नजर आ रहे थे।

जॉली बॉय में कोरल की खोज किसी अंग्रेज़ अफसर के जॉली नामक साहबजादे द्वारा की गई थी, इसीलिए इस टापू का नाम 'जाली बॉय' रखा गया था। जॉली बॉय के उस नैसर्गिक स्वच्छ पानी के दायरे से काफी दूर अथाह सागर एकदम काला दिखाई दे रहा था और इसकी विभाजन रेखा को स्पष्ट देखा जा सकता था। वापसी में भी मैग्नीफाइड मोटरबोट्स द्वारा ग्रीन पर्ल के अद्भुत दृश्य देखते हुए सभी यात्री जब स्टीमर पर पहुच गए तो वापसी यात्रा शरु हो गई । पोर्ट ब्लेयर आकाशवाणी केन्द्र द्वारा आयोतिज अ.भा. कवि सम्मेलन में आगरा से सुशील सरित सहित मैं लेखक सम्मिलत हुआ था। आकाशवाणी केन्द्र द्वारा हमें सेल्यूलर जेल, कारवाइन बीच, रोस्स आइलैंड तथा जॉली बॉय आदि प्रमुख दर्शनीय स्थलों है।

# कला–शिल्प का अद्भुत संगम :खजुराहो

खजुराहो के मंदिर भारतीय कला का एक उत्कृष्ट नमूना है। इन मंदिरों की दीवारों पर उकरी देवी-देवताओं की विभिन्न मुद्राओं की मनोहारी प्रतिमा अपने आप में दुलर्भ है, जिसके समान कोई ओर नहीं है। मध्यप्रदेश में स्थित खजुराहो पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।

हर साल लाखों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटक खजुराहों आते हैं व यहाँ की खूबसूरती को अपनी स्मृति में कैद करके ले जाते हैं। यहाँ शाम के वक्त होने वाले लाइट शो में खजुराहो के मंदिरों की खूबसूरती का चरम देखने को मिलता है, जो एक यादगार व अविस्मरणीय अनुभव होता है।



भारतीय कला व संस्कृति के संगम स्थल खजुराहों के आसपास भी कई ऐसे स्थान है, जो आपकी खजुराहो यात्रा को पूर्णता प्रदान करते हैं। इनमें खजुराहो से 25 किमी दूर स्थित राजगढ़ पैलेस (हैरिटेज होटल), रंगून झील (पिकनिक स्पॉट), पन्ना राष्टीय उद्यान आदि स्थल है। खजुराहो को प्यार का प्रतीक भी कहा जाता है। यहाँ काम मुद्रा में मग्न देवताओं की भी मूर्तियाँ है, जो अश्लीलता नहीं बल्कि सौंदर्य और प्यार की प्रतीक हैं। प्यार के साक्षी इन्हीं मंदिरों में प्रतिवर्ष कई जोड़े परिणय सूत्र में बँधकर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत करते हैं।

खजुराहो एक पर्यटक स्थल होने के साथ-साथ मंदिरों के गाँव के रूप में भी विख्यात है। यहाँ के मंदिर लगभग 1000 सालों से भी अधिक पुराने हैं, जिन्हें मध्यभारत के चंदेल राजपूत राजाओं ने बनवाया था।

वर्तमान में प्राचीन 85 मंदिरों में से मात्र 22 मंदिर ही सुरक्षित बचे हैं। शेष मंदिर आज खंडहर के रूप में तब्दील होकर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। खजुराहो के प्रसिद्ध मंदिर पूर्वी, पश्चिमी व दक्षिणी आदि तीन भागों में विभाजित हैं।

पश्चिमी भाग के मंदिर =- खजुराहो में पश्चिमी भाग के मंदिरों में प्रमुख मंदिर कंडरिया महादेव मंदिर, चौंसठ योगिनी मंदिर (ग्रेनाइट से बना सुंदर मंदिर), काली माँ का मंदिर, देवी जगदंबा मंदिर आदि प्रमुख हैं। इन मंदिरों के उत्तर में चित्रगुप्त मंदिर (सूर्य देवता का मंदिर), विश्वनाथन मंदिर (तीन मुखी ब्रह्मा की प्रतिमा तथा 6 फीट ऊँची नंदी प्रतिमा), मटंगेश्वर मंदिर (8 फीट ऊँचा शिवलिंग) आदि स्थित है।

मंदिरों में स्थित प्रतिमाओं की जर्जर स्थिति को देखते हुए इनमें से कई मंदिरों में पूजा करना प्रतिबंधित है। इनमें से केवल ममटंगेश्वर मंदिर में ही अब तक पूजा करना जारी है।

***पूर्वी भाग के मंदिर :***

इस भाग में हिंदू व जैन दोनों के देवी-देवताओं की दुर्लभ प्रतिमाएँ स्थित हैं। मंदिरों का यह भाग खजुराहो गाँव के समीप स्थित है। पूर्वी भाग का सबसे बड़ा मंदिर जैन तीर्थंकर 'भगवान पार्श्वनाथ जी का मंदिर' है। इसके बाद दूसरा जैन मंदिर 'घाटी मंदिर' है। इस मंदिर के उत्तर में 'आदिनाथ मंदिर 'हैं। मंदिरों के इस समूह में ब्रह्मा, वामन आदि हिंदू देवताओं के मंदिर भी शोभायमान है।

***दक्षिणी भाग के मंदिर :***


मंदिरों का यह समूह खजुराहो गाँव से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इनमें सबसे अच्छा मंदिर 'चित्रभुज मंदिर' है। इस भाग के मंदिरों से कुछ दूरी पर सड़क के उस पार जैन मंदिरों का एक समूह है, जिनमें कई जैन तीर्थंकरों के सुंदर व आकर्षक मंदिर है।

***खजुराहो के आसपास:*** भारतीय कला व संस्कृति के संगम स्थल खजुराहों के आसपास भी कई ऐसे स्थान है, जो आपकी खजुराहो यात्रा को पूर्णता प्रदान करते हैं। इनमें खजुराहो से 25 किमी दूर स्थित राजगढ़ पैलेस (हैरिटेज होटल), रंगून झील (पिकनिक स्पॉट), पन्ना राष्ट्रीय उद्यान (34 किमी दूर) आदि रमणीय स्थल हैं।

भारत की इस विरासत को देखना मात्र ही अपने आप में भारतीय कला से रूबरू होना है, जो अपने आप में अनूठी है, प्राचीन है व गौरवशाली है। आप भी मंदिरों के इस गाँव की सुंदरता को निहारने एक बार अवश्य खजुराहों जाएँ।

# स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं डियोडरैंट

डियोडरैंट्स स्प्रे करते वक्त लापरवाही से आंखों में चला जाए तो आंखें लाल हो जाती हैं और अगर तुरन्त शुद्ध पानी से न धोया जाए तो रोशनी भी जा सकती है।



**शरीर** में पसीना आना कुदरती है। प्रकृति ने जानवर और इंसानों के शरीर से रक्त और अन्य कोशिकाओं से गंदगी बाहर निकालने तथा इसे ठंडा रखने के लिए पसीने की ईजाद की है। अगर आप माइक्रोस्कोप या पढ़ने वाले लैंस से देखें तो आपको शरीर पर बारीक छिद्र दिखेंगे जहां से पसीना बाहर आता है।

त्वचा के पीछे पसीने की ग्रंथियां होती हैं। अधिक गर्मी तथा शारीरिक मेहनत अथवा मानसिक तनाव या परेशानी और घबराहट की स्थिति में ग्रंथियां पसीना छोड़ती हैं। कैदी के पसीने से पुलिस उसके झूठ बोलने के अंदाजा लगा लेती है। यह तकनीक झूठ बोलने वाली मशीन (लाई डिटैक्टर) में भी इस्तेमाल होती है।

हमारे शरीर से निकलने वाला पसीना त्वचा की सतह पर फैल कर इसे ठंडा रखने में मदद करता है। शरीर में औसतन 20,000,00 (बीस लाख) ग्रंथियां होती हैं जो रक्त को शुद्ध रखने में मदद करती हैं। पसीने में प्राय: 18 प्रतिशत पानी और उसमें घुला अमोनिया, प्रोटीन, नमक और वसा मौजूद होते हैं।

पसीना अगर बहुत क्षारीय है तो पसीने में दुर्गंध आती है तथा बगल से निकलने वाले पसीने से कपड़े पीले पड़ जाते हैं जो धोने पर भी नहीं जाते। कभी-कभी तो दुर्गंध इतनी तेज होती है कि व्यक्ति के कमरे में दाखिल होते ही कमरा दुर्गंध से भर जाता है।

पसीने की दुर्गंध को दबाने के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार की खुशबुओं के डियोडरैंट्स बिकते हैं। ऐसे खुशबूदार डियोडरैंट्स का नजारा होटलों और शादी ब्याह या पार्टियों में देखने को मिलता है। डियोडरैंट्स का इस्तेमाल लड़कियां और महिलाएं बहुत अधिक करती हैं।


महिलाओं की त्वचा अत्यधिक कोमल होने की वजह से डियोडरैंट्स सेहत को हानि पहुंचा रहे हैं। पसीने की क्रिया को रोकना मुश्किल है। बाजार में उपलब्ध सभी डियोडरैंट्स में एल्यूमीनियम निर्मित लवण मिलाए जाते हैं जो हमारी त्वचा के भीतर विराजमान ग्रंथियों को नुक्सान पहुंचाते हैं। आइए डियोडरैंट्स के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करें-

- डियोडरैंट्स त्वचा के नीचे पसीने की ग्रंथि के छिद्रों को संकुचित करते हैं और लम्बे समय तक इस्तेमाल करने पर ये छिद्रों को बंद कर देते हैं जिससे पसीने की क्रिया बंद हो जाती है। कई महिलाओं में शरीर और बगल में दाने और फुंसियां भी निकल आती हैं।
- डियोडरैंट्स स्प्रे करते वक्त लापरवाही से आंखों में चला जाए तो आंखें लाल हो जाती हैं और अगर तुरन्त शुद्ध पानी से न धोया जाए तो रोशनी भी जा सकती है।
- महिलाओं में बगल के नजदीक स्तन होने के कारण कभी-कभी डियोडरैंट्स में पाए जाने वाले जिरकालीन साल्ट स्तन कैंसर को जन्म देते हैं।
- डियोडरैंट्स में पाए जाने वाले एल्यूमीनियम लवण ग्रंथियों द्वारा रक्त कोशिकाओं तक पहुंच जाते हैं तथा रक्त में घुल कर लम्बे समय के बाद अल्जाइमर रोग को जन्म देते हैं।
- डियोडरैंट्स को कभी छाती पर स्प्रे न करें। ऐसा करने पर हृदय की गति धीमी पड़ जाती है। और इससे अचानक मृत्यु भी हो सकती है।
- इस आधुनिक युग में डियोडरैंट्स का उपयोग नामुमकिन है। पसीने की दुर्गंध को मिटाने के लिए 10-12 गिलास पानी पीएं। पानी में डिटॉल या नींबू का रस मिला कर नहाएं। शरीर में महक बढ़ाने के लिए नहाने के पानी में गुलाबजल डालें। हफ्ते में एक बार बगल में नीम और चंदन का लेप लगाएं।
- बाजार से डियोडरैंट्स खरीदते समय देख लें कि उसमें एल्यूमीनियम क्लोराइड न हो क्योंकि वह सेहत के लिए हानिकारक हैं। डियोडरैंट्स अगर एल्यूमीनियम क्लोरहाईड्रेट से बना है तो जरूर खरीदें क्योंकि त्वचा के लिए अत्यधिक सुरक्षित हैं। प्रोपेन, ब्युटेन, जिंक, जिरकोनियम युक्त डियोडरैंट्स कम सुरक्षित हैं तथा दिन में केवल एक बार प्रयोग करें।
- भोजन में फलों का सेवन अधिक करें तथा डियोडरैंट्स की जगह पाऊडर का इस्तेमाल करें।

## हेल्थ प्लस

शरीर में पाए जाने वाले कई खनिजों में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक होती है। औसतन 1200 ग्राम कैल्शियम शरीर में पाया जाता है। इसमें से लगभग 11 प्रतिशत कैल्शियम, कैल्शियम फॉस्फेट के रूप में पाया जाता है। वुमन भास्कर के लिए यह खास जानकारी शहर के चिकित्सकों ने दी है, ताकि महिलाएं कैल्शियम की कमी से ग्रस्त न हों

# कैल्शियम की कमी से बढ़े रोग




**शहर** में कामकाज की भाग-दौड़ में डाइट पर ध्यान न देने के कारण महिलाओं में कैल्शियम की कमी पाई जा रही है। इससे हड्डियों और दांतों की बीमारियां बढ़ रही हैं। डॉक्टरों के मुताबिक हड्डियों व दांतों में कैल्सिफिकेशन नहीं हो पाने से फास्फोरस व विटामिन-डी की कमी से जुड़े रोग बढ़ रहे हैं।

डॉ. एसएस खोसा, डॉ. पवन व डॉ. सुनील चौहान के मुताबिक हड्डियों में कैल्सिफिकेशन ठीक तरह से नहीं हो पाने से जमा हुआ कैल्शियम भी निकलने लगता है। इसे डी-कैल्सिफिकेशन कहते हैं, जिससे हड्डियां छोटी, लचीली व जल्दी टूटने वाली हो रही हैं। खासतौर पर पैरों की हड्डियों पर जल्दी प्रभाव पड़ है। रीढ़ की हड्डी झुकने का भी डर है। इससे एडल्ट रिकेट्स या ओस्टियोमेलेसिया के केसेस सिटी में मिलने लगे हैं। इसके अलावा कमजोरी, पैरों की हड्डियां, पीठ के नीचे के हिस्से में तेज दर्द, चलने में दिक्कत की शिकायतें भी मरीज लेकर आ रहे हैं। इनमें अधिकतर महिलाएं शामिल हैं।

**ऐसा होता है निर्माण :** कॉन्ट्रेक्शन-रिलेक्सेशन में सहायक कैल्शियम दांतों व हड्डियों का निर्माण करता है। फास्फोरस के साथ मिलकर हड्डियों को बनाने, बढ़ाने और ठोस व दृढ़ करने के लिए भी इसे उपयोग किया जाता है। यह दांतों का निर्माण भी करता है। हड्डियां भी कैल्शियम का संग्रह करती हैं। सोडियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम के साथ मिलकर कैल्शियम, मांसपेशियों के कॉन्ट्रेक्शन-रिलेक्सेशन को नियंत्रित करता है। इससे हाथ-पैर व गर्दन में हरकत होती है। हार्ट की मसल्स के कॉन्ट्रेक्शन व रिलेक्सेशन में सहायक होने के कारण यह हार्ट बीट्स को सामान्य बनाए रखता है। कैल्शियम रक्त के जमने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। शरीर में विटामिन बी के शोषण में यह सहायक होता है। अनेक प्रकार के एंजाइमों की अनेक प्रक्रियाओं में उत्प्रेरक का कार्य करता है।

**यहां से मिलती है मात्रा :** तिल में कैल्शियम ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। तिल्ली के छिलकों में कैल्शियम आक्जेलेट के रूप में पाया जाता है। तिल्ली का छिलका निकाल देने पर केवल 0.15 प्रतिशत कैल्शियम शेष रह जाता है। इसके अलावा यह दालों, सूखे मेवों, खजूर आदि में कुछ मात्रा में पाया जाता है। दूध, दूध पाउडर, मलाई रहित दूध और दूध से बने पदार्थ कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं। एक कप दूध में पाया जाने वाली कैल्शियम की मात्रा 15 स्लाइस ब्रेड, डेढ़ कप आइस्क्रीम, 10 संतरे, 10 अंडे में पाए जाने वाले कैल्शियम की मात्रा के बराबर होती है। दूध के अलावा कैल्शियम हरी पत्तेदार सब्जियों में भी पाया जाता है।

**बच्चों के लिए भी ध्यान दें :** बच्चों में कैल्शियम की कमी से विकास रुक जाता है। पैरों की हड्डियां सबसे पहले प्रभावित होती हैं। इनमें जमा कैल्शियम निकल जाने से पैर शरीर का भार सहन नहीं कर पाते। हड्डियों में छेद, कलाई, घुटनों व एड़ियों के जोड़ चौड़े होने लगते हैं। बच्चों को चलने, खेलने में पैरों में दर्द होता है। यह रिकेट्स के लक्षण हैं। दांतों का निर्माण भी ठीक से नहीं होता। बच्चा चिड़चिड़ा हो जाता है यहां तक कि मांसपेशियों का निर्माण भी ठीक से नहीं हो पाता। कैल्शियम व विटामिन डी दोनों हड्डियों के निर्माण और मजबूती के लिए जरूरी होते हैं।



दोनों में से किसी एक की भी कमी होने पर हड्डियों पर बुरा असर पड़ता है।

**समस्याएं यह भी**

हड्डियों में कैल्शियम के जमा होने पर उनकी ताकत व आकार बना रहता है। कैल्शियम की कमी होने पर हड्डियां लचीली होकर मुड़ने लगती हैं। हड्डियों में छेद होने लगते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण होते हैं। इसमें हड्डियों में घाव या फ्रैक्चर ठीक होने में काफी समय लगता है। महिलाओं में गर्भावस्था व बच्चे को फीडिंग कराते समय यह समस्या उत्पन्न होती है। महिलाओं को बार-बार गर्भवती होना और इस दौरान आहार में कैल्शियम व विटामिन-डी की कमी होना भी इसका एक प्रमुख कारण है। अगर गर्भवती महिला को हड्डियों में दर्द, चलने में कठिनाई होती है।

## दिमाग से तेज आंखें



**आंखें** न केवल दुनिया दिखाने में मददगार होती हैं, बल्कि ये खतरों को भांपने में भी दिमाग से ज्यादा तेज होती हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। यह शोध स्विट्जरलैण्ड के बेसल स्थित फ्रेडरिक माइशेर इंस्टीट्यूट फॉर बायोमेडिकल रिसर्च की एक टीम ने किया है।

**रेटिना में मौजूद कोशिका**

इसका दावा है कि आंखों की रेटिना में मौजूद एक कोशिका दिमाग की मदद के बिना पास आती चीजों का पता लगा सकती है। इस कोशिका की खोज हाल ही की गई है। 'न्यू साइंटिस्ट' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शोधकर्ताओं के मुताबिक दिमाग की मदद के बिना यह कोशिका इनसान को आगाह कर सकती है कि कोई चीज उसके पास आ रही है।

स्तनधारी जीव-जन्तुओं के रेटिना में क्षैतिज और लम्बवत गतिविधियों के जवाब में काम करने वाले न्यूरॉन को पहले ही खोजा जा चुका था, लेकिन हाल में खोजी गई यह कोशिका पास आती चीजों को लेकर काफी संवेदनशील है। चूहों की आंखों में पाई जाने वाली कोशिकाओं की जांच के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया कि क्षैतिज और लम्बवत गतिविधियों के जवाब में एक विशेष प्रकार की कोशिकाएं काफी असामान्य व्यवहार करती हैं। आगे की जांच में यह खुलासा हुआ कि ये कोशिकाएं सिर्फ उस वक्त काम करती हैं जब कोई चीज इसके पास पहुंच जाए। शोधकर्ता अब आगे के शोध में यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि खतरे को भांपने वाली ये कोशिकाएं आखिर किस प्रकार काम करती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-6-7-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेंगी। शुभांक-3-6-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-6-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी। शुभांक-5-8-9

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-9

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी

सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-1-2-3


**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-6-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची


कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-7-8

## काकुरो पहेली - 2563




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं वर्ग की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए,किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो -2562 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?

प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पडा, खून हो गया.

संपादक - थोड़ी सी जगह और है.

प्रबंधक - वहां लिख दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?

मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.

☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?

ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.

मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?

ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺


रमेश (नौकर से) - जरा देखना तो कितने बजे हैं?

नौकर - मुझे समय देखना नहीं आता.

रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बडी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?

नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली - 2563



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम बिन जीवन कैसे' गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. सनीदेओल, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा' गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. सनीदेओल, जयाप्रदा की 'चूड़े वाली छमिया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'हम तो तंबू में बंबू' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म 'अनमोल मोती' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, राखी, वहीदा, नसीम की 'प्यार कर लिया तो क्या' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'खुश रहो हर खुशी है' गीत वाली जीतेंद्र, राजश्री की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे बिछड़े साथी' गीत वाली सुनीलदत्त, आशापारेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'जब जब बहार आई' गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की 'गली से मेरा यार गुजरा' गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. 'मेरे दिल में मची है तबाही' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'माँ तुझे सलाम' में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. मेघना गुलजार की फिल्म 'फिलहाल' के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म 'साया' की नायिका कौन है-२
४. फिल्म 'स्टम्प्ड' की निर्मात्री एवं नायिका कौन हैं-३
५. 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली सनी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की 'छुपा लो यूँ दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भल्ला, का काजोल को 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'ओ नाम रे सबसे' गीत वाली अमिताभ, शशि, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की 'दिल जो ना कह सका' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'क्या हुआ अरे' गीत वाली संजीव कुमार, परीक्षित, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा गाँव बड़ा' गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'प्यार कर इकरार' गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म 'तलाश' में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. 'अँखियाँ मिलाके जिया भरमाके' गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2562



## सूडोकु -2563


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2562 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 2563



**बाएँ से दाएँ**

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5


**ऊपर से नीचे**

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

शब्द पहेली -2562 का हल



# उपराष्ट्रपति 23 अगस्त को गुजरात का दौरा करेंगे



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 23 अगस्त को गुजरात में अहमदाबाद और गांधीनगर का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करेंगे।इसके अलावा अपनी यात्रा के दौरान धनखड़ अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय में धर्म धम्म अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता भी करेंगे।

# उदयपुर में स्कूल स्टूडेंट हत्याकांड : शिक्षा विभाग ने कठोर कदम उठाए, प्रिंसिपल सस्पेंड, क्लासटीचर एपीओ, इंटरनेट सेवा बहाल

**उदयपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भटियानी चौहट्टा में 16 अगस्त को हुई चाकूबाजी की घटना के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। स्कूल प्रिंसिपल ईशा धर्मावत को निलंबित कर दिया गया है। विभाग का मानना है कि उन्होंने विद्यार्थियों की निगरानी में लापरवाही की, जिससे यह घटना हुई। सीनियर टीचर राकेश कुमार जारोली को एपीओ (अप्रत्याशित पोस्टिंग ऑर्डर) दिया गया है और उन पर विभागीय जांच बैठाई गई है।कलेक्टर अरविंद पोसवाल और संभागीय आयुक्त ने भी स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को स्वीकार करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की थी। मृतक छात्र के परिवार ने स्कूल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिसे शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया।

सरकार ने इस घटना के बाद यह ऑर्डर भी निकाल दिए थे क सभी स्कूलों में अब छात्रों के बैग और जेब की जांच की जाएगी। हथियार, कैंची, चाकू और अन्य नुकीली वस्तुओं के स्कूलों में लाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। उदयपुर में 5 दिन बाद इंटरनेट सेवाएं आज दोपहर 2 बजे से बहाल कर दी गई हैं। आईजी अजयपाल लांबा ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और यदि कोई असामाजिक गतिविधि दिखे, तो पुलिस को सूचित करें।

# पंजाब पुलिस पर आरोप: पुनीत सूद से 3.93 करोड़ बरामद किए, दिखाए सिर्फ 2.93 करोड़ रुपए

**जालंधर।** पिछले जुलाई में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को 2 करोड़ 93 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के साथ गिरफ्तार किए गए पुनीत सूद पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। आज जालंधर प्रेस क्लब में कांफ्रेंस करने पहुंचे पुनीत की बहन व जीजा ने बताया कि पुनीत से पुलिस ने जो राशि बरामद की थी वह 3 करोड़ 93 लाख थी। जिसमें से पुलिस ने 1 करोड़ रुपए अपने पास रखककर पुनीत को जेल भेज दिया। उन्होंने जानकारी आरोप लगाया कि उस दिन पुलिस ने पुनीत को जालंधर से नहीं बल्कि होशियारपुर से गिरफ्तार किया था। वहां करीब 14 से 15 बिना वर्दी के मुलाजिमों ने उसे घेर कर पकड़ा। जिसके बाद वहां मौजूद जालंधर के एडीसीपी सहोता व थाना बारादरी के प्रभारी कमलजीत द्वारा एक करोड़ रुपए की मांग की गई। जिसके बाद पुनीत ने एक करोड़ दे भी दिए। लेकिन बावजूद इसके उस पर मामला दर्ज कर दिया। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि पुलिस ने होशियारपुर से पकड़ने के बाद पहले फगवाड़ा फिर उसके बाद उसे जालंधर लेकर आई। जहां पुलिस ने फेक नाका लगाकर उसकी गिरफ्तारी दिखाई। इतना ही भी पुलिस ने उसपर आर्म एक्ट के साथ साथ नारकोटिक्स एक्ट भी साथ लगा दिया। उन्होंने आगे बताया कि जब हम उससे जेल में मिलने गए तब उसने यह सारे मामले की डिटेल हमें बताई। इस सारे मामले को सुनने के बाद हमने पंजाब के डीजीपी के पास इस मामले को लेकर गए। तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी।

# नोएडा के खरगोश पार्क के वेटलैंड में दोस्तों के साथ नहाने गए किशोर की डूब कर मौत

**नोएडा ।** नोएडा के सेक्टर-54 स्थित खरगोश पार्क के वेटलैंड में डूब कर एक किशोर की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ मंगलवार दोपहर वेटलैंड में नहाने गया था। पुलिस ने बुधवार को ये जानकारी दी। पुलिस ने किशोर अंकुश के शव को रिकवर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि किशोर के दोस्त फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनसे पूछताछ करने के लिए उनकी तलाश कर रही है। पुलिस इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार दोपहर लगभग ढाई बजे 14 वर्षीय अंकुश की गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई थी। अंकुश के डूबने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस बल और फायर कर्मचारी पहुंच गए।

# केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मप्र से राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन, निर्विरोध चुना जाना तय


**एजेंसी**
**भोपाल।** केंद्रीय राज्य मंत्री और केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता जॉर्ज कुरियन ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। उन्होंने मप्र विधानसभा पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री तुलसी सिलावट व राव उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना-अशोकनगर संसदीय क्षेत्र सांसद निर्वाचित होने के बाद मप्र से राज्यसभा की एक सीट खाली हुई थी, जिसके लिए उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर निर्वाचित सांसद का कार्यकाल 9 अप्रैल, 2026 तक होगा। मप्र विधानसभा में संख्याबल के हिसाब से इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार कुरियन का निर्विरोध चुना



जाना तय माना जा रहा है। कुरियन केन्द्र की मोदी सरकार में मत्स्य पालन, पशुपालन-डेयरी विभाग के राज्य मंत्री हैं, लेकिन अभी वे राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य नहीं हैं। इसीलिए उन्हें मप्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने मंगलवार देर शाम मप्र से कुरियन को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया था। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन बुधवार सुबह विशेष विमान से भोपाल पहुंचे। यहां विमानतल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद शर्मा के साथ वह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने उनके निवास पर पहुंचे। यहां से वह मुख्यमंत्री के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे और नामांकन फॉर्म की औपचारिकताएं पूरी की। मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री प्रस्तावक के तौर पर नामांकन पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद उन्होंने विधानसभा पहुंचकर नामांकन के अंतिम दिन उन्होंने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। कुरियन ने नामांकन जमा करने जाने से पहले प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के दिवंगत संस्थापक सदस्यों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस के पास राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए संख्याबल नहीं हैं, ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इसलिए कुरियन मध्यप्रदेश से पहले क्रिश्चियन सांसद निर्विरोध चुने जाएंगे।

# चंपाई सोरेन ने स्पष्ट किया है कि वहराजनीति से संन्यास नहीं लेंगे



**एजेंसी**
**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने स्पष्ट किया है कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगे। श्री सोरेन ने आज सरायकेला-खरसावां जिले में स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में उत्क्रमित फुटबॉल ग्राउंड में भारी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोलकाता से लौटने के बाद उनकी बहुत से लोगों से बातचीत हुई।कल रात भी 5000 से अधिक लोगों के साथ यहीं चौक पर बातचीत की।इसके बाद यह फैसला लिया है कि वह अलग पार्टी बनाएंगे। इन लोगों ने कहा- दादा आप आगे बढ़ें, हम आपके साथ हैं।चंपाई सोरेन आगे बढ़ें, हम आपके साथ हैं। झारखंड टाईगर जिंदाबाद के नारे भी लगाए । झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उन्होंने तय कर लिया है कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगे।अगर आदिवासियों और दलितों के हित की बात करने वाला कोई साथी मिलेगा, तो उनके साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि जब मैं कुछ भी नहीं था, तब भी यहां के मजदूरों के हक में आवाज बुलंद करता था। उनकी लड़ाई लड़ता था।

# ब्राजीलियाई नौसेना के कमांडर भारत यात्रा पर, तकनीकी सहयोग पर की चर्चा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आए ब्राजील की नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन ने बुधवार को नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी से मुलाकात करके परिचालन संबंधी जुड़ाव, तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। साउथ ब्लॉक लॉन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया।

कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन 19 अगस्त को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं और 24 अगस्त तक रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही समुद्री सुरक्षा में साझा चुनौतियों पर सहयोग करने के लिए समान विचारधारा वाली नौसेनाओं की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना है। ब्राजीलियाई नौसेना के कमांडर ने आज नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी से मुलाकात की। भारतीय नौसेना विभिन्न पहलों के माध्यम से ब्राजील की नौसेना के साथ सहयोग करती है, जिसमें परिचालन संबंधी बातचीत, प्रशिक्षण सहयोग और अन्य समुद्री रास्ते शामिल हैं। दोनों नौसेनाएं मिलन और भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका समुद्री (आईबीएसएएमएआर) जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी बातचीत करती रही हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग संयुक्त रक्षा



समिति के माध्यम से संचालित किया जाता है। अपने आधिकारिक कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में ब्राजील की नौसेना के कमांडर का दिल्ली में रक्षा सचिव, राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक और उप सेना प्रमुख से मिलने का भी कार्यक्रम है।

इस यात्रा के दौरान एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन गुरुग्राम में सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) का भी दौरा करेंगे और विभिन्न रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। ब्राजील की नौसेना के कमांडर मुंबई भी जाएंगे, जहां वे पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के साथ बातचीत करेंगे। साथ ही स्वदेशी युद्धपोतों और पनडुब्बियों, नौसेना डॉकयार्ड और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का दौरा करेंगे।

ब्राजील नौसेना के कमांडर ने उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग सहित आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद सैनिकों के वीरतापूर्ण कार्यों का सम्मान करने वाला स्मारक बताते हुए ब्राजील की नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पियो ओलसेन ने राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की यात्रा पर आए अपने प्रतिनिधिमंडल की ओर से वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर राजघाट पर 'आप' महिला विंग का प्रदर्शन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में देश भर में प्रदर्शन का दौर जारी है। इस बीच बुधवार को आम आदमी पार्टी की महिला विंग ने देश भर में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध को लेकर राजघाट पर प्रदर्शन किया।

आम आदमी पार्टी की महिला विंग की कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राजघाट पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किया और महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महिला विंग की कार्यकर्ताओं की मांग है कि बलात्कार पीड़िताओं के साथ इंसाफ किया जाए। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में महिला विंग की कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

आम आदमी पार्टी की महिला विंग की कार्यकर्ताओं का कहना है कि कोलकाता समेत देशभर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और बलात्कार की घटनाओं के खिलाफ हम एकजुट हुए हैं। हम चाहते हैं कि पीड़िताओं को इंसाफ मिले।

इस प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष सारिका चौधरी के साथ विधायक प्रीति जितेंद्र तोमर, धनवती चंदेला समेत तमाम महिला पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहीं। सारिका चौधरी ने कहा कि कोलकाता और देश भर में महिलाओं के साथ हो रही घटनाएं बेहद शर्मनाक हैं। हमारी मांग है कि सभी बलात्कार पीड़ितों को इंसाफ मिले।उल्लेखनीय है कि डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के बाद से देशभर में प्रदर्शन जारी है। कई अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा को छोड़कर अन्य सेवा बाधित है।



कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनी डॉक्टरों की मांग है कि उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

# भारत से जापान को ग्रीन अमोनिया की आपूर्ति के लिए पहले समझौते पर किए गए हस्ताक्षर : प्रह्लाद जोशी



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भारत से जापान को हरित अमोनिया के निर्यात के लिए पहले समझौते पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने जारी बयान में बताया किसेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज, सोजित्ज़ कॉर्पोरेशन, क्यूशू इलेक्ट्रिक पावर कंपनी और एनवाईके लाइन के बीच हेड्स ऑफ टर्म्स (एचओटी) समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जो भारत से जापान तक सीमा पार हरित अमोनिया आपूर्ति साझेदारी को मजबूत करता है। यह समझौता दोनों देशों के बीच इस तरह के पहले सहयोग का प्रतिनिधित्व करता है, जो वैश्विक हरित ऊर्जा परिदृश्य में भारत की बढ़ती प्रमुखता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर प्रह्लाद जोशी ने इस साझेदारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा ,आज एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हम भारत से जापान को ग्रीन अमोनिया की आपूर्ति के लिए पहला समझौता कर रहे हैं। यह समझौता भारत में उत्पादन से लेकर जापान में खपत तक एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में मदद करेगा, जिससे हरित ऊर्जा क्षेत्र में भविष्य के सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा।

# उधम सिंह नगर में भीषण सड़क हादसे में गर्भवती महिला समेत चार की मौत

**एजेंसी**
**उधम सिंह नगर ।** उत्तराखंड में जनपद उधम सिंह नगर के रुद्रपुर नैनीताल हाईवे पर अस्पताल से ई रिक्शा से घर लौट रही महिलाओं को एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। ई रिक्शा में बैठी पांच महिलाओं में से गर्भवती महिला समेत तीन महिला व ई रिक्शा चालक की मौत हो गई, दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही कार चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। जनपद उधम सिंह नगर के रुद्रपुर में देर रात एक सड़क हादसे में तीन महिलाओं सहित ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल में भेजा, जहां डॉक्टरों ने एक गर्भवती महिला सहित चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायल महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, देर रात ज्योति नामक महिला को अचानक लेबर पेन होने लगा। परिजन और आसपास की महिलाएं उसे ई रिक्शा से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें घर भेज दिया। लगभग रात ढाई बजे गर्भवती महिला को लेकर सभी महिलाएं ई रिक्शे से घर लौट रही थी। जैसे ही वो अटरिया मोड से आगे पहुंचे कि एक कार ने ई रिक्शे में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# भारत बंद लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार, डॉक्टरों को सुरक्षा की गारंटी दे सरकार : पवन खेड़ा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान कई मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने 'भारत बंद', देश में महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म, देशभर में हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों पर बात की। पवन खेड़ा ने भारत बंद को लेकर कहा, 'यह लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार है, अगर कोई किसी नियम, नीति या किसी फैसले के खिलाफ है तो वह विरोध कर सकता है और शांतिपूर्ण विरोध से ही हमें आजादी मिली है।'

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने भारत से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया ताकि हसीना मुकदमे का सामना कर सकें। इस पर पवन खेड़ा ने




कहा कि भारत की एक स्वतंत्र विदेश नीति है और भारत उस विदेश नीति में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करता है।

महिलाओं के साथ यौन शोषण की घटनाओं पर पवन खेड़ा ने कहा, महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न और यौन शोषण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के बदलापुर की घटना भी सामने आई जहां छोटी बच्चियों के साथ गलत काम किया गया, लेकिन किसी सरकार की तरफ से कोई जिम्मेदारी वाला बयान नहीं आया और न ही इस पर कोई सख्त कार्रवाई की गई, लेकिन जब भी गैर भाजपा शासित राज्यों में ऐसा होता है तो भाजपा तुरंत मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगती है। हम जानना चाहते हैं कि देवेंद्र फडणवीस जो गृह मंत्री हैं, क्या वह इस्तीफा दे रहे हैं? भाजपा से सहयोगी दलों की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अब समझ आ रहा है कि गठबंधन की राजनीति कैसी होती है। 10 साल तक उन्होंने लोगों को विवादों में उलझाए रखा, लेकिन अब उन्हें काम करना पड़ेगा और वह काम नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें न तो काम करने की आदत है और न ही उनके पास काम करने की क्षमता है। वे निर्णय लेते हैं और अगले दिन निर्णय पलट देते हैं। निर्णय लेने से पहले सलाह लेने की आदत उनमें नहीं है, जो होनी चाहिए।

देशभर में डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि सबसे पहले आपको डॉक्टरों को सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए, वे हमारे समाज के स्वास्थ्य रक्षक हैं, अगर हम उनकी सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं तो आप किस सेवा की उम्मीद करते हैं?

# भगवान श्रीकृष्ण की 'बेट द्वारका' का होगा विश्व स्तरीय कायाकल्प

**एजेंसी**
**द्वारका।** बेट द्वारका में 'सुदर्शन सेतु' के निर्माण के बाद यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी तरह तीर्थस्थल और आस्था के साथ पौराणिक महत्व रखने वाले भगवान श्रीकृष्ण की 'बेट द्वारका' के विश्व स्तरीय कायाकल्प के लिए पर्यटन मंत्री मूलुभाई बेड़ा के मार्गदर्शन में गुजरात पर्यटन निगम ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत तीन चरणों में मंदिर परिसर, बीच और उसके आसपास के क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। इसके पहले चरण के लिए राज्य सरकार ने 150 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आवंटित की है। गुजरात पर्यटन निगम के अनुसार इस द्वीप के पहले चरण के विकास के लिए राज्य सरकार ने 150 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आवंटित की गई है, जिसकी टेंडरिंग प्रक्रिया वर्तमान में चल रही



है। आने वाले समय में इस द्वीप के फेज-2 और 3 के विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

पर्यटन निगम की एक रिपोर्ट के अनुसार बेट द्वारका विकास परियोजना के फेज-1 में द्वारकाधीशजी मंदिर का विकास, सड़क सुंदरीकरण, हेरिटेज स्ट्रीट का विकास, शंखनारायण मंदिर और तालाब का विकास, नॉर्थ बीच विकास, सार्वजनिक बीच, पर्यटक विजिटर सेंटर और हाट बाजार और हिल्लॉक पार्क के साथ व्यूइंग डेक का निर्माण किया जाएगा।

**फेज-2 व 3 के तहत किए जाने वाले विकास कार्य**

बेट द्वारका पुनर्विकास परियोजना के फेज-2 में दांडी हनुमान मंदिर और बीच विकास, अभय माता मंदिर और सनसेट पार्क, नेचर और मरीन इंटरप्रिटेशन सेंटर, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, कम्युनिटी लेक विकास और रोड एवं साइन का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह


बेट द्वारका विकास परियोजना के फेज-3 में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, कम्युनिटी लेक विकास और लेक अराइवल प्लाजा तैयार किया जाएगा। भविष्य में यात्री सुविधाओं के लिए बीच से मंदिर तक शटल सेवा, ई-वाहन, डॉल्फिन देखने के लिए फेरी सेवा, ऑडियो-विजुअल प्रदर्शन, स्किल डेवलपमेंट और गाइड ट्रेनिंग आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**बेट द्वारका द्वीप विकास के फेज-1 के मुख्य आकर्षण**

मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों का विकास बेट द्वारका विकास के मास्टर प्लान के अनुसार किया जाएगा। मंदिर परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए चार दिशाओं में प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। जिसमें सुदामा सेतु से बेट द्वारका गांव की ओर जाने वाली सड़क, समुद्री मार्ग से मुख्य प्रवेश द्वार तक का रास्ता बनाया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मंदिर में भीड़ न हो इसके लिए पुरुष और महिलाओं की दर्शन लाइनें अलग-अलग बनाई जाएंगी और दिव्यांगों को कोई असुविधा न हो इसके लिए इस मास्टर प्लान को डिज़ाइन किया गया है। मंदिर परिसर में यात्रियों को सूचित करने के लिए साइन बोर्ड, पानी के हौज, कचरा पेटी और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था होगी। यात्रियों की यात्रा को यादगार बनाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की घटनाओं के चित्र या मूर्तियों का प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई गई है।

# केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ऑनलाइन निगरानी के लिए पोर्टल थर्मल लॉन्च किया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय विद्युत मंत्री और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए पोर्टल-थर्मल एवं विद्युत परियोजनाओं और पम्प डस्टोरेज परियोजनाओं (जल विद्युत डीपीआर) की निगरानी, सर्वेक्षण और जांच गतिविधियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा अधिसूचित नियमों का एक व्यापक संग्रह लॉन्च किया। इसके बाद ऑनलाइन पोर्टल डीआरआईपीएस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि तीन ऑनलाइन पोर्टलों- ड्रिप्स, प्रॉम्प्ट और जल विद्युत डीपीआर के शुभारंभ से देश में बिजली क्षेत्र के पारदर्शी, समन्वित और प्रभावी कामकाज में सक्षम होंगे।ऑनलाइन पोर्टल




डीआरआईपीएसका शुभारंभ करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी प्रतिकूल स्थिति के दौरान देश में विद्युत क्षेत्र के पारदर्शी, समन्वित और प्रभावी कार्यकरण को सक्षम करेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आपात स्थिति के समय मानवीय त्रुटि को कम करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली की आवश्यकता है। विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा अधिसूचित नियमों का एक व्यापक संग्रह लांच करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीईए नियमों के इस संग्रह को जारी करना भारत में बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस संग्रह में समाहित नियम नियमों की एकरूपता लाएंगे और बिजली क्षेत्र के हितधारकों द्वारा अनुपालन में आसानी के लिए एक ही स्थान पर सूचना का एक केंद्रीकृत और आसानी से सुलभ स्रोत प्रदान करेंगे।

# खुली रखिए बातचीत की खिड़कियाँ



दोनों सास-बहू का प्रेम लोगों के लिए मिसाल हुआ करता था। सास पीछे बैठती व बहू स्कूटर चलाती। सास के चेहरे पर एक आत्मसंतुष्टि का भाव या यूँ कहिए कि इस बात का घमंड था कि उसकी बहू कितनी अच्छी है। जहाँ आज के समय सास-बहू साथ नहीं रहती हैं वहाँ उन दोनों के बीच इतना अच्छा सामंजस्य सचमुच ईर्ष्या की बात थी।

दोनों से अकेले में भी मिलने पर एक-दूसरे की प्रशंसा करते नहीं थकती थीं। चाहे कोई कितना ही उनके मन को टटोले एक-दूसरे की बुराई का एक शब्द नहीं सुन पाता था। परंतु कुछ दिनों से दोनों की एक-दूसरे से बोलचाल बंद है। अब दोनों एक-दूसरे की बुराई करने को आतुर है। घर स्वर्ग से नर्क बन गया है।

पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि दोनों एक-दूसरे को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़तीं। बहुत कुरेदने पर बहू ने बताया कि इस अनबन की शुरुआत तब से हुई जब सास की एक सहेली ने बताया कि तुम्हारी सास मुझसे कह रही थी कि जबसे बहू आई है सुबह के समय उनकी दिनचर्या में परिवर्तन आ गया है।

पोते के स्कूल जाने की वजह से अब वह सबेरे न तो घूमने जा पाती हैं न ही मंदिर। खाना-पीना भी बहू की पसंद का बनता है और भी न जाने क्या-क्या। बस यही सब सुनकर उसका मन कसैला हो गया। सोचा सास, सास ही होती है।

ऐसा ही कुछ सास के साथ भी हुआ बहू उनके बारे में क्या कहती है, कोई उल्टी-सीधी कह गया और दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई। अब स्थिति यह है कि दोनों को एक-दूसरे के किए में खोट नजर आती है।

ऐसा ही एक वाकया मेरे साथ भी हुआ। मेरी ऑफिस की एक सहकर्मी, जो एक साल पहले नियुक्त हुई थी, हमेशा जब भी मिलती मुस्करा कर अभिवादन अवश्य करती। काम की व्यस्तता के बीच भी वह नमस्ते तो कर ही लेती। परन्तु पिछले कुछ दिनों से वह मुझे नजरंदाज करने लगी।

पहले मैंने अपने मन को समझाया कि ऐसा कुछ नहीं है, मैं अत्यधिक संवेदनशील हूँ शायद ऐसा मुझे इसीलिए लगा होगा। किन्तु जब यही क्रम 15-20 दिनों तक जारी रहा तो मेरा मन नहीं माना। मैंने उसे बुलाकर पूछा। पहले तो वह आई नहीं, जब आई तो आवेश में थी। वह भरी हुई थी। उसने मुझे जो बताया वह सुनकर मैं दंग रह गई। उसने कहा- एक अन्य सहकर्मी जो कुछ दिनों पहले ही ट्रांसफर होकर आई थीं, उन्होंने उसे बताया कि मैंने उसके बारे में कुछ बुराई की है और वह बातें जो मैंने कही ही नहीं है वह उसने मुझे बताई। मैं भी आवेश में आ गई।

मैंने उससे कहा-÷चलो, अभी आमने-सामने कर देते हैं। मैंने ऐसा कब कहा? जिससे मैं बात कम ही करती हूँ उससे मैं क्यों कुछ कहूँगी !÷ यह बात उसे भी समझ आ गई। मैंने कुछ नहीं कहा। परन्तु साथ ही उसे यह समझाया कि यदि किसी ने कुछ कहा तो मुझसे पूछती तो सही कि क्या यह सच है। यूँ हम गलतफहमी का शिकार तो नहीं होते। बातचीत बंद करना किसी समस्या का समाधान तो नहीं।

ऊपर जो कुछ उदाहरण थे उनमें भी यही हुआ। किसी ने कुछ कह दिया, हमने उसे मान लिया। हमने उस बात की तह तक जाने की कोशिश नहीं की। न ही हमने अपने अंतरंग मित्र से उस बात को कहा जिससे हमने बातचीत बंद की। जिसने भी हमारे रिश्ते में सेंध लगाई, उसने साथ में यह भी अवश्य कहा होगा कि तुम उससे यह बात मत कहना, बेकार में झगड़ा होगा। परंतु यह क्या हुआ?

झगड़े में कुछ तो साफ होता। यहाँ तो सब कुछ अंदर ही रह गया और बढ़ती गई गलतफहमी की दीवार। दुश्मनों की चाल कामयाब हो गई। वे उनके सगे हो गए और आप दुश्मन! अब जब हमने बातचीत ही बंद कर दी है तो सुलह कैसे हो सकती है?

कहने का तात्पर्य यही है कि आपके अपनों से कभी भी किसी भी परिस्थिति में बोलना बंद मत कीजिए। क्योंकि जब अबोला लंबा खिंच जाता है, तो रिश्ते रेत की तरह मुट्ठी से फिसल जाते हैं। समय निकल जाता है, हाथ में कुछ नहीं रहता है। सिर्फ रह जाता है दर्द का अहसास। इस दर्द को सहने से तो बेहतर है कि किसी से कोई असहमति या मन में कोई बात होने पर खुलकर बात कर ली जाए ताकि आपके रिश्तों में मिठास बनी रहे।

# अवसर खोलते हैं सफलता के रास्ते

ऊँचे लक्ष्य को पाने के लिए ऊँची छलाँग नहीं लगाई जा सकती बल्कि छोटी-छोटी सीढ़ियाँ चढ़कर ही वहाँ पहुँचा जा सकता है। आप भी अपनी प्रतिभा को ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए इन छोटी-छोटी सीढ़ियों से रास्ता तय कीजिए।

यूँ तो अर्पिता को बेजोड़ चित्रकारी की कला ईश्वर-प्रदत्त उपहार के रूप में मिली थी। अपने विद्यार्थी जीवन में ही वह किसी व्यक्ति, वस्तु या प्राकृतिक दृश्य को हूबहू कागज पर उकेर देती थी, पर सिर्फ कभी-कभार मूड बनने पर ही।

अपनी इस नायाब प्रतिभा के प्रति वह कतई समर्पित न थी, उसके मित्र या परिजन जब भी उसे विभिन्न पत्रिकाओं और संस्थाओं द्वारा आयोजित चित्र प्रतियोगिताओं में शामिल होने की सलाह देते तो वह फौरन यह कहकर टाल जाती थी कि ÷मेरा लक्ष्य इतना छोटा भी तो नहीं है। मैं क्यों अपनी ऊर्जा इन छोटी-मोटी प्रतियोगिताओं में बर्बाद करूँ? मैं तो भविष्य में अपने बनाए चित्रों की भव्य प्रदर्शनी लगाऊँगी।

इस तरह लगन, नियमित प्रयासों, प्रयोगशीलता और सहज प्राप्त किए जा सकने वाले अनुभवों के अभाव में उसकी कला तराशी न जा सकी। आज भले ही अर्पिता एक सहकारी संस्थान में नौकरी पाकर आर्थिक सामर्थ्य हासिल कर चुकी है, परंतु उसके अंदर छुपे उस कलाकार ने कहीं दम तोड़ दिया है, जो उसे भरपूर कामयाबी, शोहरत और सुकून प्रदान कर सकता था।

अर्पिता का लक्ष्य बेशक ऊँचा था और ऊँचा लक्ष्य रखना साहस और आत्मविश्वास का सूचक है, परंतु इस ऊँचाई पर छलाँग लगाकर तो नहीं पहुँचा जा सकता है। धैर्यपूर्वक, अनुशासित व क्रमबद्ध प्रयासों की लड़ी के माध्यम से ही इसे हासिल किया जा सकता है। ऊँचे लक्ष्य की आड़ में कहीं न कहीं अर्पिता की अकर्मण्यता और टालमटोल की प्रवृत्ति भी छुपी थी।



विद्वान कहते हैं, पानी की छोटी-छोटी बूँदों और रेत के छोटे-छोटे कणों द्वारा ही विशाल सागर का निर्माण होता है। इसी तरह छोटे-छोटे मिनटों, भले ही वे प्रथम दृष्टि में महत्वहीन नजर आते हैं, द्वारा विशाल युगों का निर्माण निरंतर होता रहता है।

परंतु सरल से नजर आने वाले इस कथन की गहराई में बहुतेरे अधीर युवा जाना ही नहीं चाहते और इस तरह उनकी कई अभिरुचियाँ एवं नैसर्गिक क्षमताएँ फलने-फूलने के बजाय दिमाग के किसी कोने में सिमटकर रह जाती हैं।

इसके विपरीत जो लोग अपने लक्ष्य से संबंधित छोटे-छोटे अवसरों को भी बारीकी से पहचानकर समर्पित भाव से अपनी संपूर्ण ऊर्जा, बुद्धि और विवेक उसमें लगा देते हैं, वे अपनी मंजिल तक पहुँचने के लिए छोटी-छोटी सीढ़ियों का निर्माण निरंतर करते जाते हैं। इसी कतार में शामिल कोई न कोई सीढ़ी इनके भाग्योदय की भी वजह बन जाती है।

एक बात हमेशा याद रखिए कि दक्षता, प्रयास, अभ्यास और प्रयोगशीलता का ही परिणाम है। जब आप तयशुदा लक्ष्य से संबद्ध योजना को अमलीजामा पहनाकर प्रयासों की लड़ी बनाते हैं, तब आपका हर प्रयास आपके दामन में अनुभव के कई बेशकीमती मोती छोड़ता जाता है और शनैः शनैः इनका खूबसूरत संयोजन आपके हुनर को निखारकर आपकी शख्सियत में चार चाँद लगा देता है।

इसके विपरीत जब-जब आप अपने आलस्य, टालमटोल या खुद को कमतर आँकते हुए अवसरों की उपेक्षा कर बैठते हैं, तब-तब आप किस्मत की न जाने कितनी कुंजियों से वंचित रह जाते है। सफलता छोटे-छोटे प्रयासों से ही मिलकर बनती है।

इसलिए चौकन्ने होकर अपने लक्ष्य से संबद्ध अवसरों की महीन पदचाप को सुनते रहिए और हर अवसर का मनोयोग से स्वागत कीजिए, क्योंकि छोटे-छोटे प्रयासों की ये लड़ियाँ ही आपका पथ प्रशस्त कर आपको मंजिल तक पहुँचा देंगी।

# भावना से रिश्तों की कद्र करें

रानू के मायके पक्ष के रिश्तेदार वापस दिल्ली जाते हुए उसी के शहर से गुजर रहे थे। चूँकि ट्रेन के आने का समय सुबह 9 बजे था इसलिए रानू ने पहले ही कह दिया, 'नाश्ता लेकर मैं स्टेशन आ जाऊँगी, बाहर का कुछ भी मत लेना। बड़े-छोटे सब मिलाकर 19-20 लोग थे, इसलिए एक दिन पहले ही तैयारी शुरू कर दी। बड़े जतन से उसने सैंडविच, पोहा, पराठे व अंकुरित दाल तैयार की। इसके अलावा फल, मिठाई, बच्चों के लिए चिप्स, बिस्किट और दूध, चाय वगैरह तो रखा ही।

साथ ही वहाँ के मशहूर गिफ्ट आइटम भी सबको बतौर यादगार दिए। अपनी तरफ से उसने बेटी होने के नाते किसी तरह की कोई कमी नहीं रखी। सबके लिए करके उसका मन संतुष्ट था और कहीं न कहीं प्रशंसा के दो बोल सुनने के लिए व्याकुल भी। किंतु प्यार के दो बोल बोलना तो दूर की बात, किसी ने घर पहुँचकर उसे फोन पर धन्यवाद तक नहीं कहा।

बस, टूटे-फूटे शब्दों में बुआ ने यही कहा, तूने नाश्ते का काफी सामान रख दिया था, बेकार ही गया, आइंदा से थोड़ा कम किया कर। हमारे लिए इतना सब करने की जरूरत नहीं है। और तो और, बहुओं ने तो यहाँ तक कह दिया, लगता है दीदी को किसी के लिए कुछ ज्यादा करने की बीमारी-सी है। आज के समय में यह सब तो भई छोड़ देना चाहिए। सबकुछ जान-समझकर रानू को बेहद आश्चर्य हुआ। उसने तो अपना समझकर तन-मन-धन से उनकी अगवानी की थी। अपने सभी फर्ज पूरे किए थे, पर यहाँ तो सबकी सोच ही अलग थी। खुश होकर दिल से प्रशंसा करने की बजाय उलटा उसी में नुक्स निकाल रहे हैं।

खैर! काफी सोच-विचारकर अपने मन को तसल्ली दी कि शायद आज के जमाने का यही दस्तूर है। आधुनिकता व संपन्नाता की चकाचौंध ने रिश्ते-नातों में अपनत्व, प्यार और हार्दिक भावनाओं की कद्र कम कर दी है। यही वजह से अब आपसी संबंध नीरस व बेमानी होता जा रहे हैं। ऐसे ही एक बार मिसेज मलिक के भाई-भाभी रक्षाबंधन पर उनके यहाँ आए तो उन्होंने स्थानीय जगह तो दिखाई ही, एक दिन सलाह-मशविरा कर किराए की गाड़ी से आसपास भी घूमने भेज दिया। जब वे लोग वापस आए तो यह तो कहा नहीं गया कि आपकी वजह से घूमना-फिरना हो गया नहीं तो खुद के भरोसे कहाँ जा पाते। हाँ, यह सुनने को जरूर मिल गया, बेकार ही आपके कहे अनुसार चले गए। सड़क इतनी खराब थी कि हमारी तो कमर ही दर्द करने लगी, बैठे-बैठे थककर परेशान हुए सो अलग इससे अच्छा तो फलाँ जगह चले जाते वगैरह-वगैरह।

मिसेज मलिक को समझ नहीं आ रहा था कि उन्होंने कहाँ क्या गलती कर दी। एक तो 4-5 हजार रुपए खर्च कर इन्हें घूमने भेजा, रास्ते में कोई परेशानी न हो इसलिए खाने-पीने का सामान दे समुचित ध्यान रखा। इसके एवज में प्यार के दो बोल सुनाने की अपेक्षा कुछ भी अनाप-शनाप कहे ही जा रहे हैं। क्या आज वक्त इतना बदलता जा रहा है, जो किसी के द्वारा अच्छा किए जाने का कोई मान ही नहीं रह गया। कुछ न कुछ कमी निकाल ऐसा अहसास करा दिया जाता है कि जो कुछ भी किया, उससे हम पर किसी तरह का अहसान नहीं है, साथ ही दिल को आहत करने वाली बातें कह ऐसा माहौल बना दिया जाता है जिससे करा-धरा सब व्यर्थ हो, उसकी कोई महत्ता, मूल्य न रह जाए।



सच! रानू व मिसेज मलिक की तरह हम में से सभी के मन में यह ख्याल आ ही जाता है, मन यह सोचने को विवश हो ही जाता है क्यूँ अपने ही अपनों की मनःस्थिति, मनोभावों को नहीं जान-समझ पा रहे हैं? क्यूँ उनके किए कार्य की सराहना व मान-सम्मान नहीं कर उन्हीं पर बेवजह का दोषारोपण कर देते हैं? यदि इस पर ध्यान दिया जाए तो इसकी मुख्य वजह हमारी गलतफहमी हो सकती है कि जो अपने लोग हैं उनकी क्या तो तारीफ की जाए अथवा उनके किए सत्कार्य को अपने हावभाव से दर्शाया जाए। हम यह तक मानने लगते हैं कि यदि कर भी दिया तो ठीक ही है, कभी न कभी मौका आने पर हम भी उतना ही कर अहसान चुकता कर देंगे, हिसाब बराबर कर लेंगे।

जबकि असल में तो अपनी सोच व विचारधारा को विस्तृत कर हम सभी को यह मानना व समझना चाहिए कि इतनी व्यस्त दौड़ वाली जिंदगी के रहते यदि कोई परिचित अथवा करीबी रिश्तेदार अमूल्य क्षणों में से समय निकाल कुछ अलग हटकर कर रहा है तो हमारा यह फर्ज व जिम्मेदार बनती है कि सब जान-समझकर उनका दिल से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद कहें। उनके प्रति प्रशंसा के दो शब्द कहते हुए तथा अपनेपन का अहसास दिलाते हुए जीवनपर्यंत रिश्तों की गर्माहट व प्रगाढ़ता को जीवंत बनाए रखने की यथावत कोशिश कर आपसी गठबंधन और भी मजबूत कर लें। याद रहे, हर रिश्ते को प्रेम व स्नेह की थपथपाहट चाहिए, माधुर्य से परिपूर्ण दिल को सुकून देने वाली मीठी वाणी चाहिए। बस! इसी सरल व छोटे से मूलमंत्र को आजमा सबके सामीप्य से इस छोटी-सी जिंदगी को हसीन व मधुर स्मृतियों से पूर्ण बना लें।

## डेविड वार्नर ने सिडनी थंडर के साथ दो, स्मिथ ने सिक्सर्स के साथ तीन साल का किया करार

**एजेंसी**

**सिडनी।** डेविड वार्नर ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टीम सिडनी थंडर के साथ दो और स्टीवन स्मिथ ने सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने रोमांच को समाप्त करने के बाद, वार्नर अपने शानदार करियर में पहली बार पूरे बीबीएल सत्र के लिए उपलब्ध होंगे। पिछले दो वर्षों में, वार्नर ने थंडर के लिए आठ मैच खेले हैं, जिसमें वह मैच भी शामिल है जिसमें वे पिछले साल सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने फ्रैंचाइज़ी द्वारा जारी एक बयान में कहा, डेवी जहाँ भी खेलते हैं, दुनिया भर में, विशेष रूप से भारत में, लोकप्रिय हैं और मुझे पता है कि सिडनी के पश्चिम में दक्षिण एशियाई समुदाय थंडर में उनका समर्थन करेंगे। डेवी में, हमें लगभग 20 वर्षों के टी20 अनुभव के साथ एक विश्व स्तरीय प्रतिभा मिलती है, और अब जब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सेवानिवृत्त हो गए हैं, तो हम फाइनल सहित पूरे टूर्नामेंट के लिए उनके पूर्ण ध्यान और प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं। स्मिथ सिक्सर्स की टीम से जुड़े थे और उन्होंने 2012 में बीबीएल का पहला संस्करण जीता था। हालाँकि, पिछले कुछ वर्षों में, फ्रैंचाइज़ी के लिए उनकी उपस्थिति छिटपुट रही है। इस अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम शतक बनाने वाले पहले पुरुष सिक्सर्स खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड भी है।

## बीडब्ल्यूएफ जापान ओपन: पहले दौर में हारकर बाहर हुई अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़

**योकोहामा।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ यहां जापान ओपन के महिला एकल स्पर्धा के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता को चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त



ताई त्जु यिंग के हाथों 16-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 21-23, 19-21 से हराया।बाद में, आकर्षि कश्यप बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट के अपने शुरुआती दौर के मैच में कोरिया की किम गा यून से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में, सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की जोड़ी के खिलाफ करेगी। हाल ही में समाप्त हुए पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले कोई भी भारतीय शटलर इस इवेंट में नहीं खेल रहे हैं।

## नेशनल सब जूनियर फुटबाल चैंपियनशिप के लिए यूपी टीम का ट्रायल्स 24 अगस्त से

**मुरादाबाद।** जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि बालक वर्ग की नेशनल सब जूनियर फुटबाल चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की सब जूनियर टीम के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल्स के द्वारा किया जाएगा। यह ट्रायल्स 24, 25 व 26 अगस्त को सुबह 7 बजे से आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम के फुटबाल मैदान पर आयोजित होंगे। मोहम्मद नासिर कमाल ने आगे बताया कि बालक वर्ग की नेशनल सब जूनियर फुटबाल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1-1-2011 से 31 12-2012 के बीच होनी चाहिए। खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम या ब्लॉक से जारी मूल जन्म प्रमाणपत्र लेकर पहुंचेंगे, जो जन्म से एक साल के अंदर जारी किया गया हो। उसके साथ फोटो कॉपी को क्लास वन या क्लास टू अधिकारी से प्रमाणित कराएं, अभिभावक आयु प्रमाण के लिए नोटेरियल हलफनामा एवं चार पासपोर्ट साइज फोटो लेकर सीआरएस कन्सेट फार्म को भरकर अपने जिले के सचिव से हस्ताक्षर कराएं। इसके बाद ये सभी दस्तावेज लेकर ट्रायल्स में पहुंचें। इसके अलावा टीडब्ल्यू-3 जांच की एक्स-रे व एमआरआई फिल्म की नवीनतम सीडी मान्यता प्राप्त लैब से कराकर ले जानी होगी।

## बल्लेबाजी बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय रही है: मुख्य कोच चंडिका हथुरूसिंघे

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले, बांग्लादेश के मुख्य कोच चंदिका हथुरूसिंघे ने स्वीकार किया कि उनके टीम की बल्लेबाजी चिंता तका विषय है। दो मैचों की टेस्ट सीरीज 21 अगस्त को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच जेसन गिलेस्पी के लिए पाकिस्तान के टेस्ट कोच के तौर पर पहला काम होगा। दो मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से 3 सितंबर तक कराची में खेला जाएगा। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए हथुरूसिंघे ने कहा कि बांग्लादेश की पिचें परिणाम देने वाली विकेट हैं, जबकि पाकिस्तान की पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हैं। उन्होंने कहा, बल्लेबाजी पिछले कुछ समय से चिंता का विषय रही है, लेकिन एक कारण से नहीं। हम अपने देश में परिणाम देने वाली विकेटों पर खेलते हैं।

# युगांडा ने 2024 विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित की

**एजेंसी**

**कंपाला।** युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) ने 2024 विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की है, जो 27-31 अगस्त को पेरू के लीमा में आयोजित की जाएगी।

चैंपियनशिप में कई ओलंपियन शामिल होंगे जिन्होंने हाल ही में पेरिस 2024 खेलों में भाग लिया था। इनमें ब्रैडली नकोआना और बयांडा वालाज़ा शामिल हैं, जिन्होंने पुरुषों की 4×100 मीटर रिले में दक्षिण अफ्रीका को रजत पदक दिलाने में मदद की, और इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव, जो महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज़ में पाँचवें स्थान पर रहीं। एस्टाडियो एटलेटिको डे ला विडेना में 134 टीमों के 1,700 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।



युगांडा की टीम को हाल ही में पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जैसे कि इथियोपिया की मदीना ईसा (5,000 मीटर) और जमैका की केरिका हिल (100 मीटर बाधा दौड़), दोनों ने 2022 में कैली में विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में स्वर्ण पदक जीता था और वे अपने खिताब का बचाव करने के लिए मैदान में उतरे हैं।

युगांडा की टीम :

जैकब सैंडे (1,500 मीटर), सैमअल सिम्बा चेरोप (1,500 मीटर और 5,000 मीटर), टाइटस मुसुआ (3,000 मीटर), हर्बर्ट किबेट (3,000 मीटर), केनेथ किप्रॉप (5,000 मीटर), होसेया चेमुताई, (3,000 स्टीपलचेज़), केज़िया चेबेट (3,000 मीटर), चैरिटी चेरोप (5,000 मीटर), नैन्सी चेपक्कुरुई, लोइस चेकवेमोई (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), जोशुआ किबेट (कोच)।

## विलारियल ने ब्राजील के गोलकीपर लुईज जूनियर पर खर्च किए 12 मिलियन यूरो

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** विलारियल ने पुर्तगाली क्लब फैमालिकाओ से ब्राजील में जन्मे गोलकीपर लुईज जूनियर को 12 मिलियन यूरो (13.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में अनुबंधित किया है। 23 वर्षीय जूनियर के आने से विलारियल को फ़िलिप जोर्गेनसन की जगह लेने का मौका मिलेगा, जिन्हें उन्होंने गर्मियों की शुरुआत में चेल्सी को बेच दिया था।

कोच मार्सेलिनो गार्सिया टोरल के लिए पहली पसंद बनने के लिए वह एक और नए आगमन, डिएगो कोंडे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। जूनियर, जिसके पास पुर्तगाली पासपोर्ट है, ने जून 2030 के अंत तक के अनुबंध पर सहमति व्यक्त की है और अपने पूर्व क्लब में 140 प्रथम-टीम प्रदर्शनों के बाद स्पेन चले गए हैं, जहां वह हाल के वर्षों में सबसे अधिक पेनल्टी बचाने वाले




गोलकीपर रहे हैं। जब विलारियल ने एटलेटिको मैड्रिड के साथ घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रा खेलकर नए सत्र की शुरुआत की, तो वह स्टेडियम में मौजूद थे।

## अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप: रौनक दहिया ने ग्रीको-रोमन में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रौनक दहिया ने जॉर्डन के अम्मान में चल रही अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ग्रीको-रोमन 110 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भारत का खाता खोला। मौजूदा विश्व नंबर दो खिलाड़ी रौनक ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में तुर्किये के एमुरूल्लाह कैपकन को 6-1 से हराया। इससे पहले, भारतीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में हंगरी के ज़ोल्टन ज़ाको से 0-2 से हार गए थे। दिल्ली के प्रसिद्ध छत्रसाल स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले रौनक ने अपने अंडर-17 विश्व अभियान की



शुरुआत आर्टुर मैनवेलियन पर 8-1 की जीत के साथ की और उसके बाद डेनियल मसलाको पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की।

कांस्य पदक की दौड़ में शामिल अन्य भारतीय पारधी साईनाथ हैं। पारधी 51 किग्रा में रेपेचेज राउंड के ज़रिए कांस्य पदक की दौड़ में हैं, जहाँ उनका सामना संयुक्त राज्य अमेरिका के मुनारेटो डोमिनिक माइकल से होगा। पारधी पहले राउंड में अज़रबैजान के तुशान दशधिमिरोव से 1-5 से हार गए थे और बाद में वे फ़ाइनल में पहुँच गए, जिससे भारतीय खिलाड़ी को कांस्य पदक जीतने का मौक़ा मिला।

## हाकी चैम्पियनशिप : उप्र पुलिस ने नार्दर्न रेलवे को दी मात

**एजेंसी**

**लखनऊ।** लखनऊ हाकी लीग सीनियर चैम्पियनशिप में उप्र पुलिस और नार्दर्न रेलवे के बीच मैच हुआ। शुरू में नार्दर्न रेलवे की टीम हावी रही, लेकिन पहले हाफ के बाद ही उप्र पुलिस की टीम हावी हो गयी और सात-तीन से हरा दिया।

मोहम्मद शाहीद स्टेडियम विजयंत खंड गोमतीनगर में शाम को हुए मैच में दोनों ही टीमों ने शुरू में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही उप्र पुलिस ने पहला गोल दाग दिया, लेकिन तुरंत बाद छठे मिनट में ही नार्दर्न रेलवे ने एक गोलकर बराबरी कर दी। इसके बाद पहले हाफ के ही 13वें मिनट में ही नार्दर्न रेलवे ने दूसरा गोल दागकर बढ़त बना ली। इसके बाद दूसरे हाफ के 23वें मिनट में उप्र पुलिस ने एक गोल कर बराबरी कर ली और 29वें मिनट में पुनः एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद तो तीसरे हाफ में भी उप्र पुलिस दो गोल दागकर काफी आगे निकल गयी। चौथे हाफ में भी उप्र पुलिस ने दो गोल किये।



चौथे हाफ के 59वें मिनट में नार्दर्न रेलवे ने एक गोल किया। अंत में उप्र पुलिस ने मैच को 7-3 हरा दिया।

# थोड़ी और तैयारी के बाद उतरूंगा मैदान पर: ईशांत शर्मा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा मैदान पर वापस आने और यहां नई दिल्ली के प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

पुरानी दिल्ली 6 ईस्ट दिल्ली राइडर्स से भिड़ेगी और बुधवार को वेस्ट दिल्ली लायंस से भिड़ेगी। ईशांत ने आखिरी बार सफेद गेंद वाला मैच आईपीएल 2024 में खेला था लेकिन अब वह डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक है।

ईशांत शर्मा ने एक बयान में कहा,डीपीएल के लिए तैयारी अच्छी रही है। आईपीएल के बाद मुझे अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं




मिला। बस अपनी फ्रेंचाइजी के लिए थोड़ी और तैयारी करूंगा और मैं डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हो जाऊंगा। आप सभी मुझे पुरानी दिल्ली 6 के लिए आने वाले मैच में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे। ईशांत अपने विशाल अनुभव से युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पुरानी दिल्ली 6 के युवा खिलाड़ी ईशांत के साथ रहने का भरपूर आनंद उठा रहे हैं।

ईशांत ने पिछले हफ्ते कहा था, युवा खिलाड़ियों के लिए मेरा संदेश है कि कड़ी मेहनत करते रहें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, यह प्रारूप क्रूर हो सकता है लेकिन अगर अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें और कड़ी मेहनत करें तो आप किसी भी प्रारूप में चमत्कार कर सकते हैं।

पुरानी दिल्ली 6 के टीम के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, ईशांत शर्मा पुरानी दिल्ली 6 में भरपूर अनुभव लेकर आते हैं। उनका मार्गदर्शन हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए अमूल्य है। टीम में उनके जैसे किसी खिलाड़ी के होने से पूरी टीम के लिए सीखने की क्षमता बढ़ती है। वह प्रशिक्षण सत्र में नियमित रहे हैं और हम सभी उनकी गेंदबाजी का इंतजार कर रहे हैं।

**पुरानी दिल्ली 6 की टीम इस प्रकार है:** ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

## तेज गेंदबाजी आसान नहीं, इसमें महारत के लिए अनुशासन बेहद जरूरी: नवदीप सैनी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के लिए 2 टेस्ट, 8 वनडे और 11 टी20 मैच खेल चुके तेज गेंदबाज नवदीप सैनी फिलहाल दिल्ली प्रीमियर लीग में वेस्ट दिल्ली लायंस की ओर से रफ्तार भर रहे हैं। इस तेज गेंदबाज का मानना है बेहतर गेंदबाजी करने के लिए अनुशासन और लगातार अभ्यास बेहद जरूरी है।

अभी तक इस लीग में खेले गए अपने एकमात्र मैच में जीत हासिल करने वाली वेस्ट दिल्ली लायंस अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहती है। वह अपना अगला मुकाबला बुधवार को नई दिल्ली के श्री अरुण जेटली स्टेडियम में पुरानी दिल्ली 6 के साथ खेलेगी।

टीम को लेकर नवदीप सैनी ने कहा, हमारा पहला मैच बहुत अच्छा रहा और सभी चीजें हमारी योजना के अनुसार हुईं। खेल के दौरान सभी खिलाड़ी एक-दूसरे की हौसला आफजाई कर रहे थे। यह हम सभी टीम प्लेयर्स के लिए एक साथ खेलने का पहला मौका था और हमने एकजुट होकर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा, एक टीम के रूप में जब आप पहला मैच जीतते हैं तो यह वास्तव में टीम को आगे बढ़ने में मदद करता है। हमने आज के खेल के लिए बहुत अच्छी तैयारी की है। हमारी रणनीति वही है, जो पहले मैच के दौरान थी और हमने आज के मैच में भी उसका पालन किया है। वेस्ट दिल्ली लायंस टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी नवदीप ने कहा, जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, तब से मैंने हमेशा अपनी फिटनेस का ध्यान रखा है। तेज गेंदबाजी आसान नहीं है, इसमें महारत हासिल करने के लिए आपको दिन-रात कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। यदि आप एक तेज गेंदबाज बनना चाहते हैं तो आपका अनुशासित होना बेहद जरूरी है।

वेस्ट दिल्ली लायंस की टीम: रितिक शौकीन, नवदीप सैनी, देव लाकड़ा, दीपक पुनिया, शिवांक वशिष्ठ, अखिल चौधरी, आयुष डोसेजा, कृष यादव, अनमोल शर्मा, जुगल सैनी, अंकित राजेश कुमार, विवेक यादव, आर्यन दलाल, मसाब आलम, एकांश डोबाल , शिवम गुप्ता, योगेश कुमार, सूर्यकांत चौहान, तिशांतडोनल, अब्राहम अहमद मसूदी।

## तिबलसी महिला ग्रां प्री शतरंज : वैशाली नें लेला से खेला ड्रॉ

**एजेंसी**

**तिबलसी , जॉर्जिया।** फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज के पहले पड़ाव तिबलसी महिला ग्रां प्री शतरंज चैंपियनशिप के चौथे राउंड में भारत की आर वैशाली नें जॉर्जिया की लेला जवाखिश्विली से ड्रॉ खेला , चौंथे मैच में तीसरे बार काले मोहरो से खेल रही वैशाली नें क्यूजीडी एक्स्चेंज वेरिएशन में अनुभवी लेला पर दबाव बनाने की भरपूर कोशिश की पर लगातार मोहरो की अदला बदली के बीच 46 चालों में जब दोनों खिलाड़ियों के पास एक हाथी और दो प्यादे थे दोनों ड्रॉ पर सहमत हो गयी । पहला मैच हारने के बाद वैशाली नें 2 ड्रॉ और एक जीत के साथ 2 अंक बना लिए है । चौंथे राउंड में स्पेन की सारासदात खादेमलसरीह को टूर्नामेंट में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा , उन्हे स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक से हार का सामना करना पड़ा , इस जीत से अलेक्ज़ेंड्रा अब 2.5 अंक बनाकर ग्रीस की स्टावरौला सोलकिदौ और कज़ाकिस्तान की आसूबाएवा बीबिसारा के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रही है जबकि सारासदात आधा अंक बनाकर आखिरी पायदान पर है । चौंथे राउंड के अन्य परिणामों में ग्रीस की स्टावरौला सोलकिदौ नें उक्रेन की मारिया मुज़यचूक से , कज़ाकिस्तान की आसूबाएवा बीबिसारा नें पोलैंड की अलिना कश्लिंस्कया से और जॉर्जिया की नाना दगनिडजे नें उक्रेन की एना मुजयचूक से बाजी ड्रॉ खेली ।

# ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट के दौरान ग्राहम थोर्प को श्रद्धांजलि देगा इंग्लैंड

**एजेंसी**

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाड़ी मैनचेस्टर में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले दिवंगत ग्राहम थोर्प को श्रद्धांजलि देंगे।

4 अगस्त को 55 साल की उम्र में थोर्प ने आत्महत्या कर ली थी, उनकी पत्नी अमांडा ने बताया कि वे गंभीर अवसाद और चिंता से पीड़ित थे। वे इंग्लैंड के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक थे, जिन्होंने 100 मैचों के टेस्ट करियर में 44.66 का औसत बनाया था, और बाद में 2021-22 एशेज दौरे के बाद उस भूमिका को छोड़ने तक इंग्लिश टीम के बल्लेबाजी और सहायक कोच रहे। उन्होंने बल्लेबाजी और सहायक कोच की भूमिका में श्रीलंका श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की अधिकांश टीम के साथ काम किया और जो रूट और बेन स्टोक्स के करियर में विशेष रूप से प्रभावशाली रहे। इंग्लैंड के पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में, स्टोक्स ने टॉस के लिए थोर्प के नाम वाली शर्ट पहनी थी, इससे पहले उन्होंने



खुद पर जान लेने की कोशिश की थी, जिसके कारण वे अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार हो गए थे।

स्टोक्स की जगह कप्तान के रूप में काम कर रहे ओली पोप ने कहा, हम पूरे खेल के दौरान अपनी काली बांह की पट्टियाँ बाँधे रहेंगे और उससे पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इससे चेंजिंग रूम में बहुत से लोगों को ठेस पहुँची है। वे एक महान व्यक्ति थे। मैंने शायद दो या तीन साल उनके निर्देशन में में खेला था। मैं वास्तव में उनका प्रशंसक हूँ। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि उन्होंने मुझसे एक बात कही थी: 'कभी भी अपने द्वारा बनाए जा रहे रनों को अपने व्यक्तित्व से परिभाषित मत होने दो'। जब आप युवा होते हैं तो आप थोड़े ऊबाऊ होते हैं, मुझे यही सुनने की ज़रूरत थी। यह दर्शाता है कि वह कितने लोगों के बीच रहने वाले व्यक्ति थे। चेंजिंग रूम में उन्हें प्यार किया जाता था। उनका जाना सभी के लिए बहुत दुखद क्षति है: देश, उनके परिवार और लड़कों के लिए भी, उनकी कमी खल रही है और हम इस सप्ताह उनका सम्मान करेंगे।

सुबह एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में राष्ट्रगान से पहले टीमें तालियों की गड़गड़ाहट के साथ श्रद्धांजलि के लिए कतार में खड़ी होंगी। स्काई स्पोर्ट्स भी अपने कवरेज में थोर्प को श्रद्धांजलि देगा, उनके कई कमेंटेटर उन्हें लंबे समय से टीम के साथी और करीबी दोस्त के रूप में गिनते हैं। पिछले हफ्ते थोर्प की मौत की जांच की शुरुआत में पता चला कि 4 अगस्त की सुबह सरे के एशर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने के बाद उनकी मौत हो गई थी।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले एक और अभ्यास मैच खेलना चाहते थे धनंजय डी सिल्वा

**एजेंसी**

**कोलंबो।** धनंजय डी सिल्वा ने स्वीकार किया है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी में कम से कम एक और अभ्यास मैच खेलना चाहते थे। यह श्रीलंका का आठ वर्षों में ब्रिटेन का पहला टेस्ट दौरा था। श्रीलंका ने पिछले सप्ताह न्यू रोड पर इंग्लैंड लायंस टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेला था और अपनी पहली पारी में केवल 139 रन बनाकर आउट हो गई थी, टीम को मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

हालाँकि मेहमान टीम ने खेल में बेहतर प्रदर्शन किया और दूसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी की, लेकिन वे मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट में बिना किसी अतिरिक्त अभ्यास के उतरेंगे। धनंजय ने कहा, एशियाई देशों की तुलना में यहाँ की परिस्थितियाँ काफी अलग हैं। हम कुछ मैच खेलना चाहते थे, लेकिन हमें वही मिला।

उन्होंने एक बयान में कहा, हम पूरी ताकत के साथ [वार्म-अप के लिए टीम] नहीं गए। हमने कुछ खिलाड़ियों को आजमाया भी है।




नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास तैयारी थी। यह इस मैच में काम आएगी।

धनंजय, जिन्होंने अब तक अपने नेतृत्व में तीन टेस्ट मैचों में से प्रत्येक में श्रीलंका को जीत दिलाई है, ने माना कि 2018 के बाद से यह श्रीलंका की पहली टेस्ट सीरीज़ है जिसमें दो से अधिक टेस्ट शामिल हैं, जिससे शेड्यूल कड़ा हो सकता है और इसलिए, उनकी टीम संभावित रूप से एक और अभ्यास मैच से वंचित हो सकती है। हालाँकि, कप्तान ने माना कि उनकी टीम अच्छी मानसिक स्थिति में है। उन्होंने कहा, मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। शायद इसलिए क्योंकि हम लंबे समय के बाद तीन मैचों की सीरीज़ खेल रहे हैं; शायद यही कारण है कि एक और अभ्यास मैच शेड्यूल नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा, हमारी मानसिक स्थिति अच्छी है। हां, हम अभ्यास मैच हार गए, लेकिन वह मैच हमारी ट्रेनिंग के लिए है। उसमें हमने वह तैयारी की जो हम चाहते थे। ऐसा लग रहा है कि यह बारिश से प्रभावित मैच होगा। पिछली बार यहां खेले हुए काफी समय हो गया है, लेकिन कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं...वे मेरे साथ अपना अनुभव साझा कर रहे हैं।

## यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में क्रिकेटर मिर्जा दानिश आलम व मोहम्मद शोएब का चयन

**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि जनपद के दो युवा क्रिकेटर मिर्जा दानिश आलम व



मोहम्मद शोएब का यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी नोएडा सुपर किंग्स टीम की ओर से खेलेगें।

एमपीएस क्रिकेट एकेडमी मुरादाबाद के संचालक मिर्जा दानिश आलम काफी समय से क्रिकेट एकेडमी का संचालन कर रहे हैं। वह 30 साल की उम्र के बाद भी वह क्रिकेट में जगह बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वहीं, कुंदरकी के बांहपुर निवासी मोहम्मद शोएब डीपीजीएस एकेडमी में अभ्यास करते हैं। यूपीसीए की ओर से आयोजित इस लीग में शोएब का चयन होने पर डीपीजीएस के डायरेक्टर मंसूर सिद्दीकी, प्रधानाचार्य मुनीरा सिद्दीकी व कोच अनवर ने बधाई दी है।

# समोआ के बल्लेबाज डेरियस विज़सर ने युवराज सिंह का तोड़ा टी20 रिकॉर्ड, एक ही ओवर में बनाए 39 रन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** समोआ के बल्लेबाज डेरियस विज़सर ने दिग्गज भारतीय खिलाड़ी युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टी20 विश्व कप क्वालीफायर में विज़सर ने एक ही ओवर में 39 रन बनाकर खेल के टी20ई प्रारूप में एक ही ओवर में सबसे अधिक रन बनाने का नया रिकॉर्ड बनाया। विज़सर ने युवराज (2007), किरोन पोलार्ड (2021), दीपेंद्र सिंह ऐरी (2024) और निकोलस पूरन (2024) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, इन सभी ने टी20ई प्रारूप में एक ही ओवर में 36 रन बनाए थे। इस प्रक्रिया में, विज़सर खेल के टी20ई प्रारूप में शतक बनाने वाले पहले समोआ क्रिकेटर भी बन गए। विज़सर की 62 गेंदों में 132 रन की पारी की मदद से समोआ ने 2026 विश्व कप क्षेत्रीय क्वालीफायर में वानुअतु पर 10 रन से जीत दर्ज की। 62 गेंदों में 132 रन बनाने वाले



विज़सर 46 रन पर थे, जब वानुअतु के नलिन निपिको 15वां ओवर फेंकने के लिए आए, जिसमें समोआ के बल्लेबाज ने छह गेंदों पर 6 छक्के लगाए, इस दौरान निपिको ने तीन नो बॉल भी फेंकी। निपिको ने ओवर की पांचवीं गेंद डॉट बॉल फेंकी, लेकिन इसके बाद दो नो बॉल आई, जिसमें 28 वर्षीय बल्लेबाज ने दूसरी गेंद पर छक्का लगाया। विज़सर ने 14 छक्कों और पांच चौकों के साथ अपनी पारी का समापन किया। युवराज ने 2007 टी20 विश्व कप मैच में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए, पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के अकिला धनंजय के साथ भी यही व्यवहार किया, ऐरी अप्रैल में यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे बल्लेबाज बने। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक ओवर में 6 छक्के लगाने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स और अमेरिकी बल्लेबाज जसकरन मल्होत्रा के नाम है।

# तमन्ना भाटिया

## के किलर डांस पर फिदा हुए विजय वर्मा, स्त्री 2 की सक्सेस पार्टी में जमकर बजाईं सीटियां





राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बरकरार है. सिर्फ 5 दिनों में ही फिल्म 200 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है. हाल ही में 'स्त्री 2' की सक्सेस पार्टी रखी गई, जिसमें फिल्म की लीड स्टार कास्ट शामिल हुई. वहीं, पार्टी में तमन्ना भाटिया के बॉयफ्रेंड विजय वर्मा ने भी शिरकत की. फिल्म की सक्सेस पार्टी से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना भाटिया के किलर डांस पर विजय वर्मा का रिएक्शन देखने लायक है.वीडियो में देखा जा सकता है कि तमन्ना भाटिया ब्लैक कलर की ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं. वह 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' पर डांस कर रही हैं, तभी पीछे दूर खड़े विजय वर्मा खुद को रोक नहीं पाते हैं और गर्लफ्रेंड तमन्ना के लिए सीटी बजाने लगते हैं. तमन्ना भाटिया डांस करते हुए श्रद्धा को भी डांस फ्लोर पर बुलाती हैं और फिर दोनों गाने पर डांस करते हैं. 'स्त्री 2 'की सक्सेस पार्टी में डायरेक्टर अमर कौशिक, प्रोड्यूसर दिनेश विजान, अभिषेक बनर्जी, राधिका मदान भी शामिल हुए थे.

**देशभर में 200 करोड़ के पार हुई 'स्त्री 2'**

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' ने जॉन अब्राहम की 'वेदा' और अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' से क्लैश के बावजूद हर दिन बंपर कलेक्शन कर रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, स्त्री 2% ने बुधवार (पेड प्रीव्यू) को 8.5 करोड़, गुरुवार 51.8 करोड़, शुक्रवार 31.4 करोड़, शनिवार को 43.85 करोड़, रविवार को 55.9 करोड़ और सोमवार को 38.1 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इस तरह फिल्म अब तक देशभर में 229.55 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है.

**हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी की 5वीं फिल्म है 'स्त्री 2'**

गौरतलब है कि श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री 2' साल 2018 में रिलीज हुई 'स्त्री' का सीक्वल है. पहले पार्ट में भी दोनों सितारों ने ही लीड रोल निभाया था. यह मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 5वीं फिल्म है. इससे पहले फ्रेंचाइजी में 'स्त्री, 'रूही', 'भेड़िया' और 'मुंज्या' जैसी फिल्में बनकर रिलीज हो चुकी हैं, जिन्हें ऑडियंस ने खूब पसंद किया.' स्त्री 2' में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के अलावा पकंज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी जैसे सितारों ने अहम किरदारों को निभाया है.

## निखिल पटेल को नहीं भूला पा रहीं

# दलजीत कौर

## बेटे संग हीलिंग जर्नी पर निकलीं एक्ट्रेस, कमाई के लिए शुरू किया ये काम



टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस दलजीत कौर अक्सर अपनी निजी जिंदगी के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं. पहले शालीन भनोट संग विवादों को लेकर वह खबरों में छाई रहती थीं और अब निखिल पटेल से तलाक के बीच वह चर्चा में बनी रहती हैं. पिछले साल सीरियल 'कुलवधू' फेम एक्ट्रेस दलजीत कौर ने निखिल पटेल संग दूसरी शादी की थी. शादी के डेढ़ साल बाद ही अब दोनों अलग हो चुके हैं.दलजीत ने सोशल मीडिया पर एक्स हस्बैंड निखिल पटेल पर कई आरोप लगाए थे. दोनों का आपसी झगड़ा जग जाहिर हो गया था. कुछ समय पहले ही निखिल पटेल अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए थे जिसके बाद दलजीत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अपना दुख जाहिर किया था.दूसरे पति से धोखा मिलने के बाद दलजीत कौर बुरी तरह टूट गईं और निजी जिंदगी में हुई उथल-पुथल को भुलाने के लिए अब एक्ट्रेस हीलिंग की राह पर निकल पड़ी है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया कि अब वह अपने बेटे जेडन संग हीलिंग के रास्ते पर निकल रही हैं.

**शुरू किया 'माई सोल इन माई सूटकेस'**

दलजीत कौर बेटे जेडन को साथ में लेकर अपना एक नया शो शुरू करने जा रही हैं. उनके नए शो का नाम 'माई सोल इन माई सूटकेस' है.

वह ट्रेवल के जरिए अपनी जिंदगी में मची हलचल और पति से मिले धोखे को भूलना चाहती हैं. उनकी इस जर्नी में उनका बेटा जेडन भी उनके साथ होगा. इस ट्रेवल ब्लॉग के जरिए दलजीत कमाई भी करने वाली हैं. एक्टिंग से दूर इन दिनों सोशल मीडिया ही उनके कमाई का जरिया है.बता दें, जेडन दलजीत कौर और शालीन भनोट के बेटे हैं. पहले पति पर मारपीट के आरोप लगाने के बाद दलजीत को जेडन की कस्टडी मिली थी. शालीन भनोट से तलाक के बाद से ही वो एक सिंगल मदर हैं.

## 3 आदमी, पेट पर गन और किडनैपिंग की कोशिश... इस पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने रो-रोकर सुनाई अपनी दास्तां



ऐ मुश्त-ए-खाक, एहराम-इ-जुनून जैसे पाकिस्तानी ड्रामा से लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस निमरा खान इस वक्त काफी चर्चा में बनी हुई हैं. दरअसल, हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट की थी. इस वीडियो में उन्होंने नम आंखों के साथ कुछ खुलासे किए, जिससे हर कोई शॉक हो गया था.निमरा खान ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने लड़कियों और औरतों की सेफ्टी को लेकर सवाल उठाया है. उन्होंने लोगों से सवाल करते हुए कहा कि क्या आप अपनी मां, बहनों को घर से बाहर अकेले महफूज छोड़ सकते हैं? इस सवाल के वक्त निमरा काफी उदास दिख रही थीं. निमरा ने हाल ही में अपने साथ हुई एक घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें किडनैप करने की कोशिश की थी.

**कराची में हुई थी किडनैपिंग की कोशिश**

उन्होंने बताया कि वह बारिश के मौसम में रमाडा कराची क्रीक होटल के बाहर अकेले खड़े होकर अपनी कार का वेट कर रही थीं, इसी दौरान तीन आदमी आए और उनके पेट पर बंदूक रखकर उन्हें किडनैप करने की कोशिश की. निमरा ने बताया कि जब वह तीनों उनके सामने आकर खड़े हो गए थे तो उन्होंने चीख-चीख कर लोगों को आवाज लगाई, लेकिन कोई भी मदद के लिए नहीं आया. इसके साथ ही उस समय का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि चार गार्ड गेट पर बैठे हुए थे, पर उन लोगों ने भी कोई मदद नहीं की.

**'टैक्स पे करने से अच्छा की चार गार्ड रख लूं'**

निमरा ने कहा कि जब उनकी मदद के लिए कोई भी आगे नहीं आया तो वो खुद बाइक को धक्का मारकर मेन रोड की ओर भाग गईं और चलती गाड़ियों के सामने आ गईं. रास्ते पर एक गाड़ी रुकी, जिसमें एक फैमिली थी उन्होंने निमरा को बचा लिया, जिसके बाद रमाडा की पूरी टीम बाहर आई और उन्हें बचाकर होटल के अंदर ले गए, इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की सरकार पर भी सवाल उठाया, उन्होंने कहा कि मैं कैसे कहूं कि मैं टैक्स पे करती हूं, इससे तो अच्छा होता कि उन पैसों से मैं अपने लिए 4 गार्ड ही रख लेती.

## ब्रेन ट्यूमर के बाद भी नहीं थम रहे थे ताने, क्या राजस्थान की नरेशी मीना बनेंगी इस सीजन की पहली करोड़पति?



सोनी टीवी के क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को अपनी पहली कंटेस्टेंट मिल गई हैं, जो जल्द ही एक करोड़ के सवाल का जवाब देने की कोशिश करेंगी. हम बात कर रहे हैं राजस्थान के नरेशी मीना की. अगर नरेशी मीना एक करोड़ के लिए पूछे गए सवाल का सही जवाब देती हैं तो वो अमिताभ बच्चन के शो के सीजन 16 की पहली करोड़पति बनेंगी. लेकिन अब तक इस बारे में चैनल या कंटेस्टेंट की तरफ से कोई खुलासा नहीं किया गया है. हालांकि इस खास मौके पर टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में नरेशी मीना ने अपने ब्रेन ट्यूमर के बारे में कुछ बड़े खुलासे किए.

साल 2020 को नरेशी मीना की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई जब नरेशी को पता चला कि उन्हें ब्रेन ट्यूमर है. उन्होंने कहा, जब मुझे ब्रेन ट्यूमर के बारे में पता चला तब मुझे लगा कि मेरे साथ ही ये क्यों हो रहा है. लेकिन इस लड़ाई में मेरे परिवार ने मेरा खूब साथ दिया. मैं अपने माता, पिता और भैया के साथ रहती हूं. मेरा ट्यूमर का ऑपरेशन तो हो चुका है. लेकिन आज भी थोड़ा ट्यूमर मेरे ब्रेन में है. दरअसल ये ऑपरेशन इतना मुश्किल था कि अगर डॉक्टर पूरा ट्यूमर निकालते तो मेरी जान को खतरा हो सकता था और इसलिए उन्होंने ज्यादातर ट्यूमर निकाला और उसके बाद मेरी प्रोटोन ट्रीटमेंट करनी शुरू की. अब भी हर दो-तीन महीने में हम चेक करते रहते हैं कि वो ट्यूमर बढ़ा है या उसी साइज में है.

**लोगों ने मारे ताने**

इस दौरान नरेशी ने आगे कहा, मेरे मम्मी पापा ने हमेशा मेरा साथ दिया है. लेकिन मेरा साथ देने के लिए उन्हें समाज से हर समय ताने सुनने को मिले हैं. जब मैं पढ़ रही थी तब मोहल्ले के लोग मेरे माता-पिता से पूछते थे कि वो मुझे ज्यादा क्यों पढ़ा रहे हैं? अब जब मुझे ट्यूमर हुआ तब भी हमारा साथ देने के बजाए हमारे इर्द-गिर्द रहने वाले लोगों ने मेरी मां और पापा को ताने कसे.

वो मेरी मां से कहते थे कि अगर मेरी समय पर शादी हो जाती तो उन्हें मेरी बीमारी के इलाज के लिए किसी से कर्ज लेना नहीं पड़ता या फिर अपने गहने गिरवी नहीं रखने पड़ते, क्योंकि शादी के बाद मैं किसी और का सिरदर्द बन जाती और मेरा इलाज कराना उनकी जिम्मेदारी नहीं होती. लेकिन मेरे माता-पिता ने उनकी बातों को नजरअंदाज किया.

**जोधपुर में रहती हैं नरेशी मीना**

नरेशी मीना राजस्थान के जोधपुर में रहती हैं. अमिताभ बच्चन के साथ उनका एपिसोड 20 अगस्त को ऑन एयर होगा और ये सवाल-जवाब सेशन दो दिन तक चलेगा. 21 अगस्त को नरेशी का सामना एक करोड़ के सवाल से होगा.